रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655

# पायनियर

www.dailypioneer.com रायपुर, बुधवार 23 अक्टूबर 2019 पृष्ठ-12 वर्ष-04, अंक-68 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज़

### सेंसेक्स 334 अंक गिरकर 38964 पर, निफ्टी 73 प्वाइंट नीचे 11588 पर बंद

**मुंबई (एजेंसी)।** शेयर बाजार ने मंगलवार को दिनभर उतार-चढ़ाव के बाद नुकसान के साथ कारोबार खत्म किया। सेंसेक्स 334.54 अंक की गिरावट के साथ 38,963.84 पर बंद हुआ। इंट्रा-डे में 38,924.85 तक गिर गया था। निफ्टी की क्लोजिंग 73.50 प्वाइंट नीचे 11,588.35 पर हुई। कारोबार के दौरान 11,573.65 का निचला स्तर छुआ। सेंसेक्स के 30 में से 15 और निफ्टी के 50 में से 27 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए। एनएसई पर 11 में से 7 सेक्टर इंडेक्स फायदे में रहे। फार्मा इंडेक्स में सबसे ज्यादा 1.9 प्रतिशत तेजी आई।

### भारत की दक्षिण अफ्रीका पर ऐतिहासिक क्लीन स्वीप

**रांची, (वार्ता)।** भारत ने निर्मम अंदाज में दक्षिण अफ्रीका को तीसरे और अंतिम टेस्ट में चौथे ही दिन मंगलवार को सुबह पारी और 202 रन के रिकॉर्ड अंतर से रौंद कर तीन मैचों की सीरीज में 3-0 की ऐतिहासिक क्लीन स्वीप कर ली। भारत की दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ यह पहली क्लीन स्वीप है। दक्षिण अफ्रीका ने कल के आठ विकेट पर 132 रन से आगे खेलना शुरू किया और भारत ने उसके शेष दो विकेट निकलने के लिए मात्र 11 मिनट और 12 गेंद का समय लगाया।

## बाजार.भाव

| | | |
|---|---|---|
| सोना | 39,438 | -63 |
| चांदी | 49,100 | -100 |

## इनसाइड स्टोरी

**हमर कसडोल तिहार : छत्तीसगढ़ी संस्कृति की...**
पेज-04

### प्रधानमंत्री मोदी ने अमित शाह को दी जन्मदिन की शुभकामनाएं

**नयी दिल्ली, (वार्ता)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अध्यक्ष और केंद्रीय गृह मंत्री अमित अनिलचंद्र शाह को मंगलवार को जन्मदिन की शुभकामनायें देते हुए उनके स्वस्थ और दीर्घायु जीवन की कामना की है। श्री शाह का आज 55वां जन्मदिन है। श्री मोदी ने श्री शाह को जन्म दिन की शुभकामनाएं देते हुए कहा, कर्मठ अनुभवी कुशल संगठनकर्ता एवं मंत्रिमंडल में मेरे सहयोगी अमित शाह को जन्म दिन की ढेरों शुभकामनाएं।

### 18 नवंबर से 13 दिसंबर तक संसद का शीत सत्र

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** संसद का अगला सत्र 18 नवंबर से 13 दिसंबर तक होने की संभावना जताई जा रही है। यह आर्टिकल 370 हटने, जम्मू-कश्मीर के दो टुकड़े होकर उनके केंद्रशासित प्रदेश बनने और अयोध्या केस में संभावित फैसले के बाद आहूत होने वाला पहला संसदीय सत्र होगा। तब तक महाराष्ट्र और हरियाणा में नई सरकार भी सत्ता संभाल लेगी। इस पृष्ठभूमि में संसद का शीत सत्र काफी दिलचस्प होने की उम्मीद है। यह पिछले वर्ष के शीत सत्र के मुकाबले थोड़ा पहले होने जा रहा है। पिछली बार शीत सत्र 11 दिसंबर से 8 जनवरी तक चला था।

# भूपेश बघेल के खिलाफ चल रही बड़ी साजिश, शामिल है राजनेता और अफसर

## नहीं संभले तो निपटा कर ही दम लेंगे, सुको में 25 को सुनवाई

**पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर**
www.dailypioneer.com



राजनैतिक गलियारों से लेकर अदालत तक में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को विवादित करार देने को लेकर नौकरशाहों और नेताओ की एक टोली अपने -अपने मोर्चे पर जोर-शोर से जुटी हुई है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की छवि ख़राब करने को लेकर यह टोली लगातार अपने मकसद पर कामयाब भी हो रही है। दरअसल मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के चारो ओर कई ऐसे दागी अफसरों और नेताओ का जमावड़ा है, जो विभिन्न प्रकरणों में सूचनाओं और दस्तावेजों का आदान प्रदान कर उन्हें अस्थिर करने की योजना में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। राज्य के महाधिवक्ता कार्यालय की कार्यप्रणाली की ओर भी सरकार को गौर फरमाना होगा। वरना मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को अदालती मोर्चो पर मुँह की खानी पड़ सकती है।

**अपने भरोसे के अधिकारी ही कर रहे साजिश**

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपनी कार्यप्रणाली में जल्द सुधार नहीं लाया तो दीपावली के बाद से उन पर मुसीबतो का पहाड़ टूट सकता है। यह खबर हवा हवाई नहीं बल्कि क़ानूनी गलियारों से प्राप्त महत्वपूर्ण तथ्यों पर आधारित है। इस खबर पर आगे प्रकाश डाले ,इसके पहले आपको फ्लैश बैक में लिए चलते है। गौर फरमाए 1 फरवरी 2019 की उस महत्वपूर्ण खबर पर जब रायपुर के मेडिकल कॉलेज सभागृह में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मंच से दावा किया था कि लोग बेफिक्र होकर मोबाईल और फोन पर बातचीत करें ,किसी का भी फोन टेप नहीं हो रहा है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने यह भी कहा था कि पूर्ववर्ती बीजेपी सरकार के कार्यकाल में तत्कालीन मुख्य सचिव विवेक ढांढ भी फोन टेपिंग से भयभीत रहते थे। इसलिए वो सामान्य कॉल के बजाए वाट्सअप पर ही बात करना मुनासिब समझते थे। मंच पर मौजूद विवेक ढांढ ने भी सिर हिलाते और हंसते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के इस वक्तव्य पर अपनी हामी भरी थी। यह तस्वीर उस मौके और समारोह की गवाह है। न्यूज़ टुडे छत्तीसगढ़ के पास वो वीडियो क्लिप भी मौजूद है ,जब मुख्यमंत्री भूपेश बघेल समारोह में मौजूद लोगो को भरोसा दिला रहे थे कि उनके फोन टेप करने में उन्हें कोई दिलचस्पी नहीं।

**साजिश का केंद्र दिल्ली**

उधर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का दावा उस समय खोखला साबित हुआ जब छत्तीसगढ़ कैडर के कुख्यात आईपीएस अधिकारी मुकेश गुप्ता की पत्नी और बच्चो ने दिल्ली के मालवीय नगर थाने में शिकायत दर्ज कराई कि उनके फोन टेप हो रहे है। यही नहीं डकैत एडीजी के प्राइवेट ड्राइवर ने भी इसी दौरान अपना मोबाईल इंटरसेप्ट होने और गाडी का पीछा किए जाने की शिकायत दर्ज कराई थी। हाल ही में इस शिकायत के बाद निलंबित एडीजी मुकेश गुप्ता ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर छत्तीसगढ़ सरकार पर आरोप लगाया है कि वो उनकी बेटी और अन्य परिजनों की कॉल रिकॉर्डिंग कर रही है। पूर्ववर्ती बीजेपी सरकार कार्यकाल में कई गंभीर मामलो का आरोपी मुकेश गुप्ता भी यही काम किया करता था। लेकिन अब बारी उसके करीबियों की आई तो वो ऐसा तिलमिलाया कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को घेरने के लिए सुप्रीम कोर्ट में फोन टेपिंग संबधित दस्तावेज लेकर पहुंच गया। सवाल यह उठ रहा है कि यदि फोन टेपिंग की जा रही थी तो आखिर उसका मकसद क्या था ? फोन टेपिंग की जानकारी और उससे संबधित दस्तावेज इस कुख्यात आरोपी के हाथो में कैसे लगे ? जाहिर है ,पुलिस मुख्यालय में ऐसा कोई जिम्मेदार शख्स जरूर मौजूद है जो छत्तीसगढ़ सरकार और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के खिलाफ साजिशो को अंजाम दे रहा है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को इस घटना को गंभीरता से लेना होगा। हालांकि 25 अक्टूबर को सुप्रीम कोर्ट में इस मामले पर होने वाली सुनवाई पर मीडिया की भी निगाहें रहेगी।

**कांग्रेस के कुछ नेता भी साजिश में शामिल**

यह तथ्य भी सामने आया है कि सेक्स सीडी कांड की छत्तीसगढ़ से बाहर सुनवाई किए जाने की सीबीआई की याचिका के पीछे भी कुछ आईपीएस और आईएएस अधिकारियों की लॉबी काफी सक्रिय रही। जानकारी के मुताबिक मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर सुनियोजित निशाना साधने के लिए सुप्रीम कोर्ट में सीबीआई को ऐसी याचिका दायर करने के लिए जानबूझकर रास्ता दिखाया गया।

### भूपेश को संदिग्ध लोगों की जानकारी मगर नहीं कर पा रहे कुछ भी

छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के चुनावी घोषणा पत्र और तत्कालीन रमन सिंह सरकार के खिलाफ आरोप पत्र जारी कर वैधानिक कार्रवाई करने का दावा करने वाले मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के खिलाफ उनके इर्द-गिर्द मंडराने वाली टोली में कई ऐसे दागियों की शिनाख्ती हो रही है जो मुख्यमंत्री को अस्थिर करने की साजिश में सहभागी और संदिग्ध बताए जा रहे है। पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह और उनके पुत्र अभिषेक सिंह के खिलाफ दर्ज एफआईआर पर नो कोरेसिव एक्शन का अदालती फरमान, पूर्व नौकरशाह अमन सिंह और उनकी पत्नी यास्मीन सिंह के खिलाफ चल रही क़ानूनी कार्रवाई पर नो कोरेसिव एक्शन जैसा क़ानूनी ब्रेक ,कुख्यात और निलंबित एडीजी मुकेश गुप्ता और उसकी खासम खास गीता नायर की अवैधानिक गतिविधियों के खिलाफ भी पुख्ता सबूत होने के बावजूद नो कोरेसिव एक्शन, दागियों के खिलाफ गठित एसआईटी पर भी क़ानूनी ब्रेक से साफ़ हो रहा है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल या तो बदलापुर की कार्रवाई कर रहे है या फिर कमजोर क़ानूनी कार्रवाई के चलते खुद-बा -खुद क़ानूनी कटघरे की ओर बढ़ रहे है।

### आरटीआई कार्यकर्ताओं को कौन कर रहा है फंडिंग?

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के खिलाफ एफआईआर में दर्ज मामले के खात्मे को लेकर भी दुर्ग जिला अदालत में पेश प्रतिवेदन को चुनौती देने के लिए कुछ एनजीओ और आरटीआई कार्यकर्ताओ को फंडिंग की जानकारी भी प्राप्त हुई है। बताया जाता है कि दुर्ग जिले की तत्कालीन कलेक्टर आर संगीता के द्वारा गठित एक कमेटी की सिफारिश के आधार पर एसीबी ने कांग्रेस के तत्कालीन अध्यक्ष और पाटन विधान सभा सीट से विधायक व साडा के तत्कालीन सदस्य भूपेश बघेल के खिलाफ अपराधिक प्रकरण दर्ज किया था। एसीबी ने 5 सिंतबर 2019 को दुर्ग न्यायालय में इस मामले को लेकर एडीजे अजित कुमार राजभानु की अदालत में खात्मा प्रतिवेदन पेश किया था। एसीबी ने अदालत मे कहा है कि जाँच में भूपेश बघेल के खिलाफ कोई प्रकरण नहीं बनता। अदालत ने एसीबी के खात्मे प्रकरण को स्वीकार कर लिया है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के खिलाफ सक्रिय लॉबी अब अपीलीय न्यायालय में इस खात्मे प्रकरण को चुनौती देने की तैयारी में है। उन्हें खात्मे प्रकरण की रजिस्टर्ड प्रतिलिपि भी प्राप्त हो चुकी है। खात्मा प्रकरण से जुड़े तमाम दस्तावेजों को दिल्ली के मशहूर वकील को सौपा गया है।



# रो पड़ा ग्रामीण कहा- सरकार अगर चाहती तो 71 मौतें न होती

## राज्यपाल पहुंची सूपेबेड़ा

- राज्यपाल अनुसुईया उइके पहुंची गरियाबंद जिले के सूपेबेड़ा इलाके में
- 2005 से जा चुकी हैं 71 जानें, किडनी की बीमारी से ग्रसित है गांव

**पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर/गरियाबंद**
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ की राज्यपाल अनुसुईया उइके मंगलवार को गरियांबद जिले के सूपेबेड़ा पहुंचीं। इस गांव में लगभग हर परिवार के लोग किडनी की बीमारी से परेशान हैं। राज्यपाल ने लोगों से बात-चीत भी की। गांव के ही त्रिलोचन साहू ने माइक लेकर राज्यपाल से बात की। साहू ने कहा कि सरकार और प्रशासन के लोग तो आ रहे हैं, लेकिन पहले ही सरकार कुछ करती तो अब तक 71 मौतें न होती। इस दर्द को बयां करते वक्त साहू का गला भर आया। त्रिलोचन के पिता समेत, परिवार के 17 लोगों की मौत किडनी की बीमारी से हो चुकी है। इस दौरे में राज्यपाल मौजूदा सरकार के कामों से संतुष्ट नजर आईं। उन्होंने लोगों से शासन की तरफ से दी जा रही स्वास्थ सुविधाओं का लाभ लेने की अपील की।

**खदानों में ब्लास्ट की वजह से दूषित हुआ पानी :** राज्यपाल के दौरे के चलते इस दौरान यहां स्वास्थ मंत्री टीएस सिंहदेव भी मौजूद रहे। राज्यपाल ने लोगों से कहा कि सरकार चिंतित है यहां की पीड़ा से, मैं भी जानने आई हूं. 10 साल से चली आ रही परेशानी अब तक ठीक क्यों नहीं हुई? क्या कारण है कि बीमारी का अंत नहीं हो रहा है?, यहां के पानी में हैवी मैटल है, हीरे के खदान को लेकर ब्लास्टिंग हुई थी. जिसके कारण पानी दूषित हुआ, और भी कारण है जिसका पता लगाना जरूरी है। दिल्ली के एक्सपर्ट को बुलाएं मंत्री जी से मैंने कहा है, मुझे खुशी हुई है कि तेल ➤शेष पेज 8 पर

### प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर नहीं

सरकारी रिकॉर्ड में मौत की संख्या 2005 से 71 है, जबकि ग्रामीणों के मुताबिक अब तक 113 लोगो की मौत यहां किडनी की बीमारी से हो चुकी है। जांच व इलाज के लिए सरकार ने एम्स को जिम्मा दिया है। गांव में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खोलने के अलावा विशेषज्ञ डॉ जयप्रकाश पटेल कि पदस्थापना आदेश जारी किया गया। पर सच्चाई यह है कि पटेल साहब यहां पहुंचते ही नहीं। हाल ही में जांच के लिए आई एम्स की टीम के साथ जरुर दिखे थे। तेल नदी के पानी को लाने की वृहद परियोजना, सुपेबेड़ा पहूंच मार्ग पर तेलनदी के सेनमूड़ा घाट पर अधूरी पड़ी योजना के लिए दोबारा मंजूरी दी गई।

### मतदान का अंतिम प्रतिशत 78.12 प्रतिवेदित

**रायपुर।** चित्रकोट विधानसभा क्षेत्र में उप निर्वाचन के अंतर्गत 21 अक्टूबर को मतदान के पश्चात मतदान का अंतिम प्रतिशत 78.12 प्रतिवेदित हो गया है। इस उप निर्वाचन के अंतर्गत हुए मतदान के पश्चात कहीं पर भी पुनर्मतदान की स्थिति निर्मित नहीं हुई है। भारत निर्वाचन ➤शेष पेज 8 पर

# बैंक कर्मचारियों की हड़ताल

## राजधानी में भी आम उपभोक्ता रहे परेशान

**पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर**
www.dailypioneer.com



पूरे देश में बैंको की हड़ताल है जिसका असर राजधानी रायपुर में भी देखा गया. आज सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की हड़ताल है. बैंको के विलय के विरोध में देशभर के बैंक कर्मचारी हड़ताल पर बैठे हैं. दिवाली के ठीक पहले बैंको की हड़ताल से आम उपभोक्ता परेशान है. पहले से बैंक बंद होने की जानकारी नहीं होने से बैंक के बाहर लोग भटक रहे हैं.

बैंक के बंद होने की वजह से आगामी त्यौहार के मद्देनजर व्यापारियों को भी बैंक संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है. बैंक एम्प्लॉय एसोसिएशन के बैनर तले हड़ताल हो रही है. बैंक के नौ संगठनों में से दो संगठनों ने हड़ताल का समर्थन किया है.

हड़ताली बैंक कर्मचारियों का कहना है कि केंद्र सरकार 10 बैंको को मिलाकर चार बैंक बना रही है उसी का विरोध हम कर रहे है. अगर बैंको का विलय किया तो बड़ी संख्या में कर्मचारी बेरोजगार हो जाएंगे. हम तक प्रदर्शन करते रहेंगे जब तक सरकार बैंको के विलय का फैसला वापस नहीं लेती।

# एनआईए ने झीरम कांड में शामिल नक्सलियों का पोस्टर जारी किया



**पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर/दंतेवाड़ा**
www.dailypioneer.com

करीब पांच साल पहले दरभा के झीरम में नरसंहार करने वाले नक्सली नेताओं का पोस्टर अब गांव-गांव में चस्पा हो रहा है। साथ ही इनकी खबर देने वालों को इनाम की घोषणा भी है। यह इनाम की राशि पकड़वाने पर मिलेगा, ऐसा नही। सूचना मात्र से भी सरकार उन्?हें इनाम देने के साथ नाम- पता गोपनीय रखेगा। इस बात का उल्लेख अंदरूनी गांवों में चस्पा पोस्टर में स्पष्ट है। ज्ञात हो कि 25 मई 1013 में झीरम घाटी में नक?सलियों ने कांग्रेस की रैली पर हमला कर सीनियर व टॉप लीडरों सहित 32 लोगों की हत्या की थी। पांच साल भी इसके मुख्य आरोपी अब भी पुलिस गिरफ्त से बाहर है। अब एनआईए ने झीरम के मोस्ट वांटेड नक्सलियों के पोस्टर अंदरूनी गांव में चस्पा कर संबंधितों को पकड़वाने की ➤शेष पेज 8 पर

# राज्य में 25 तक बारिश के आसार

**पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर**
www.dailypioneer.com

राज्य में आगामी 25 अक्टूबर तक बदली-बारिश की संभावना बरकरार है। हालांकि अरब सागर की ओर बना कम दबाव का क्षेत्र अब कमजोर हो गया है, लेकिन इस लो प्रेशर एरिया के बनने के बाद प्रदेश में भारी मात्रा में नमीयुक्त हवा आ गई है। इसी के चलते अभी भी बदली-बारिश की संभावना बनी हुई है। मौसम विभाग के नियमित रिपोर्ट की माने तो दक्षिण-पश्चिम और इसके आसपास के इलाकों के साथ ही पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी से लेकर उत्तरी तमिलनाडू, दक्षिणी आंध्रप्रदेश के तटीय इलाकों के ऊपर बना कम दबाव का क्षेत्र अब आगे बढ़कर पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी, इसके आसपास के इलाकों के साथ ही दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी की ओर आगे बढ़ गया है। इसी क्षेत्र में ऊपरी हवा में 5.8 किमी की ऊंचाई पर एक चक्रवाती सिस्टम तैयार हो गया है। इस सिस्टम का ➤शेष पेज 8 पर

# चिदंबरम को सीबीआई मामले में जमानत मिली; ईडी मामले में 24 अक्टूबर तक जेल में रहेंगे



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने आईएनएक्स मीडिया केस में मंगलवार को पूर्व वित्त मंत्री और कांग्रेस नेता पी चिदंबरम को जमानत दे दी। हालांकि वे प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दायर मामले में 24 अक्टूबर तक जेल में ही रहेंगे। चिदंबरम ने 15 अक्टूबर को सुप्रीम कोर्ट में जमानत याचिका दायर की थी। इसके बाद सीबीआई ने आईएनएक्स मीडिया केस में ➤शेष पेज 8 पर

**इनमें चीन के 10 करोड़ और अमेरिका के 9.9 करोड़ अमीर**

# रिपोर्ट : दुनिया के टॉप 10 प्ररतिशत अमीरों में पहली बार अमेरिका से ज्यादा चीन के लोग

**एजेंसी ◄ बीजिंग**
www.dailypioneer.com

चीन में अमीरों की संख्या पहली बार अमेरिका से ज्यादा हो गई। फाइनेंशियल सर्विसेज कंपनी क्रेडिट सुइस की जारी रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया के टॉप 10 प्रतिशत अमीरों में चीन के लोगों की संख्या 10 करोड़ और अमेरिकियों की 9.9 करोड़ है।

### दुनिया के 40 प्रतिशत लखपति अमेरिकी

रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका लखपतियों की संख्या के मामले में अब भी आगे है। वहां 1.86 करोड़ लखपति हैं। यह दुनियाभर के लखपतियों का 40 है। चीन में ऐसे लोगों की संख्या 44 लाख है। अमेरिका में लखपतियों की संख्या में इजाफा भी तेजी से हो रहा है। ब्याज दरें कम होने और टैक्स घटने की वजह से अमेरिका के लोगों की संपत्ति बढ़ रही है। क्रेडिट सुइस ने बताया कि चाइनीज की तुलना में औसत अमेरिकी ज्यादा अमीर हैं। अमेरिका में प्रति युवा संपत्ति 4 लाख 32 हजार 365 डॉलर, चीन में 58 हजार 544 डॉलर है। लेकिन इस मामले में चीन यूरोप के मुकाबले तेज रफ्तार से बढ़ रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि चीन में व्यापारिक स्थितियां और कर्ज का स्तर चिंताजनक है, लेकिन आने वाले सालों के लिए सकारात्मक संकेत हैं।

### भारत में घरेलू संपत्ति दोगुनी हुई : रिपोर्ट

अर्थव्यवस्था में सुस्ती के बीच भी भारत में बीते एक साल में घरेलू संपत्ति दोगुनी हो गई है। जबकि आर्थिक विकास दर पांच साल के निचले स्तर 5.8 पर है। क्रेडिट सुइस के मुताबिक 2019 में हाउसहोल्ड संपत्ति 12.6 ट्रिलियन डॉलर हो गई। जबकि इससे पहले वर्ष 2018 में घरेलू संपत्ति 5.972 ट्रिलियन थी। रिपोर्ट में कहा गया है कि देश में 2000 और 2019 के बीच घरेलू संपत्ति में चार गुना बढ़ोतरी हुई है। अनुमान के मुताबिक अगले पांच साल में संपत्ति में 4.4 ट्रिलियन डॉलर का और इजाफा होगा। रिपोर्ट ऐसे वक्त में आई है जब अर्थव्यवस्था को संभालने के लिए सरकार बड़े पैमाने पर सुधार कर रही है। हालांकि रिपोर्ट में घरेलू संपत्ति दोगुनी होने का कोई कारण नहीं बताया गया है। रिपोर्ट में फाइनेंसियल इन्वेस्टमेंट, प्रॉपर्टी, सोना आदि को शामिल कर घरेलू संपत्ति की गणना की गई है। प्रति व्यक्ति भारतीय पर 14,569 डॉलर का कर्ज है। इस साल कर्ज की राशि 120 अरब डॉलर बढ़ गई है। इसमें 11.5 प्रतिशत ज्यादा वृद्धि हुई है। फाइनेंसियल असेट्स में 1.4 प्रतिशत और नॉन फाइनेसिंयल में 6.9 प्रतिशत का इजाफा हुआ है।

# बाजार हो रहे गुलजार, सराफा, ऑटोमोबाइल और प्रॉपर्टी की खरीददारी में उमड़ी भीड़



पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

दीपावली का त्यौहार पूरे देश में धूम-धाम से मनाया जाता है। लोग दीपावली के पहले खरीददारी में जुट जाते हैं।

इस बार धनतेरस के पहले पुष्य नक्षत्र के पहले दिन राजधानी रायपुर में बाजार पूरी तरह सजे नजर आए। लोगों की भीड़ देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि इस बार कारोबारी आसमान छूने वाली है। इस दिवाली पर खरीदी के शुभ मुहूर्त बन रहे हैं, खरीददारी का महामुहूर्त पुष्य नक्षत्र दो दिन रहेगा। यह मुहूर्त 21 अक्टूबर से प्रारंभ होकर मंगलवार तक रहेगा।

पहले ही दिन लोगों ने जमकर खरीददारी की है। सराफा में करोड़ों रुपये की खरीदारी हुई है। वहीं इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रानिक्स बाजार में भी ग्राहकों की भीड़ उमड़ती दिख रही है। एक अनुमान के मुताबिक केवल सराफा में 15 करोड़ रुपये से ज्यादा का करोबारका अनुमान है।

वाहनों की खरीदी-बिक्री का ग्राफ भी पुष्य नक्षत्र के पहले दिन सामान्य दिनों से अलग सबसे ऊपर रहा है। सोना, चांदी, बर्तन और कपड़े जैसी



जरुरी चीजों को खरीदने के लिए शहर के गोलबाजार, सदर बाजार, पंडरी मार्केट में दुकानों पर जमकर भीड़ देखी जा सकती है। घरों की सजावट के लिए दिए, मोमबत्ती, लाइट और पटाखे भी लोग खरीद रहे हैं। बाजार में भीड़ के चलते शाम को पैर रखने की जगह भी नहीं मिल रही है।चेम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष जितेंद्र बरलोटा ने कहा कि बाजार में जबरदस्त रौनक दिख रही है व्यापारियों में भी खुशी की लहर है। प्रदेश सरकार ने किसानों को बड़ी राहत दी है। कर्जमाफी और बोनस के माध्यम से उसका असर बाजार में दिख है।

### सोने-चांदी की खरीदी में जबरदस्त उछाल रहा

ग्रामीण इलाकों में ऑटोमोबाइल और सोने-चांदी की खरीदी में जबरदस्त उछाल है। खासकर सरकार ने छोटे प्लाटों में रजिस्ट्री की सुविधा जो दी है इस का असर शहर के बाजारों में देखने को मिल रहा है। मंदी का असर छतीसगढ़ में नही है इस दीपावली पर बाजार अच्छा होगा ऐसी हमें उम्मीद है। सिंघानियां बिल्डकॉन से सुबोध सिंघानिया ने बताया कि इस दिवाली प्रॉपर्टी खरीदी में भी जबरदस्त उछाल देखने को मिल रहा है। सभी अलग अलग तरीके से दीपावली में ऑफर भी निकाल रहे हैं। जिसका सीधा फायदा आम लोगों को होगा। सिंगानियां बिल्डक्रॉम अपनी स्कीम के तहत जीएसटी फ्री, साथ ही बने हुए मकानों में फर्नीचर फ्री सहित दीपावली में कई ऑफर दे रहे हैं। अशोक कांकरिया, ज्वेलर्स से अंकित कांकरिया ने बताया कि इस दिवाली लाइट वेट ज्वेलरी की भारी डिमांड है। सराफा बाजार में भी लोगों की भारी भीड़ है। लोगों को नए नए वेरायटी देने की कोशिश की जा रही है।

# महात्मा गांधी के विचार हमारे जीवन के संस्कार : मंत्री भगत

## संस्कृति मंत्री ने हिन्दी साहित्य और गांधीवाद पर आयोजित



पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत ने आज यहां पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के प्रेक्षागृह में हिन्दी साहित्य और गांधीवाद पर आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने छत्तीसगढ़ मित्र पत्रिका के गांधी विशेषांक का विमोचन किया। राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन विश्वविद्यालय के साहित्य एवं भाषा अध्ययन शाला द्वारा 22 से 24 अक्टूबर तक किया जा रहा है। प्रेक्षागृह परिसर में गांधी जी के छायाचित्रों पर आधारित प्रदर्शनी भी लगाई गई है। संगोष्ठी में महात्मा गांधी के विचारों पर आधारित शोध पत्र एवं लेखों का वाचन किया जाएगा। संगोष्ठी में भारत के विभिन्न स्थानों से आए शिक्षाविदों और विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान दिया जाएगा।

इस मौके पर संस्कृति मंत्री श्री भगत ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा गांधी जी की 150वीं जयंती पर 2 अक्टूबर को विधानसभा में विशेष सत्र का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी के विचार हमारे जीवन का संस्कार है। गांधी जी ने हमें सत्य, अहिंसा की सीख दी है।

गांधी जी के विचार आज भी हमारे आसपास है। गांधी जी के विचार पहले भी प्रासंगिक थे, आज भी है और कल भी रहेंगे। उन्होंने कहा कि गांधी जी समाज सुधारक, लेखक और विचारक थे। गांधी विचारधारा को भारत सहित विश्व के कई देशों ने आत्मसात किया है। गांधी जी ने अहिंसा परमो धर्म का उपदेश दिया है। गांधी जी ने राष्ट्रीय आंदोलन को एक सूत्र में बांधने के लिए एक भाषा का प्रयोग किया और वह भाषा हिन्दी है। वे देश के काने-कोने में गए और वहां के खान-पान, रीती-रिवाज, वेश-भूषा, धर्म, कुरीतियों आदि का सूक्ष्म रूप से अवलोकन किया। भगत ने हिन्दी साहित्य और गांधीवाद पर संगोष्ठी आयोजन के लिए आयोजकों को बधाई और शुभकामनाएं दी। संगोष्ठी में पंडित रविशंकर विश्वविद्यालय के कुलपति के.सी. वर्मा ने कहा कि गांधी जी के विचार सत्य, अहिंसा और सहिष्णुता को बढ़ावा देते है। हिन्दी भाषा ही लोगों को एक-दूसरे से जोड़ सकती है। हमारे विश्वविद्यालय द्वारा गांधी के विचारों पर आधारित कई कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके है। उन्होंने बताया कि पंडित रविशंकर विश्वविद्यालय द्वारा गांधी जी पर आधारित 17 पीएचडी प्रदान की गई है। आलोचक राजेन्द्र मिश्र ने कहा कि गांधी के जीवन में तुलसीदास जी की रचना का प्रभाव रहा है। दिल्ली विश्वविद्यालय के पी. मोहन ने कहा कि गांधी ने ग्राम सुराज की बात कही थी। हमारी परम्परा लगभग 10 हजार साल पुरानी है और इस परम्परा के रक्षक यहां के आदिवासी है। संगोष्ठी में हिन्दी साहित्य एवं भाषा अध्ययन शाला के प्रोफेसर शैल वर्मा, प्रोफेसर मधुलता, प्रोफेसर गिरीश पाण्डेय, इतिहासविद रमेन्द्रनाथ मिश्र, साहित्यकार सुधीर शर्मा सहित बड़ी संख्या में साहित्यकार, साहित्य के प्रेमी, प्राध्यापक और छात्र-छात्राएं मौजूद थीं।



### एसके पाटील को उल्लेखनीय योगदान के लिए मिला हंसा अवार्ड

**रायपुर।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर के कुलपति डॉ एसके पाटील को आस्था फाउंडेशन, मेरठ उत्तरप्रदेश द्वारा प्रतिष्ठित हंसा अवार्ड.2019 से सम्मानित किया गया है। राष्ट्रीय कृषि अनुसंधान प्रबंध अकादमी (नार्म) हैदराबाद में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला के अवसर पर नार्म, हैदराबाद के निदेशक डॉ. सीएच श्रीनिवास राव द्वारा कुलपति डॉपाटील को सम्मानित किया गया। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ एस के पाटील का कृषि शिक्षा, कृषि अनुसंधान एवं विस्तार के क्षेत्र में अद्वितीय योगदान रहा है। उन्होंने छत्तीसगढ़ के आमजनों को कृषि शिक्षा उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

# इस दिवाली गोबर के दीयों से रोशन करें अपना घर

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

पर्यावरण से लेकर स्वास्थ्य के लिए भी उपयोगी माने जाने वाले गाय के गोबर से तैयार किए गए दीयों की मांग अब बढ़ती जा रही है। इस दिवाली पर घरों को रोशन करने के लिए लोग गाय के गोबर से बने दीयों की खरीददारी कर रहे हैं। बाजार में गोबर के दीये लाल, पीला हरा एवं सुनहरे सहित आकर्षक रंगों में उपलब्ध है। बनचरोदा, नवागांवला, चंदखुरी,पथरी।

ओटगन गांव के गोठानों में अनेक स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा गोबर से बनाए गए दीये और छत्तीसगढ़ की पारंपरिक देशी मिठाईयां ग्राहकों के लिए दफ्तर में भी उपलब्ध हैं। यहां से भी लोग



दीये और मिठाईयां खरीद सकते हैं।खास बात ये है कि इस बार दीपावली पर मुख्यमंत्री निवास इन्ही गोबर के दीयों से रोशन होगा। राजधानी रायपुर में गोबर के दीयों का क्रेज भी तेजी से बढ़ रहा है जैसे ही लोगों को गोबर के दीयों के बारे में जानकारी मिल रही है। वैसे ही लोग इसके महत्व को समझते हुए दीयों को खरीद रहे हैं।

### देशी मिठाईयां

बता दें कि इस बार दीपावली के लिए जिला प्रशासन रायपुर द्वारा बनचरोदा, नवागांवला, चंदखुरी, पथरी,ओटगन गांव के गोठानों में अनेक स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा गोबर से दीये और छत्तीसगढ़ की पारंपरिक देशी मिठाईयां बनाई जा रही हैं इन दीयों को बेचने के लिए विभिन्न स्थानों पर व्यवस्था की गई है। रायपुर शहर में तेलीबांधा तालाब (मरीन ड्राईव), कलेक्टोरेट, नालन्दा परिसर, मेग्नेटो माल, सिटी सेंटर मॉल, अम्बुजा मॉल, शिल्प सरोवर और रेल्वे स्टेशन में गोबर के बने दीए विक्रय के लिए उपलब्ध हैं।

## मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना, बस्तियों तक पहुंचने लगी स्वास्थ्य सुविधाएं

**रायपुर।** मुख्यमंत्री शहरी स्लम योजना के अंतर्गत नगर पालिक निगम रायपुर के स्लम क्षेत्रों में स्वास्थ्य की सुविधाएं अब बस्ती-बस्ती पहुंचने लगी हैं। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के अभिनव पहल का लाभ दैनिक कामगारों, श्रमिकों के साथ साथ रहवासियों को बिना खर्च किये स्वास्थ्य लाभ घर के समीप ले रहे हैं।

2 अक्टूबर मुख्यमंत्री शहरी स्लम योजना का शुभारंभ किया गया था। योजना के अंतर्गत अभी तक रायपुर शहरी क्षेत्र में 70 शिवरों को आयोजन किया गया है और 3096 महिलाओं



तथा 2158 पुरूषों सहित कुल 5254 नागरिकों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा चुकी है।

स्वास्थ्य योजना का लाभ लेने में महिलाएं भी उत्साहित हैं। शिविर के दौरान 1209 महिलाओं की रक्त अल्पता की जांच भी की गई है। कुल रक्त जांच में 438 मरीज उच्च रक्त चाप के मिले उनका उपचार किया जा रहा है। शिविर में मधुमेह, उच्च रक्त चाप, कुपोषण दूर करने और आयरन की कमी दूर करने के लिये स्वस्थ्य जीवन शैली को बेहतर बनाने तथा सुपोषण भोजन को बढ़ावा देने पर जोर दिया जा रहा है। शिविर के अंतर्गत उच्च संस्थाओं के माध्यम से 113 मरीजों को स्वास्थ्य सेवाएं भी दी गई है। 142 नेत्र विकार के मरीजों की जांच कर उपचार किया गया। मोतियाबंद के मरीजों को उच्च संस्था में रिफर किया गया। मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य के साथ ही चल नोनी खून जांच कराबों को भी प्राथमिकता से इन शिविर में आयोजित किया जा रहा है।

### विभिन्न मांगों को लेकर बैंक एम्प्लाइज एसोसिएशन ने कामकाज ठप्प किया

**रायपुर।** अखिल भारतीय बैंक एम्प्लाइज फेडरेशन के आव्हान पर आज सरकारी क्षेत्र के बैंकों ने बैंकों का निजीकरण विलय एवं अन्य मुद्दों को लेकर राष्ट्रव्यापी कामकाज ठप्प किया। फेडरेशन के पदाधिकारी डीके मुखर्जी ने जानकारी देते हुए बताया कि दशकों पहले 1971 में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्रीमती इंदिरा गांधी ने बैंकों के निजीकरण के चलते देशवासियों को हो रही अनेक प्रकार की परेशानियों के मद्देनजर शासकीय करण किया था।

### निधन

**तारा देवी दर्डा**

**रायपुर।** स्वर्गीय खुशालचंद दर्डा की धर्मपत्नी तारा देवी दर्डा का 91 वर्ष की उम्र में पुलगांव में निधन हो गया। वे प्रफुल्लकुमार, निर्मल, प्रदीप दर्डा और चंद्रकांता बरलोटा, आशा कोचर, उमा कटारिया और सुशीला कोचेटा की माता थी।

## विस अध्यक्ष डॉ महंत ने श्रीमंत झा को दी भविष्य की शुभकामनाएं

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ भिलाई के श्रीमंत झा ने स्विट्जरलैंड में 80 किग्रा वर्ग में स्विस पैरा-आर्मराइटिंग चैम्पियनशिप 2019 में सिल्वर मेडल हासिल किया है वे जर्मनी के सेमीफाइनल में मन हाओ ट्रान को हराया है। छत्तीसगढ विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत से मुलाकात कर श्रीमंत झा ने आगामी रोमानिया यूरोप में होने वाली पैरा-आर्मराइटिंग विश्व चैम्पियनशिप के लिए आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर डॉ चरणदास महंत ने 15 अंतर्राष्ट्रीय पदक जीत कर प्रदेश को गौरांवित करने श्रीमंत झा को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी है।



## 'द स्टार्टअप लीग-2019' का स्थान बदला, श्री रावतपुरा सरकार इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी नवा रायपुर में 24 को आयोजन

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

श्री रावतपुरा सरकार इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी नवा रायपुर में 24 अक्टूबर को द स्टार्टअप लीग-2019 का आयोजन होने जा रहा है। पहले ये आयोजन श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी धनेली में होना था, लेकिन किन्हीं वजहों से कार्यक्रम का स्थान परिवर्तन किया गया है। द स्टार्टअप लीग 2019 में शामिल होने वाले सभी स्टूडेंट्स को एसआरआईटी नवा रायपुर पहुंचकर कार्यक्रम में शामिल होना होगा।

द स्टार्टअप लीग 2019 का आयोजन मिलियनमाइंड्स संस्था के सहयोग से श्री रावतपुर सरकार ग्रुप ऑफइंस्टीट्यूशंस की ओर से किया जा रहा है। जिसमें प्रदेश भर के किसी भी कॉलेज, यूनिवर्सिटी के



विद्यार्थी निःशुल्क शामिल हो सकते हैं। स्टार्टअप लीग में शामिल होने के लिए छात्रों को www.bit.ly/TSL-re 2019 पर जाकर रजिस्ट्रेशन कराना होगा। द स्टार्टअप लीग-2019 में शामिल होने वाले युवाओं को एक सर्टिफिक्रेट प्रदान किया जाएगा। 10 बेस्ट आइडियाज देने वाले छत्तीसगढ़ के 10 युवाओं को मंच से अपने विचार रखने का मौका दिया जाएगा। मिलियनमाइंड्स के चिराग शर्मा के मुताबिक स्टूडेंट्स अपने इनोवेटिव आइडियाज को द स्टार्टअप लीग-2019 के दौरान शेयर कर सकते हैं। बेहतरीन स्टार्टअप आइडियाज को जजों का एक पैनल सलेक्ट करेगा। सलेक्ट किए गए आइडियाज को ऑन द स्पॉट फंड की सुविधा मुहैया कराई जाएगी।

ताकि आंत्रप्रेन्योर बनने की चाहत रखने वाला युवा मौके पर ही अपने स्टार्टअप की नींव रख सके। उन्होंने कहा कि अच्छा आइडिया होने के बावजूद फंड की कमी होने के चलते कुछ लोग आंत्रप्रेन्योरशिप की तरफ कदम नहीं बढ़ाते हैं। ऐसे प्रतिभाशाली युवाओं की मौके पर ही आर्थिक मदद की जाएगी और उनको सफल एंटरप्रेन्योर बनाने में सहयोग किया जाएगा।

## दीपावली पर मुस्कान साड़ी सेल में नया स्टॉक



पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

जयस्तंभ चौक, गॉस मेमोरियल हॉल के पीछे स्थित होटल पूनम में आयोजित मुस्कान साड़ी सेल में दीपावली त्योहार को देखते हुए नये स्टॉक, नयी वेरायटी व किफ़ायती दाम में साड़ियां व रेडिमेड गारमेन्ट्स उपलब्ध है. यहां 500 से 800 रु.तक वाली कॉटन, बंगाली,ताँत कॉटन, पटोला, कॉटन सुपरनेट कोटा, डारिया, ताँत हैंडलूम साडियां मात्र 100, 150 रु में एंव 350 से 550 रु. तक वाली जार्जेट साड़ी, शिफ ॅान साड़ी, पूनम साड़ी सिन्थेटिक साड़ी, रसगुल्ला साड़ी मात्र 100 रु में तथा 1200 से 2000 रू. वाली कोसा सिल्क साड़ी, फैंसी सिल्क साड़ी जैसी साड़ियां मात्र 250 रु., 350 रु., 750 रु. में एंव 700 से 1200 रु.वाली फैंसी पार्टीवेयर फुलवर्क साड़ी मात्र 250 एंव 550 रु. में उपलब्ध है। सेल को बढ़िया रिस्पांस मिल रहा है।

## ई-सिगरेट प्रतिबंध विधेयक के मामले में मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

एसोसिएशन ने पत्र में इस तथ्य की ओर मुख्यमंत्री का ध्यान आकृष्ट किया गया है कि भारत सरकार ने एक अध्यादेश के माध्यम से पारंपरिक सिगरेट के लिए एक सुरक्षित विकल्प पर प्रतिबंध लगाया जा रहा है। यह एक ऐसा विकल्प है जो छत्तीसगढ़ में सिगरेट पीने वाले 14 लाख लोगों को उपलब्ध कराया जाना चाहिए। ऐसोसिएशन ने छत्तीसगढ़ सरकार से आग्रह किया है कि वह नागरिकों के हितों में काम करते हुए केन्द्र सरकार से कहे कि राज्य के स्वास्थ्य विभाग को पारम्परिक सिगरेट के उभरते हुए विकल्प ई सिगरेट का मूल्यांकन करने के लिए स्वतंत्र अध्ययन करने की अनुमति प्रदान करे जिसे 70 से अधिक देशों ने प्रतिबंधित करने के बजाय उसका नियमन किया है। भारत में ई-सिगरेट पर प्रतिबंध लगाने के लिए एक अध्यादेश लाने के केन्द्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के हालिया कदम के मद्देनजर, भारत में ईएनडीएस के कारोबारी प्रतिनिधियों के स्वैच्छिक संगठन ट्रेंड्स ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर उनसे इस बात का मूल्यांकन करने का अनुरोध किया है। कि वह खुद देखें कि राज्य के नागरिक के सर्वोत्तम हित में क्या है। ट्रेंड्स इलेक्ट्रॉनिक निकोटीन डिलीवरी सिस्टम उपकरणों के आयातकों, वितरको और विक्रेताओं का एक समूह है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को लिखे अपने पत्र में, ट्रेंड्स ने इस बात को रेखांकित किया है।

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के सचिव महावर ने किया स्टॉलों का अवलोकन

# इंडिया गेट में आयोजित : राष्ट्रीय सरस मेले में लोगों को लुभा रहे हैं छत्तीसगढ़ के हस्तशिल्प और हथकरघा उत्पाद

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

नई दिल्ली में इंडिया गेट पर आयोजित राष्ट्रीय सरस मेले में छत्तीसगढ़ के हस्तशिल्प और हथकरघा उत्पाद लोगों को लुभा रहे हैं। वहां छत्तीसगढ़ी व्यंजनों और मसालों के भी स्टॉल लगाए गए हैं। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के सचिव टी.सी. महावर ने 21 अक्टूबर को वहां प्रदेश के आठ स्टॉलों का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने हस्तशिल्पियों और कारीगरों से बात कर इन उत्पादों की बिक्री एवं लोगों की प्रतिक्रियाओं की जानकारी ली।



नई दिल्ली में 10 अक्टूबर से शुरू राष्ट्रीय सरस मेला 23 अक्टूबर तक चलेगा। वहां देश के सभी राज्यों के स्टॉल लगे हुए हैं। इसका आयोजन राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा किया गया है। प्रदेश के बिहान स्वसहायता समूह द्वारा यहां छत्तीसगढ़ी व्यंजनों की बिक्री की जा रही है, जिन्हें मेला देखने आने वाले और खरीदार काफी पसंद कर रहे हैं। यहां कोरिया जिले के किसानों द्वारा उत्पादित विभिन्न प्रकार के मसाले भी बेचे जा रहे हैं। सरस मेले में बेल मेटल, लौह शिल्प, टेराकोटा और काष्ठ शिल्प उत्पादों के साथ ही हथकरघा से बने वस्त्र प्रदर्शन-सह-विक्रय के लिए रखे गए हैं।

## वॉल्मार्ट सीईओ द्वारा पीएम को भेजे पत्र के जवाब में कैट ने भी भेजा पत्र

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंड़िया ट्रेड़र्स (कैट) के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अमर परवानी, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष मगेलाल मालू, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, प्रदेश महामंत्री जितेंद्र दोशी, प्रदेश कार्यकारी महामंत्री परमानंद जैन, प्रदेश कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल, प्रदेश एवं प्रदेश प्रवक्ता राजकुमार राठी ने बताया कि वॉलमार्ट के सीईओ द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भारत में स्थिर कारोबारी वातावरण बनाने के पत्र लिखने के एक दिन बाद आज कॉन्फ़ेडरेशन ऑफ़ ऑल इंडिया ट्रेडर्ज़ (कैट) ने प्रधान मंत्री मोदी को भेजे गए एक पत्र में वॉलमार्ट के सीईओ पर भारी हमला करते करते हुए कहा की यह पत्र एक रणनीति के रूप में भारत के आंतरिक मामलों और नीति निर्माण में हस्तक्षेप या मध्यस्थता करने की अनैतिक कोशिश है जिसकी कड़ी निंदा की जानी चाहिए ।कैट के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अमर पारवानी ने प्रधानमंत्री मोदी को भेजे पत्र में कहा कि देश के व्यापारियों का दृढ़ विश्वास है कि सरकार की आर्थिक नींव या नीति संरचना में कोई अस्थिरता नहीं है।

क्विक न्यूज

### विधायक,नागरिकों ने पुलिस स्मृति दिवस पर शहीदों को दी श्रद्धांजलि



**कांकेर।** पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर कांकेर विधानसभा क्षेत्र के विधायक शिशुपाल शोरी ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर में प्रातः 9 बजे शहीदों को अमर जवान स्मारक पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि दी। शहीदों के सम्मान में पुलिस महानिरीक्षक कांकेर टीआर पैकरा द्वारा शहीद हुए 292 पुलिस कर्मियों के नामावली का वाचन किया गया। वियर पार्टी द्वारा ससम्मान सूची का स्मारक में संस्थापन एवं शहीदों को सलामी दी गई। पुलिस स्मृति दिवस के

### राज्य शासन ने सभी पंचायत में 14वें वित्त की राशि आहरण लगाई रोक



**कांकेर।** जनपद पंचायत कांकेर में बीते माह पूर्व राज्य शासन द्वारा पत्र प्रेषित कर जिला पंचायत जनपद पंचायत काँकेर के अंतर्गत आने वाले 61 ग्राम पंचायत में 14 वें वित्त की जारी किया गया राशि को बिना उच्चअधिकारी के निर्देश के पंचायत की राशि को आहरण नही करनें का आदेश दिया गया था । लेकिन शासन प्रशासन के निर्देश को धता बताकर कुछ पंचायत के सचिव ने चालकी दिखाकर पंचायत में जारी राशि का आहरण कर लिया गया है।

### दीपावली अवकाश के चलते बस व ट्रेनों में बढ़ी भीड़

**जगदलपुर।** दीपावली का अवकाश मनाने कर्मचारी अपने-अपने गृहग्राम की ओर रवाना हो रहे हैं। स्कूलों में दीपावली अवकाश शुरू हो गया है। इसके बाद से शिक्षक-शिक्षिकाएं व छात्र-छात्राएं अपने-अपने गृहग्राम की ओर रवाना हो रहे हैं। जिसके चलते इन दिनों बस व यात्री ट्रेनों में यात्रियों की काफी भीड़ है। बताया जाता है कि बसों में फुल बुकिंग चल रही है, ऐसी ही यात्री ट्रेनों की भी स्थिति हैं।

गौरतलब है कि राज्य सरकार ने 23 अक्टूबर से 2 नवम्बर तक दीपावली अवकाश घोषित कर दिया है। वहीं 25 को धनतेरस व 27 नवम्बर को दीपावली का त्यौहार है, जिसके चलते शनिवार को अवकाश होने के बाद शुक्रवार से ही शिक्षक-शिक्षिकाएं व छात्र-छात्राएं अपने-अपने गृहग्राम का रूख पकड़ने लगेंगे। बस संचालकों के अनुसार दीपावली अवकाश घोषित होने के बाद से ही लोगों ने बुकिंग करना शुरू कर दिया है।

# जामगांव के 20 परिवारों के घर पर चला बुलडोजर, अवैध निर्माण पर अधिकारी मौन



## निर्माण कार्य पर लगी रोक

पायनियर संवाददाता < कांकेर
www.dailypioneer.com

बेजा कब्जा करने वालो पर प्रशासनिक डंडा कैसे चलाया जाता है इसका साफ उदाहरण अभी महज 4 दिन पहले कांकेर विकासखंड के नरहरपुर ब्लाक के जामगांव में 20 परिवार को बेजा कब्जा बताकर बेदखल कर दिया गया था । बेघर लोगों के निकलते आसुओं से भी प्रशासन पसीजा नहीं है । अब इधर ये कैसी विडंबना है कि एक ओर भरी दीपावली में जामगांव के 20 परिवारों पर जेसीबी लगाकर घर से बेदखल कर दिया गया है और जिला मुख्यालय स्थित डेली मार्केट

### पालिका ने कहा नहीं दी गई अनुमति होगी कार्यवाही

यानी पुराना बाजार में बेखौफ दो दुकान पर नगर पालिका परिषद के द्वारा आलीशान बेजाकब्जा करने की बात बेजाकब्जा वालों द्वारा बताई जा रही है । एक सप्ताह से हो रहे अवैध निर्माण कार्य की भनक प्रशासन को नहीं चली थी । लेकिन सोमवार को अवैध अतिक्रमण की जानकारी तहसीलदार मनोज मरकाम को दिए जाने पर तत्काल मौके पर जाकर उक्त अवैध अतिक्रमण के खिलाफ पटवारी से प्रतिवेदन बनाकर काम पर रोक लगाकर आगामी आदेश तक कार्य बंद किया गया है

**सप्ताह भर से चल रहा खेल**

डेली मार्केट में चल रहे अवैध अतिक्रमण का खेल विगत सप्ताह भर से बदस्तूर जारी है । अवैध अतिक्रमण करने वालों के द्वारा यह भी कहा जा रहा है कि पालिका ने अनुमति दिया है ।लेकिन वार्ड के कुछ लोगो की शिकायत के आधार पर हमने अवैध अतिक्रमण की पडताल किया तो कुछ लोगो का कहना था कि बीते सप्ताह भर से अवैध अतिक्रमण किया जा रहा है ।और इसे नगर पालिका की अनुमति से बनाने की जानकारी मिली है । इसका साफ मतलब यह है कि नगर पालिका स्वंय अवैध अतिक्रमण करवाकर नियमों की धज्जियां उड़ाते दिख रही है । लेकिन पालिका के अधिकारी के अनुसार अवैध निर्माण की अनुमति नही दिया गया है। लोगों का यह भी कहना था कि समय रहते इन पर कार्यवाही नही की जाती है तो इनकी दुकान बनकर तैयार हो चुकी होंगी।

### अवैध अतिक्रमण के पीछे कौन उठ रहा है बड़ा सवाल

शहर के भीतर एक ओर चलते बाजार को बंद कर नवनिर्मित नया बस स्टैंड के पास डेली मार्केट में स्वंय पालिका के पहल से बाजार सज रहा है ।अब अधिकतर ग्रामीण इलाको से आने वाले सब्जी लेकर नए बाजार में बेचने पहुंच रहे है ।अब इन अवैध अतिक्रमण करने वालो को इतनी आजादी और छूट किसके द्वारा दी जा रही है या किसी राजनीतिक हस्ती का इन्हें समर्थन मिल रहा है यह बड़ा सवाल जो हर किसी को सोचने पर मजबूर कर दिया है

**-मनोज मरकाम तहसीलदार कांकेर** ने कहा कि डेली मार्केट में बन रही अवैध दुकान का पंचनामा बनाया गया है ।तथा आगामी आदेश तक निर्माण कार्य मे रोक लगा दी गई हैं ।

**-सौरभ तिवारी सीएमओ नगरपालिका परिषद** ने कहा कि निर्माण कार्य वाली जगह शासकीय जगह पर किया जा रहा है निर्माण कार्य के पूर्व नियमानुसार राजस्व विभाग पालिका से अनुमति लिया जाना चाहिए ।मामले को संज्ञान में लेकर कार्यवाही किया जाएगा।

# खाना पानी की तलाश में फिर रिहाइशी इलाका पहुंचा भालु

## रायपुर से पहुंचे डॉक्टरों की टीम ने बेहोशी का इंजेक्शन दिया तब मिली सफलता

### कड़ी मशक्कत के बाद हुआ पिंजरे में कैद

पायनियर संवाददाता < कांकेर
www.dailypioneer.com



मंगलवार की सुबह नगर के रिहायशी इलाका काली मंदिर के निकट लोनिवि के अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय में भालू जा घुसा। रिहाइशी इलाके में भालू के आने की खबर लगते ही शहर के लोगो का हुजूम भालू को देखने पहुंचने लगा । सुबह 7 बजे भालू की जानकारी वन विभाग व पुलिस को दिया गया । जिसके बाद वन विभाग की टीम मौके पर जुटी रही ।भालू को सुरक्षित पकड़ने की कवायद तेज करते वनविभाग के अधिकारियों ने रेस्क्यू शुरू किया गया । सबसे पहले लोनिवि के दफ्तर के पास जहां भालू बैठा हुआ था उस जगह पर पिंजरा लगाया गया ।तथा आसपास के जगह को नेट जाली से पैक किया गया था।लेकिन भालू वनविभाग के लगाए पिंजरे में आने का नाम ही नही ले रहा था। इस बीच 8 बजे वन विभाग के आला अफसरों ने भालू को बेहोश करने रायपुर वनविभाग के नेबुलाइजर और सीतानदी अभ्यारण्य के डॉ. वर्मा डॉ.जोशी के साथ डिप्टी रेंजर हीरा सिंह ठाकुर को बुलाया गया। रायपुर से करीब 11:30 बजे पहुचे डॉ वर्मा डॉ जोशी ने भालू को बेहोश करने के लिए रेस्क्यू शुरू किया गया । लेकिन रेस्क्यू से पहले भालू ने वनविभाग के आला अफसरों सहित विभाग के कर्मचारियों को ज़मकर छकाया । जिसके बाद 12:10 को उक्त भालू को बेहोश करने में विभाग को सफलता मिली है । बेहोश भालू को पिंजरे में डालकर सुरक्षित वनविभाग के विश्रामगृह में रखा गया है ।

**रिहाइशी इलाके में जंगली जानवरों के आने का नही थम रहा सिलसिला**

बता दे कि कांकेर जिले के चारो ओर पहाड़ी इलाका होने के कारण जंगली जानवर शुरू से यहां मौजूद है।चूंकि बीते कई सालों से रहने वालों की माने तो बीहड़ जंगल मे रहने के बावजूद जँगली जानवर शहर की ओर बहुत कम ही आया करते थे। अभी कुछ सालों से जब से वनविभाग द्वारा जंगल में फलदार पेड़ पौधे की कमी और जंगल के भीतर खाना पानी की बहुत कम मात्रा होने के कारण ही जंगली जानवर खाने पीने के लिए शहर की ओर कूच करने मजबूर दिखाई देते है ।

**वनविभाग की जामवंत योजना के दावो की खुली पोल**

वनविभाग की ओर से बीते वर्षों में राज्य सरकार ने जंगल के जानवरों के लिए जामवंत योजना चलाकर जंगल मे फलदार पेड़ पौधे व तालाब की खुदाई कर जानवरों के लिए समुचित व्यवस्था के लिए योजना चलाई थी।

# पॉलीथिन मुक्त शहर बनाने रैली निकालकर दिया स्वच्छता का संदेश



पायनियर संवाददाता < किरंदुल
www.dailypioneer.com

शहर को स्वच्छ, हरा-भरा और पॉलीथीन मुक्त बनाने के उद्देश्य से मंगलवार वन जल संरक्षण समिति बचेलि ने विराट रैली निकाली।पर्यावरण के लिए एक खतरा बन चुकी पॉलिथीन की उपयोग को पूर्णता बंद करने पर्यावरण हितो का ध्यान रखने के लिए वन जल संरक्षण समिति के तत्वावधान मे निकली रैली में एनएमडीसी बचेली काम्पलेक्स, सीआरपीएफ 230 बटालियन एंव सीआईएसएफ ईकाई बचेली के जवान शामिल हुए। रैली घड़ी चौक से शापिंग काम्पलेक्स गायत्री मंदिर से निकल कर बाबा होटल, निलेश मेडिकल होते हुए वापस घड़ी चौक पर समाप्त हुई। रैली को परियोजना के अधिशासी निदेशक टी एस चेरियन सीआरपीएफ 230वी बटालियन के सीनियर कमांडेंट डब्लयु.आर.जोसुआ ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।इस दौरान केरिपुबल, केऔसुब के जवानो के साथ स्कूली बच्चे तथा बड़ी संख्या मे महिलाये हाथों में तख्तियां लेकर स्लोगन करते हुए लोगों को जागरूक किया।

# विद्यार्थियों के लिए टूर प्रोग्राम नेरली में उत्साहपूर्वक संचालित हुआ

पायनियर संवाददाता < बचेली
www.dailypioneer.com



बचेली 20 अक्टूबर को पुलिस अधीक्षक दंतेवाड़ा पुलिस उपमहानिरीक्षक सीआरपीएफ दंतेवाड़ा एवं कमांडेंट 230 बटालियन सीआरपीएफ द्वारा विद्यार्थियों के लिए टूर प्रोग्राम मुख्यालय 230 बटालियन सीआरपीएफ नेरली में बड़े ही उत्साह पूर्वक संचालित किया गया शिक्षण टूर पर आए बालक आश्रम चिकपाल के विभिन्न कक्षाओं के 42 विद्यार्थी एवं प्रधानाचार्य कमलेश कुमार बकड़ा एवं अन्य 5 सहायक अध्यापक तथा बालिका आश्रम चिकपाल के कक्षा 1 से 4 तक के 8 विद्यार्थी प्रधानाचार्य आरआर ठाकुर एवं तीन अन्य सहायक अध्यापक शिक्षण टूर पर उपस्थित रहे कुल 50 विद्यार्थियों एवं अध्यापकों को दंतेवाड़ा से लगभग 40 किलोमीटर की दूरी पर अति दुर्गम क्षेत्र 230 बटालियन सीआरपीएफ नेरली घाटी में सुरक्षा व्यवस्था के साथ लाया गया एवं सभी प्रकार के हथियारों, विशेष उपकरणों और एसपीवी जैसे वाहनों की प्रदर्शनी दिखाई गई तथा डॉग स्क्वायड का प्रदर्शन भी दिखाया गया साथ ही सभी की उपयोगिता के विषय में जानकारी दी गई जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक जानकारी हासिल की। इस भ्रमण के दौरान 230 बटालियन सीआरपीएफ द्वारा सभी विद्यार्थियों एवं अध्यापकों को जलपान एवं भोजन की व्यवस्था भी की गई थी। इस अवसर पर सीआरपीएफ के अधिकारी अधीनस्थ अधिकारी एवं जवान उपस्थित रहे।

**ओपन पावर लिफ्टिंग सीनियर चैंपियनशिप 2019**

# मोतीबाग नेताजी सुभाष स्टेडियम में तीन दिवसीय प्रतियोगिता आयोजित



पायनियर संवाददाता < बचेली
www.dailypioneer.com

ओपन पावर लिफ्टिंग सीनियर चैंपियनशिप 2019 रायपुर मोतीबाग नेताजी सुभाष स्टेडियम में तीन दिवसीय प्रतियोगिता आयोजित की गई थी जिसमें लगभग 400 प्रतिभागियों ने भाग लिया था दंतेवाड़ा जिले के बचेली से नंद किशोर साहू कोच के नेतृत्व में 9 प्रतिभागियों ने भाग लेकर अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन कर उपरोक्त स्थान अर्जित किये शिप्रा विश्वास 72 किलो सीनियर तृतीय, ऋषिका कश्यप 72 किलोग्राम सीनियर चतुर्थ, एवं निशा सोरी 72 किलोग्राम पांचवें स्थान पर रही साथ ही 43 किलो वर्ग में दीपेशवरी साहू चतुर्थ, एवं शोभा बघेल 43 किलोग्राम में पांचवें स्थान प्राप्त किया एवं अन्य प्रतिभागियों द्वारा जूनियर सब जूनियर के प्रतिभागी सीनियर वर्ग में भाग लेकर अपना विशेष स्थान प्राप्त किया जिनमे टाकेश्वर ,बाबा बघेल, विजय बालकृष्ण साहू ,आदि प्रतिभागियों ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया प्रतिभागियों को मेडल एवं नगद राशि 2000, 1000 ,1000 1000 ,1000 प्रदान कर महापौर द्वारा आशीर्वाद एवं बधाइयां दी गई उपरोक्त प्रतिभागियों को एनएमडीसी परियोजना के महाप्रबंधक टीएस चेरियन एवं श्री संजीव साही,एम चौकसे द्वारा उज्जवल भविष्य एवं आगे बढ़ने की बधाई दी गई साथ ही भारोत्तोलन संघ बचेली के अध्यक्ष अमृत लाल यदु, उपाध्यक्ष भूपेंद्र साहू, दुर्गा प्रसाद साहू, एसकेएमएस, इंटक यूनियन के पदाधिकारियों ने खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# अभ्यारण्य में बसे लोग पहुंचे पट्टे की आस में, एमएलए ने किया डायरेक्टर को तलब



**बीजापुर।** भैरमगढ़ वन भैंसा अभ्यारण्य में बसे सोलह गांवों के लोग यहां विधायक निवास पहुंचे और एमएलए विक्रम शाह मण्डावी से वनाधिकार पट्टे की मांग की। विधायक मण्डावी ने फौरन इस समस्या का हल निकालने टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर एनके शर्मा को तलब किया। कोण्ड्रोजी, बिरियाभूमि, फुल्लोड़ एवं टिण्डोड़ी पंचायतों के सोलह गांव के लोगों के सामने 2004 से नई मुसीबत खड़ी हो गई। यहां पहले टिण्डोड़ी समिति थी और तेंदूपत्ता फड़ भी लगता था लेकिन इसके बाद फड़ बंद कर दिया गया। इससे करीब डेढ़ हजार संग्राहकों को सीधे घाटा होने लगा। अभ्यारण्य में तेंदूपत्ता तोड़ाई बंद करा दी गई है और संग्राहकों को दो -दो हजार रूपए दिए जाने लगे।



## क्विक न्यूज

### सातवीं आर्थिक गणना सर्वेक्षण में जानकारी देने लोगों को प्रेरित करें

**धमतरी ।** सातवीं आर्थिक गणना सर्वेक्षण का कार्य जिले में 16 अगस्त से किया जा रहा है। इसमें नगरीय ग्रामीण क्षेत्र में स्थित उद्यमों का सर्वेक्षण मोबाईल एप के जरिए सीएससी द्वारा नियुक्त प्रगणकों के माध्यम से किया जा रहा है। सर्वेक्षण के निरीक्षण के दौरान ज्ञात हुआ कि नगरपालिक निगम क्षेत्र धमतरी में स्थित प्रतिष्ठानों उद्यमों द्वारा रजिस्ट्रेशन नंबर पेन नंबर निवेश राशि टर्न ओवर कार्यरत कर्मचारी की संख्या इत्यादि की जानकारी प्रगणकों को नहीं दी जा रही है। इसकी वजह से जिले के उद्यमों से संबंधित सही आंकड़ा प्राप्त नहीं हो पा रहा वहीं सर्वेक्षण का उद्देश्य पूरा नहीं हो सकेगा। ज्ञात हो कि सातवीं आर्थिक गणना से धमतरी जिले में स्थित उद्यमों की प्रकृति स्वरूप नियोजन एवं आर्थिक गतिविधि के संबंध में जानकारी प्राप्त होगी जिससे शासन को विभिन्न उद्यमों के विकास से संबंधित योजना बनाने में सहयोग मिलेगा।

### प्राक्चयन परीक्षा 25 अक्टूबर को

**धमतरी ।** संघ लोक सेवा आयोग के सिविल सेवा की कोचिंग के लिए प्राक्कयन परीक्षा आगामी 25 अक्टूबर को आयोजित की जाएगी। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि सुबह 11 से दोपहर एक बजे तक आयोजित इस परीक्षा के लिए राजधानी रायपुर में दो परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। इनमें पुरूष अभ्यर्थियों के लिए प्रयास बालक आवासीय विद्यालय सड्डू रायपुर और महिला अभ्यर्थियों के लिए प्रयास कन्या आवासीय विद्यालय गुढ़ियारी रायपुर शामिल हैं। इसके लिए 24 अक्टूबर तक आदिवासी विकास विभाग के कार्यालय से प्रवेश पत्र प्राप्त किया जा सकता है। गौरतलब है कि नई दिल्ली स्थित ट्रायबल यूथ हास्टल में वर्ष 2019.20 में संघ लोक सेवा आयोग के सिविल सेवा की कोचिंग के लिए प्राक्कयन परीक्षा आयोजित की जाएगी।

राऊत नाच, पंथी, कर्मा व सुआ की थाप में थिरके लोग

# हमर कसडोल तिहार : छत्तीसगढ़ी संस्कृति की बचाने जागरुक किया

पायनियर संवाददाता ◄ कसडोल
www.dailypioneer.com

जिला बलौदा बाजार अंतर्गत ब्लॉक मुख्यालय कसडोल में नगर के युवाओं द्वारा अपने छत्तीसगढ़ के संस्कृति को लेकर हमर कसडोल तिहार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वर्तमान समय में छत्तीसगढ़ के लोग ही अपनी मूल संस्कृति अपनी सभ्यता को धीरे धीरे भूलते जा रहे है, लोग अपनी मूल संस्कृति को छोड़ अन्य राज्यो की सभ्यता को अपनाते जा रहे है।



इन्ही सब विकृतियों को समाज से दूर करने व एक जनजागरूकता लाने के प्रयास स्वरूप कसडोल युवा एकता मंच के तत्वाधान में ÷हमर कसडोल तिहार÷ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से हमारी छत्तीसगढ़ की संस्कृति से जुड़े हुए सुवा, कर्मा, राऊत नाच व पंथी नाच जैसे विधाओ को लेकर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, ताकि लोग अपनी मूल पहचान अपनी संस्कृति से जुड़े और लोगो को जागरूक करें।

उक्त कार्यक्रम में कसडोल अंचल के विभिन्न गांवो से कलाकार अपनी प्रस्तुति दी जिसमे प्रमुख रूप से कर्मा नाच सेमरिया, सुवा नाच खरहा, राउत नाच धाराशिव, सुवा नाच बम्हनी, कर्मा नाच नगेड़ी, कर्मा नाच खरहा, सुवा नाच नारायणपुर, राउत नाच लाहौद, पंथी नाच कसडोल व सुवा नाच देवरी है। इसके साथ ही नगर के विभिन्न स्कूलों से लगभग 80 छात्राओ द्वारा सुवा नाच का अनुपम प्रस्तुति दी गई। छात्राओ द्वारा एक साथ एक ही गाने पर सुवा नाच की प्रस्तुति कार्यक्रम का प्रमुख हिस्सा रहा। इस आयोजन हेतु कसडोल युवा एकता मंच के सभी सदस्यों द्वारा एक माह पूर्व ही तैयारी में लगे हुए थे, आयोजन समिति द्वारा विशेष रूप से अपनी छत्तीसगढ़ की संस्कृति को बचाने व जन जागरूकता लाने हेतु यह आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर व क्षेत्र के लोगो ने अपना विशेष सहयोग प्रदान किया। इसके साथ ही बुद्धजीवी वर्ग द्वारा कार्यक्रम को सराहा गया व भविष्य में होने वाले आयोजन के स्वस्फूर्त सम्मिलित होने व सहयोग देने की बात कही गई। नगरवासियों में इस कार्यक्रम के लिए खासा उत्साह दिखा महिला पुरूष सहित हजारो की संख्या में लोजी परिवार सहित देखने को आये। कसडोल युवा एकता मंच के सदस्यों में प्रमुख रूप से गणेश साहू, पुनेश्वर नाथ मिश्रा, सतीश नेताम, भावेश यादव, सुबोध साहू, दीपक कैवर्त, दीपेश साहू, प्रियेश देवांगन, प्रभात सोनी, अजय साहू, दिलीप पैकरा, तेजस्वी साहू, शैलेन्द्र पवार, कार्तिक साहू, पुष्पेंद्र साहू सहित नगर के समस्त युवा वर्ग का सहयोग प्राप्त हुआ।

# प्रभारी मंत्री ने मिट्टी के दीये बांटकर किया स्थानीय उत्पादों का प्रोत्साहन

**मंत्री लखमा ने धमतरी में 37.68 करोड़ के निर्माण कार्यों का लोकार्पण-भूमिपूजन**





पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

प्रदेश के आबकारी वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री कवासी लखमा ने आज दोपहर स्थानीय गांधी चैक में नगरपालिक निगम के तीन निर्माण कार्यो का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। इनमें जलावर्धन योजना के तहत 34 करोड़ 27 लाख रूपए के तीन ओवरहेड टैंक निर्माण एवं पाइपलाइन विस्तार का भूमिपूजन 02 करोड़ 94 लाख रूपए की लागत से निगम के विभिन्न वार्डों में सड़क एवं नाली निर्माण का भूमिपूजन तथा सुराजी गांव योजनांतर्गत अर्जुनी में 47 लाख 67 हजार रूपए से निर्मित ग्राम अर्जुनी में गौठान का लोकार्पण कार्य शामिल हैं। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री लखमा सहित मंचस्थ अतिथियों के द्वारा नत्थूजी जगताप शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के 10 स्कूली छात्र-छात्राओं और सभी हितग्राहियों को कुम्हार द्वारा निर्मित मिट्टी के दीए बांस की टोकरी व महिला स्वसहायता समूह द्वारा तैयार किए गए खादी के थैलों में वितरित कर स्वदेशी तरीके से निर्मित वस्तुओं को प्रोत्साहित करने की मुहिम में सभी वर्ग को शामिल करने का आव्हान किया।

कार्यक्रम में सिहावा विधायक डा लक्ष्मी ध्रुव महापौर अर्चना चैबे पूर्व विधायक धमतरी हर्षद मेहता पूर्व विधायक कुरूद लेखराम साहू सहित नगर निगम के सभापति राजेन्द्र प्रसाद शर्मा निगम के नेता प्रतिपक्ष अनुराग मसीह के अलावा वरिष्ठ नागरिक मोहन लालवानी भी मंच पर मंचासीन थे। स्थानीय गांधी चैक में आज दोपहर को आयोजित कार्यक्रम में नगर पंचायत भखारा के 12 हितग्राहियों को प्रभारी मंत्री के द्वारा मुख्यमंत्री आबादी पट्टे वितरित किए गए।

साथ ही नगर निगम क्षेत्रांतर्गत तीन हितग्राही कोष्टापारा वार्ड की सोनकुंवर देवांगन रामपुर वार्ड की रामेश्वरी साहू और ब्राह्मणपारा वार्ड के सतीश देवांगन को मोर जमीन मोर मकान योजना ;प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के तहत नवनिर्मित घर की चाबी सौंपी गई। इसके पहले केबिनेट मंत्री लखमा ने मुख्य अतिथि की आसंदी से अपने उद्बोधन में कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल विशेष रूप से लगातार धमतरी जिले का प्रवास करके यहां की जनता को अनेक सौगातें दे रहे हैं। उनके द्वारा 10 माह के संक्षिप्त कार्यकाल में ही किसानों की कर्जमाफी बिजली बिल हाफ सहित 2500 रूपए में धान खरीदी के ऐतिहासिक कदम उठाए गए।

## जनपद पंचायत कसडोल से प्रतिनिधि अध्ययन करने जशपुर के लिए रवाना



पायनियर संवाददाता ◄ कसडोल
www.dailypioneer.com

बलौदाबाजार जिला सहित पूरे प्रदेश में चाय बागान के विस्तार की संभावना बढ़ गई है। इसी के तहत जशपुर जिले की चाय बागानों का अध्ययन करने बलौदाबाजार जिला से प्रतिनिधि कसडोल जनपद पंचायत के सरपंच भरतदास मानिकपुरी छरछेद, अटल संतराम वर्मा भदरा, अजय कुमार पटेल बलौदा, लखन साहू मटिया, वेद प्रकाश वर्मा साबर, दिलहरण जायसवाल खर्वे, युत्रकुमार साहू छेछर एवं ईश्वर पटेल पिसीद जशपुर के लिए आज रवाना हुए। जो वहां के चाय बागानों का अवलोकन करेंगे तथा वहां के जमीन और बलौदाबाजार जिला के जमीन का अध्ययन करेंगे ताकि बलौदा बाजार जिला सहित पूरे प्रदेश में चाय बागान का विस्तार अधिक से अधिक किया जा सके। सरपंचों का अध्ययन दल जशपुर जिला में 21 से 25 अक्टूबर तक रहकर चाय बागानों का अध्ययन करेंगे।

# अनियंत्रित कैप्सूल वाहन पलटा, ड्राइवर के दबने के कारण मौत

पायनियर संवाददाता ◄ कसडोल
www.dailypioneer.com

अनियंत्रित कैप्सूल वाहन के पलटने से एक व्यक्ति की मौत हो गई । घटना की सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पहुँचकर शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया , पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया ।



कसडोल से गिधौरी मुख्यमार्ग सेल और छांछी के बीच सोमवार रात करीब 1 बजे से 4 बजे के बीच बलकर वाहन क्रमांक ष्ट्ग07क्षष्ट8768 अनियंत्रित होकर पलटने से एक व्यक्ति की मौत हो गया। मृतक हेमंत कुमार वर्मा (ड्रावर) पिता इतवारी वर्मा निवासी टेलकी बलौदाबाजार जिले का रहने वाला था। वही अपने वाहन को चलाते हुए बलौदा - बाजार से गुड़ाखु डी. बी. पावर प्लांट खरसिया जा रहा था जो कि कसडोल से करीब 10 किलोमीटर जाने के बाद गाड़ी अनियंत्रित होकर भाऊराम साहू के खेत मे पलट गया जिससे ड्राइवर हेमंत कुमार वर्मा की मौके पर मौत पर गई । सेल ग्राम के कोतवाल मुकेश कुमार भास्कर ने बताया कि गाड़ी बहुत तेज रफ्तार में थी, और मोड़ होने के कारण गाड़ी अनियंत्रित हो गया।

जिससे गाड़ी के पलटने से ड्रावर वाहन में दब गया जिसके कारण मृत्यु हो गयी , वही जहां घटने की सूचना मिलते ही कसडोल पुलिस घटना स्थल में पहुँच कर मामले को विवेचना में लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए कसडोल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कसडोल लाया गया जहां पर डॉक्टर महेंद्र कुमार जायसवाल द्वारा पोस्टमार्टम कर परिजनों को शव सौप दिया गया। इस कार्यवाही में प्रधान आरक्षक रमेश मिश्रा, ए.एस.आई सुरेंद्र सिंह, प्रधान आरक्षक सत्यकुमार पैकरा थे।

## बजरंग मोटर्स ने निःशुल्क दीया, तेल और बाती का वितरण किया



पायनियर संवाददाता ◄ कसडोल
www.dailypioneer.com

मिश्रा परिवार कसडोल द्वारा दीपोत्सव में अंधेरो घरों का रोशन करने का संकल्प के साथ मुहिम की शुरुवात किया। इसके तहत दिनांक 21/10/19 दिन शुक्रवार को पुराना थाना परिसर में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री बजरंग हीरो कसडोल के संचालक रूपेंद्र मिश्रा, संतोष मिश्रा द्वारा 2000 घरों में खुशियों के रूप में दिया, तेल,ओर बाती का वितरण किया गया। कुल 25000 दिया का वितरण किया गया। वितरण समय लक्ष्मण मिश्रा, योगेंद्र शर्मा, मनीष मिश्रा, सतीश यादव, संजय साहू, कोमल साहू, उक्त लोग सहयोगी के रूप में उपस्थित होकर दिया वितरण किया गया। उक्त सराहनीय करो को देखकर लोगो नगर के लोगो में हर्ष का माहौल है।

# डाकघर में भी मिलेंगी संपूर्ण बैंकिंग सुविधाएं: तन्मय

■ आईपीपीबी बैंक का विधायक शकुंतला ने भी खोला खाता

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

इंडिया पोस्ट पेमेंटस बैंक द्वारा शुरू की गयी वित्तीय सेवाओं को ग्रामों, कस्बों की जन जन तक पहुंचाने के लिए बालौदाबाजार स्थित आईपीपीबी के शाखा के शाखा प्रबंधक तन्मय लिमा, सहायक प्रबंधक धीरेन्द्र चौधरी, क्षेत्रीय अधिकारी मनोज रातरे ने कसडोल विधायक शकुन्तला साहू से इस संबंध में कसडोल पहुंचकर मुलाकात की और उनसे आग्रह किया कि सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का लाभ एवं प्रत्क्ष्य हस्तांतरण आईपीपीबी के खाते के माध्यम से करवाने मे सहयोग करे। अभी तक बालौदाबाजार में 150 पोस्ट ऑफिस में बैंकिंग सुविधा मुहैया कराया जा रहा है जहां पर डाकिया घर पहुंच सेवाए प्रदान कर रहे हैं।



मौके पर ही विधायक शकुंतला का आईपीपीबी बैंक खाता खोला गया एवं मोबाइल में बैंकिंग एप द्वारा खाते को संचालित करने के बारे मे जानकारी दी गयी।

विधायक ने इस वित्तीय समावेश कार्यक्रम में जन भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्धता जताई एवं इस योजना की सराहना करते हुए अधिकारियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

# लाइनमेन की बड़ी लापरवाही, करंट की चपेट से मासूम घायल

पायनियर संवाददाता ◄ मगरलोड
www.dailypioneer.com

ग्राम अमलीडीह की बजरंग चौक में विधुत विभाग की बड़ी लापरवाही सामने आया है। जंहा एक नाबालिक करेंट की चपेट में आ गया है।ज्ञात हो की लाईन मेन लो टेंशन कनेक्शन तार को प्रेम नाग के घर मे विधुत काम के चलते बिना लाईन को बंद किये विधुत तार को काटकर गली में खुला छोड़ दिया था।जिसके चलते भावेश कुमार पिता रोशन कुमार यादव 10 वर्ष करेंट की चपेट में आ गया है।जिसको सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मगरलोड में भर्ती कराया है।परिजनों ने लाईन मेन कला राम यादव के खिलाफ मगरलोड थाना में रिपोर्ट दर्ज कराने गए थे ।समाचार लिखने तक थाना में दर्ज नही हुआ था। वही विधुत विभाग मगरलोड की जूनियर इंजीनियर से मोबाईल से सम्पर्क किया गया तो पल्ला झाड़ते हुए संज्ञान में लेकर विधुत कर्मी भेजने की बात कही।आगे कहा की लो वोल्टेज बिजली तार के बारे में लाईन मेन को जिम्मेदार होने की बात कही।ज्ञात हो इतना कुछ हो जाने के बाद भी विधुत विभाग द्वारा उस जगह से बिजली की तार नही हटाया गया है।



# 4 साल से फरार स्थाई वारंटी पकड़ा गया, न्यायालय में नहीं होता था उपस्थित

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार नीतू कमल ने जिला के थाना प्रभारीयो को स्थाई वारंटीओं के निकाल के लिए आवश्यक रूप से कार्यवाही के लिये निर्देशित किया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जेआर ठाकुर, अनुविभागीय अधिकारी बलौदाजार राजेश जोशी के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी सिटी कोतवाली बलौदाबाजार निरीक्षक कृष्ण कुमार कुशवाहा के कुशल नेतृत्व में थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार स्थाई वारंटी ओं को अभियान चलाकर धरपकड़ की कार्रवाई की गई। पूर्व के प्रकरण अपराध क्रमांक 422/2015 धारा 294 323 506 भारतीय दंड विधान के स्थाई वारंटी परदेसी राम चंद्राकर पिता दिल हरण चंद्राकर उम्र 30 साल निवासी सेमराडीह थाना सिटी कोतवाली बलोदाबाजार जो 4 वर्ष से फरार था सूचना संकलन कर गिरफ्तार किया गया है। इस प्रकार थाना सिटी कोतवाली बलौदा बाजार के एक स्थाई वारंट को अथक लगन एवं मेहनत से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया। उपरोक्त कार्यवाही में प्रधान आरक्षक संजय कुमार साहू आरक्षक अनिल कुमार महिलांगे एवं रूपेश कुमार साहू का विशेष योगदान रहा है।



धान खरीदी के लिए की जा रही तैयारियों का लिया जायजा

# बिलाईगढ़, भटगांव, सरसीवां सोसायटी का निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने बिलाईगढ़, भटगांव और सरसीवां सोसायटी का दौरा कर धान खरीदी के लिए की जा रही तैयारियों का निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान मिली कुछ विसंगतियों को दूर करने के कड़े निर्देश दिए। भटगांव सोसायटी के स्थानांतरित प्रबंधक को तत्काल प्रभाव से हटाने के निर्देश दिए।



कलेक्टर ने कहा कि इस साल खेतों में बोये गए फसलों की व्यापक गिरदावरी हुई है। इस दौरान मिले धान के वास्तविक रकबे के डेटा को धान खरीदी का आधार बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि भू.अर्जन ए अतिक्रमण एवं रास्तों पर बोये गए धान की खरीदी नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि मुख्तियार नामा के आधार पर धान खरीदी के लिए पंजीयन नहीं किया जाएगा। कलेक्टर ने रैण्डम तरीके से कुछ किसानों के रकबे का धान खरीदी के लिए किये गए पंजीयन से मिलान भी किया।

कलेक्टर ने राजस्व विभाग के पटवारी और सहकारी समितियों के कर्मचारियों को आपसी ताल.मेल के साथ इस काम को पूर्ण करने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार की घोषणा के अनुरूप इस साल 15 नवम्बर से धान खरीदी का काम जिले में शुरू होगा। इसके लिए जिले में 86 प्राथमिक सहकारी समितियों के अंतर्गत 149 खरीदी केन्द्र बनाये गए हैं। खरीदी केन्द्रों के फड़ की साफ-सफाई का काम शुरू हो गया है। कलेक्टर ने भ्रमण के दौरान खाद.बीज गोदामों को भी देखा। समुचित तरीके से भण्डारण की व्यवस्था नहीं होने पर नाराजगी जाहिर की। कलेक्टर के साथ दौरे में अपर कलेक्टर जोगेन्द्र नायक, संयुक्त कलेक्टर अरविन्द पाण्डे, जिला खाद्य अधिकारी राकेश गोलछा, एसडीएम शोरी, उप पंजीयक सहकारिता ठाकुर, सहकारी बैंक के नोडल अफ सर लखेश्वर साहू सहित तहसील स्तरीय अधिकारी.कर्मचारी उपस्थित थे।

# आगामी नगर निगम चुनाव में खरीद फरोख्त का रहेगा बोल-बाला : रमन सिंह

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा जो नगरीय निकाय चुनाव के लिए मसौदा तैयार किया गया है उसके विरोध में प्रदेश भर में धरना प्रदर्शन किए गए। इसी सिलसिले में धमतरी के गौशाला मैदान में भी भाजपा ने धरना प्रदर्शन किया। जिसमें विशेष रूप से पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह शामिल हुए। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि कार्यकर्ताओं में अभी अभूतपूर्व उत्साह है। यह मेरा सौभाग्य है कि धमतरी के धरने में शामिल होने का अवसर प्राप्त हुआ। धमतरी के अपराजेय नगर पालिका को हमने नगर निगम बनाया था। अब भूपेश बघेल षड्यंत्र के तहत इसे हटाने की कोशिश कर रहे हैं। जनता का आशीर्वाद है कि आने वाले समय में 90 फ़ीसदी जगहों पर भाजपा की जीत होगी। उन्होंने कहा कि भूपेश सरकार आने के बाद कानून व्यवस्था समाप्त हो गई है। कांग्रेसी ट्रांसफर उद्योग में लगे हुए हैं। राज्य सरकार कर्ज में डूबी हुई है, ब्याज पटाने के लिए भी कर्ज लेने की जरूरत पड़ रही है। कर्मचारियों के पेमेंट के लिए पैसा नहीं है। भूपेश को नगरीय निकाय में पराजय का भय है। इसलिए वह इसमें फेरबदल कर रहे हैं। जनता इसको नकार देगी। बीजेपी की ही जीत होगी। इस चुनाव प्रणाली से खरीद फरोख्त बढ़ेगी। भूपेश सरकार पराजय से डर चुकी है सरकार का आत्मा विश्वास खत्म हो चुका है। राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपकर इस अध्यादेश को रोकने का निवेदन किया जा रहा है।मंच के पास अचानक गाय घुसने से हडकंप डॉ. रमन सिंह के उद्बोधन के दौरान गौशाला की एक गाय अचानक घुस गई। इसी मामले पर तंज कसते हुए डॉ रमन सिंह ने कहा कि नरवा, घुरवा, गरवा, बाड़ी का नाम लेते ही गाय भी विरोध करने पहुंची थी।





### बुजुर्ग की घटना स्थल पर दर्दनाक मौत, आरोपी फरार

**मगरलोड ।** रविवार की दोपहर डेढ़ बजे ग्राम मोहेरा पुल में अज्ञात वाहन ने बुजुर्ग को ठोकर मार दी जिससे बुजुर्ग की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही मगरलोड थाने के एएसआई दक्ष कुमार साहू आरक्षक डोमन तारक घटना स्थल में पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लेकर आगे की कार्यवाही में जुट गए। विवेचना अधिकारी दक्ष कुमार साहू ने बताया कि ग्राम धिकुड़िया ;मोहेरा निवासी हृदय राम यादव पिता मोदे राम उम्र 60 वर्ष शनिवार को अपनी बेटी की गांव बरदुला; मैनपुर गया हुआ था। आज वह बस में बैठकर अपने गांव धिकुड़िया जाने के लिये मोहेरा पुल के पास बस से उतरकर पैदल मोहेरा पुल होते हुये जा रहा था। पुल को पार करने वाला था तभी कोई अज्ञात वाहन जोरदार ठोकर मारकर फरार हो गया।



## क्विक न्यूज

### दीवाली के अवसर पर क्रिकेट मैच का आयोजन

**विश्रामपुरी।** विकास खण्ड बड़ेराजपुर के लिहागांव में 20 अक्टूबर से दीवाली के शुभ अवसर पर क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया है। जिसका प्रथम पुरस्कार 10001 रूपये रखा गया है। इस आयोजन समिति का अपील है कि ज्यादा से ज्यादा टीमें हिस्सा ले और अपने योग्यता का प्रदर्शन कर दर्शकों का मनोरंजन करें। कार्यक्रम का आयोजन मानसाय नेताम,टीसो राम नेताम,सुखनाथ नेताम,टोहन नेताम,मिथलेष नेताम,राजू राम नेताम एवं समस्त सदस्यगण सहयोग दे रहे है।

### जिले में पहली बार आयोजित वायुसेना भती

**धमतरी ।** कलेक्टर रजत बंसल ने शुक्रवार की शाम कलेक्टर सभा में प्रेस वार्ता लेकर जिले में हो रहे और हुए प्रमुख गतिविधियों से पत्रकारों को अवगत कराया ।जिसमें वायु सेना भर्ती रैली गौरव ग्राम कंडेल में विकास के सोपान जबर्रा इको टूरिज्म पर्यटन की संभावनाएं हाट बाजारों में मिल रही स्वास्थ्य सुविधायें वार्ड कार्यालय खुलने राजीव गांधी आश्रय योजना मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान प्रमुख है ।इस दौरान उन्होंने पत्रकारों से सुझाव भी लिए जिसे भविष्य में लागू करने का आश्वासन दिया है।

### जालमपुर वार्ड में आबादी पट्टा के नाप-जोख में अनियमितता की शिकायत

**धमतरी।** इन दिनों शहर के भीतर आबादी पट्टा वितरण के लिए नाप.जोख का कार्य किया जा रहा हैए जिसके आधार पर लोगों को आबादी पट्टा मिलेगा। जालमपुर वार्ड में आबादी पट्टा के नाप.जोख में अनियमितता की शिकायत लेकर वार्ड के लोग कांग्रेस जिलाध्यक्ष से मुलाकात करने पहुंचे। वार्डवासियों ने बताया कि उनके वार्ड में इन दिनों आबादी पट्टा वितरण के लिए नाप.जोख किया जा रहा हैए जिसके आधार पर लोगों को पट्टा मिलेगा। इस कार्य में पारदर्शिता नहीं बरती जा रही है।जिसके कारण कई लोग आबादी पट्टे से वंचित हो जाएंगे।

### वार्डवासियों का बड़ा फरमान, पट्टा नहीं तो वोट नहीं

**धमतरी।** मकेश्वर वार्ड में निवासरत 110 परिवार अब तक पट्टा नहीं मिलने से आक्रोश हो गये हैं। महिलाओं ने दो टूक कह दिया है कि जब तक पट्टा नहीं मिलेगा वे चुनाव का बहिष्कार करेंगे। इस मामले को लेकर शुक्रवार को कलेक्टोरेट और एसटीएम कार्यालय के सामने प्रदर्शन किया गया। मकेश्वर वार्ड के पार्षद प्रकाश सिन्हा ने बताया कि ये लोग सन् 1990 से नजूल भूमि पर मकान बनाकर अपने परिवार सहित निवासरत हैं। मजदूरी कर अपना जीवन.यापन करते हैं, जो कि हमारे पास कच्चा मकान है। ।

# किसान को ड्रीप लगाने के नाम पर लाखों की ठगी

- अनुदान का झांसा देकर किसान से की 11.32 लाख की ठगी
- मामला जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक शाखा विश्रामपुरी का

पायनियर संवाददाता < विश्रामपुरी
www.dailypioneer.com

कोण्डागांव जिला के अन्तर्गत विकास खण्ड बड़ेराजपुर के जिला सहकारी बैंक विश्रामपुरी एवं लैम्पस बड़ेराजपुर के द्वारा खेत में ड्रीप लगवाने से शासन से मिलने वाले अनुदान का झांसा देकर लाखों रूपये ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत बड़ेराजपुर के किसान ईश्वर लाल मरकाम पिता बुधुराम मरकाम जाति गोण्ड (56) ने बताया कि मेरे घर में सुरजीत वैद्य एवं नारायण सरकार के नाम के व्यक्ति आकर के मुझे बताया कि खेत में ड्रीप लगवाने से 75 प्रतिशत राशि शासन से अनुदान के रूप में मिलता है। मात्र 25 प्रतिशत राशि ही आपको पटाना पड़ेगा। बाद में लेम्पस प्रबंधक बड़ेराजपुर रतिराम नेताम एवं शाखा प्रबंधक विश्रामपुरी गोकुल पाया के द्वारा ड्रीप लगवाने के नाम पर ऋण देने की बात कही गई। किन्तु मेरे खाते में किसी भी प्रकार की राशि नहीं जमा हुआ। और मुझे 5 वर्षो के बाद जब बैंक द्वारा 18 लाख 32 हजार का नोटिस प्राप्त हुआ तब मुझे मालूम हुआ। मेरे बैंक एवं अन्य जगह जाकर पूछताछ करने पर मुझे पता चला कि मुझे अनुदान देने के नाम पर लाखों रूपये का मेरे सिर पर कर्जा चढ़ गया है। मेरे द्वारा थाना विश्रामपुरी में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। जिस पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ अपराध कायम किया है। जिसमें से एक अपराधी नारायण सरकार पुलिस ने पकड़ा है और तीन अपराधी फरार है।




ईश्वर मरकाम जैसे एक आदिवासी किसान के ऊपर इस प्रकार का अनायास ही इतने लाखों रूपये का कर्ज सिर आ जाने से उनका तो जीना ही हराम हो गया है। और मानसिक स्थिति खराब भी हो सकती है। गौरतलब है कि एक किसान की एफआई.आर. के बाद ऐसा लगता है कि अन्य लैम्पसों में भी इसी प्रकार की गड़बड़झाला लैम्पस प्रबंधकों द्वारा किया जा सकता है। जिसकी उच्चस्तरीय जांच की आवश्यकता है।

# जुआरियों के खिलाफ कार्रवाई, 5 गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता < भाटापारा
www.dailypioneer.com

पुलिस अधीक्षक नीतू कमल ने जिला के थाना प्रभारियों को असमाजिक तत्वों एवं जुआ सट्टा पर अंकुश लगाने के लिए आवश्यक रूप से कार्यवाही के लिये निर्देशित किया। जिस पर कार्रवाई करते हुए 5 जुआरियों को गिरफ्तार किया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जेआर ठाकुरए अनुविभागीय अधिकारी भाटापारा केबी द्विवेदी के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी थाना भाटापारा ग्रामीण निरीक्षक नरेश चौहान के कुशल नेतृत्व में थाना भाटापारा ग्रामीण के ग्राम तरेंगा गौठान में कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा ताश खेलने की सूचना पर टीम गठन कर जुआ



खेलने वालों को घेरकर रेड कार्यवाही की। जिसमें 5 जुआ खेलने वालों भीम साहू, तूल कुमार, कमलेश शर्मा, सभी सकिनान तरेंगा तथा कल्याण आडील, कृष्ण कुमार डहरे साकिन अकलतरा को घटना स्थल पर धरदबोचा । उनके कब्जे से 12300 रुपया नगदी रकम एवं 52 ताश जब्त किया गया। आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। उसी प्रकार दूसरे फड़ ग्राम टिकुलिया में घटना स्थल ग्राम टिकुलिया गौठान के पास जूआ खेल रहे आरोपीगण भूपेंद्र निषाद, छबिलाल ध्रुव, कृष्ण कुमार साहू सकिनान टिकुलिया व शंकर देवांगन, दिनेश देवांगन सकिनान परशुराम वार्ड भाटापारा को गिरफ्तार के उनके कब्जे से 11000 रुपए व 52 पट्टी तास पत्ती जप्त कर आरोपियों के विरुद्ध धारा 13 जुआ एक्ट की कार्यवाही की गई। उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी थाना भाटापारा ग्रामीण नरेश चौहान, प्रएआर,मुकेश दीवान, धनजय यादव, विष्णु टंडन, आर, नवीन कुर्रे, टिकेश्वर साहू, रवि कंवर, मोहन सिदार, सतीश साहू, भूपेश यादव,नंद कुमार कुर्रे, हृदय आजाद, जितेन्द्र राजपूत, दिनेश जांगड़े।

# दंतेवाड़ा से 4 हजार दीयों के आपूर्ति का मिल चुका है आर्डर

- महिला समूहों को प्रोत्साहन करने उनके द्वारा निर्मित सामग्रियों की करें खरीदी

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



आगामी दीपावली त्यौहार हेतु प्रथम बार जिले में गौठान के गोबर से बने दीयों से रोशनी की जायेगी। इस संबंध में आज विधायक मोहन मरकाम एवं कलेक्टर नीलकंठ टीकाम द्वारा स्थानीय रजबंधा तालाब के समीप ग्रामीण आजीविका मिशन-बिहान में ग्राम बड़ेकनेरा की स्व-सहायता समूह की महिलाओ द्वारा गोबर से निर्मित दीये के विक्रय केन्द्र का शुभारंभ किया गया।इन स्टॉलों में दीये, सजावट की वस्तुएं, उपहार, छत्तीसगढ़ी व्यंजन सहित अन्य सामग्रियां प्रदर्शन और विक्रय के लिए रखी गयी हैं। बिहान के स्टॉल में महिला समूहों द्वारा गौठानों के गोबर से बनाए गए दीये के अलावा त्यौहार हेतु अन्य सजावटी वस्तुएं खरीददारी के लिए उपलब्ध हैं। मौके पर विधायक श्री मरकाम ने विक्रय केन्द्र पहुंचकर महिलाओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि महिला समूहों द्वारा जिस प्रकार अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया गया है वह काबिले तारीफ है और हर जिलेवासी को उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए इन सामग्रियों को अवश्य खरीदना चाहिए। ज्ञात हो कि ग्राम पंचायत बड़ेकनेरा आदर्श गौठान में उपलब्ध गोबरो से स्थानीय शीतला स्व-सहायता समूह की महिलाओं द्वारा दीयों का निर्माण किया जा रहा है और सबसे बड़ी बात तो यह है कि ये दीये पर्यावरण के दृष्टि से भी 'इकोफ्रेंडली' है और इनसे किसी भी प्रकार का प्रदुषण नहीं होता। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) अंतर्गत इन महिलाओं को पूर्व में इसके लिए चार दिवसीय प्रशिक्षण भी दिया गया था और वास्तव में इन महिलाओं ने दिए बनाने में अपनी कलात्मक अभिरुचि का भी परिचय दिया। इस प्रकार दीयों के निर्माण से महिलाओं का अतिरिक्त आमदनी भी हो रही है। मौके पर प्राप्त जानकारी अनुसार दंतेवाड़ा जिले से ही इन महिला समूह को 4 हजार दीयों की आपूर्ति करने का आर्डर भी मिल चुका है। साथ ही स्थानीय पुलिस विभाग से भी इन दीयों की मांग की गई है। ज्ञात हो कि पशुओं के गोबर से न केवल महिलाओं द्वारा दीये निर्मित किए जा रहे है, बल्कि इनसे अन्य धार्मिक अनुष्ठान की सामग्रियाँ भी बनाई गई है। कलेक्टर श्री नीलकंठ टीकाम ने मौके पर बताया कि माननीय मुख्यमंत्री की मंशानुरुप स्थानीय कारीगरो को प्रोत्साहन देने एवं महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से यह प्रयास किया गया है। इसके लिए अधिक से अधिक महिलाओं को इस कार्य में प्रशिक्षित करने की भी योजना है। इस मौके पर अध्यक्ष जिला पंचायत श्री देवचंद मातलाम, सीईओ जिला पंचायत नुपूर राशि पन्ना, स्थानीय जनप्रतिनिधिगण सहित बड़ी संख्या में शहरवासी उपस्थित थे।

### विद्युत बिल बकायादारों की बिजली कटी

**धमतरी।** जिले में विद्युत बिलों के बकायादार उपभोक्ताओं के लाईन विच्छेदित करने जिले भर में सघन अभियान चलाया जा रहा है। 15 अक्टूबर तक 2917 लाईन काटे गये है। 103.39 लाख की वसूली की गई है। अभियान में और तेजी लाने अनेक दलों का गठन किया गया है। इस अभियान के तहत संदिग्ध परिसरों की जांच भी की जा रही है। विद्युत अनियमितताओं के 65 प्रकरण पाये गये एवं रूण् 21.56 लाख के प्रकरण बनाये गये। विद्युत चोरी करते पाये जाने वालों पर विद्युत अधिनियम की धारा 138 के तहत कार्यवाही की जा रही है। यह अभियान शहरी एवं ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में एक साथ चलाया जा रहा है। अनेक स्थानों में ऐसे कनेक्शन पाये गये जहां एण्सीए कूलरए पम्प एवं अन्य विद्युत उपकरणों का धडल्ले से उपयोग किया जा रहा हैं। कई स्थानों पर घरेलु कनेक्शन लेकर उसका अनाधिकृत रूप से व्यवसायिक उपयोग करना तथा अनुबंधित भार से अधिक भार का उपयोग करना पाया गया। बकायादारों के विद्युत कनेक्शन काटने एवं बकाया राशि वसूली की दैनिक समीक्षा कार्यपालन अभियंता द्वारा की जा रही है। धमतरी संभाग के कार्यपालन अभियंता सतीशा कुमार किण्डो द्वारा अवगत कराया गया है

# निर्माण कार्यों का सांसद सोनी और विधायक शर्मा ने किया लोकार्पण



पायनियर संवाददाता < भाटापारा
www.dailypioneer.com

नगर पालिका में नवनिर्मित कार्यालय भवन के प्रथम तल पर निर्माण, सुभाष बाजार में बारात घर, गुरु घासीदास प्लाज़ा सहित अन्य निर्माण कार्यों का लोकार्पण सांसद सुनील सोनी और विधायक शिवरतन शर्मा ने किया। इस अवसर पर नगर पालिका के नवनिर्मित हाल के लोकार्पण समारोह के आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद ने कहा कि केंद्र सरकार से भरपूर पैसा राज्य सरकार को मिल रहा है। राज्य सरकार खुली मानसिकता से प्रदेश में कार्य करें लेकिन यह नहीं हो रहा है और प्रदेश का माहौल अब बदल रहा है। भाजपा को निश्चित तौर पर आने वाले नगरीय निकाय चुनाव में इसका फ़ायदा मिलेगा। विधायक शिवरतन शर्मा ने कहा कि प्रत्यक्ष प्रणाली से अगर निकाय चुनाव कराए जाते तो कांग्रेस की हार सुनिश्चित थी। नई प्रक्रिया से चुनाव में भी भाटापारा नगर पालिका में जीत हासिल करेंगे। पिछली कांग्रेस शासित पालिका का कार्यकाल किसी से छुपा नहीं है। कार्यक्रम में नगरपालिका अध्यक्ष मोहन बांधे, उपाध्यक्ष सुनील यदू, विधायक प्रतिनिधि आशीष जायसवाल, पुरुषोत्तम यदु, दिलीप छाबड़िया, राकेश तिवारी,महाबल बघेल, मनेन्दर सिंह के अलावा बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

**निकाय चुनावों में भाजपा को फ़ायदा मिलना तय-**:सांसद ने पत्रकारों से चर्चा में कहा कि इस साल महात्मा गांधी की 150 वीं जयंती मनाई जा रही है लेकिन 70 सालों में कांग्रेस ने गांधी जी के विचारों को कैसे लागू किया जाए इस पर कभी ध्यान नहीं दिया।

# लीग मैच में दुर्ग जोन ने किया बेहतर प्रदर्शन

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

जिला शिक्षा अधिकारी राजेश मिश्राय जिला क्रीड़ा अधिकारी सुध राम मरकामय सहायक जिला क्रीड़ा अधिकारी रामेश्वर राव, जिला परियोजना अधिकारी संजय राठौर ,कला संयोजक राजेंद्र राव, सहायक खंड शिक्षा अधिकारी इरशाद हुसैन अंसारी, सहायक ब्यायाम प्रशिक्षक राजेश नेताम, संयोजक शास्त्री संगीत समिति अनूप विश्वास ,मंच सज्जा निर्देशक वेंकट राव जी की उपस्थिति में 19वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का द्वितीय दिवस महात्मा गांधी हाई स्कूल मैदान में खेले जाने वाले बालिका वर्ग टेनिस बॉल प्रतियोगिता क्रिकेट का पहला मैच बिलासपुर विरुद्ध रायपुर के मध्य मैच खेला गया। रायपुर जोन पहले बल्लेबाजी करते हुए 7 रन बनाए। जवाब में बिलासपुर की टीम 48 रन पर सिमट गये।



इस प्रकार रायपुर जोन12 रन से विजयी रहा । दूसरा मैच दुर्ग विरुद्ध कबीरधाम के मध्य संपन्न हुआ । दुर्ग पहले बल्लेबाजी करते हुए 75 रन बनाए। जवाब में कबीरधाम के टीम ने 68 रन ही बना पाए। इस प्रकार दुर्ग 13 रन से विजई हुआ। तीसरा मैच बस्तर विरुद्ध राजनांदगांव के मध्य खेला गया ।बस्तर जोन पहले बल्लेबाजी करते हुए 96 रन बनाकर राजनांदगांव टीम को 97 रन का लक्ष्य दिया। राजनांदगांव 97 रन का पीछा करते हुए कुमारी कुसुम हैट्रिक विकेट लेकर 10 रन बनाये। जो उनका बेहतरीन प्रदर्शन था ।परंतु कुमारी कुसुम अपनी टीम को हार से नहीं बचा पाए ।

इस प्रकार बस्तर 44 रन से विजयी रहा ।चैथा मैच बिलासपुर जांजगीर के मध्य खेला गया ।जांजगीर पहले बल्लेबाजी करते हुए 56 रन ही बना पाए ।लक्ष्य का पीछा करते हुए बिना कोई विकेट खोए बिलासपुर की टीम 09 विकेट से मैच जीत लिया ।पांचवा मैच जसपुर और कांकेर के मध्य संपन्न हुआ जसपुर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवर में 65 रन ही बना पाए। जवाब में कांकेर की टीम 38 रन ही बना पाए । इस प्रकार 27 रन से जसपुर जोन विजई घोषित किया। गया छठवां में दुर्ग सरगुजा के मध्य खेला गया।

### भोजनादि एवं वैक्सीन डिलवरी फर्मो से निविदा आमंत्रित

**कोण्डागांव।** कार्यालय खण्ड चिकित्सा अधिकारी द्वारा जारी विज्ञप्ति अनुसार प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कोण्डागांव में विभिन्न कार्यक्रमों के तहत समय-समय पर प्रशिक्षण एवं बैठक हेतु स्वल्पहार एवं भोजन प्रदाय करने वाले तथा टीकाकरण कार्यक्रम के अंतर्गत वैक्सीन डिलवरी कार्य करने के लिए इच्छुक पंजीकृत स्व-सहायता समूह एवं फर्मो से मुहरबंद निविदाऐं आमंत्रित की गई है। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए फर्म अथवा स्व-सहायता समूह उक्त कार्यालय में संपर्क कर सकते है। इसके लिए निविदा प्रपत्र क्रय करने की तिथि 22 अक्टूबर से 15 नवम्बर 2019 तक रखी गई है। जबकि निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 16 नवम्बर निर्धारित है। निविदा 18 नवम्बर को खोली जावेगी।

# आदिवासी समारोह में दिया भाईचारा का संदेश

पायनियर संवाददाता < मनोरा
www.dailypioneer.com

जशपुर जिले के मनोरा ब्लॉक के ग्राम पंचायत जरिया में बड़े हर्षोल्लास के साथ आदिवासी लोक संस्कृति समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर जशपुर विधायक विनय कुमार भगत शामिल हुए। इसके आलवा जिला महामंत्री संजीव कुमार भगत, जयराम भगत, योगेश सिंह, दिनेश प्रधान के साथ ही बड़ी संख्या में अंचल के लोग उपस्थित हुए। कार्यक्रम में जरिया, सोगड़ा और,पीड़ी रटामाटी के कुल 16 नृत्य दलों ने भाग लिया। कार्यक्रम के आयोजन में सरपंच संजय किशोर लकड़ा, सचिव शोभनाथ भगत और मनोहर एक्का के साथ ही आसपास के गांव के सभी सरपंच-उपसरपंच का खास योगदान रहा। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आदिवासी लोक संस्कृति का संरक्षण एवं एकता-




संगठन और भाई चारा को बढ़ावा देना था। हर साल इस कार्यक्रम को आदिवासी समुदाय बड़े हर्सोल्लास और भाईचारे के साथ मनाता है। आदिवासी समाज में प्रचलित प्रमुख सामाजिक रीति रिवाजों का यहाँ उल्लेख किया गया है। यह रिवाज उनके सदियों से चले आ रही परम्पराओं का अभिन्न हिस्सा है। जिसे समुदाय के लोगों ने आज भी जीवंत रखा है। इस दौरान जरिया के सरपंच संजय किशोर लकड़ा ने कहा कि अधिकांश आदिवासी संस्कृति के प्राथमिक धरातल पर जीवन यापन करते हैं।

वे सामान्यतः क्षेत्रीय समूह में रहते हैं और उनकी संस्कृति अनेक दृष्टिओं से स्वयं पूर्ण रहती है। संस्कृतियों में ऐतिहासिक जिज्ञासा का अभाव रहता है तथा ऊपर की थोड़ी सी पीढ़ियों का अर्थात इतिहास है। किवदंतियों और पौराणिक के कथाओं में घुल मिल जाता है। आदिवासियों में बहुत सी कला होती और समय पर ही अपनी कलाओं को सामने लाते हैं।

# शहीद जवानों का स्मरण कर श्रद्धा सुमन अर्पित की गई

पायनियर संवाददाता < सरसीवां
www.dailypioneer.com

शहीद विवेक शुक्ला शा.उ.मा.वि. सरसीवां में पुलिस स्मृति दिवस मनाया गया। इस अवसर पर शहीद नंदकुमार साहू, शहीद विवेक शुक्ला एवं सेवा के दौरान शहीद हुए पुलिस जवानों का स्मरण करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित की गई। आरक्षक नरोत्तम पटेल ने पुलिस स्मृति दिवस मनाए जाने के बारे में बताया कि आज से 55 वर्ष पहले 21 अक्टूबर 1959 को लद्दाख में सीआरपीएफकी एक कंपनी देश की रक्षा के लिए तैनात थी तभी चीनी फ ौज ने उन पर धावा बोल दी। तब पुलिस के 21 जवानों ने आक्रमणकारियों का डटकर मुकाबला किया जिसमें 10 जवान मातृभूमि की रक्षा के लिए लड़ते हुए शहीद हो गए उनकी अमर बलिदान



को याद करते हुए केंद्रीय पुलिस संगठन एवं राज्य पुलिस द्वारा प्रति वर्ष 21 अक्टूबर को पुलिस स्मृति दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसी तारतम्य में शहीद विवेक शुक्ला शाउमावि सरसीवां में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। व्याख्याता कमलेश साहू ने बताया कि नंद कुमार साहू पिता धनीराम साहू ग्राम बम्हनपुरी ने इसी विद्यालय से कक्षा बारहवीं प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण कर आरक्षक के पद पर नियुक्त होकर मोपका सुकमा में नक्सली अभियान के दौरान शहादत प्राप्त की ।


**कार्यालय सम्पदा अधिकारी,**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-04**
शंकर नगर, रायपुर (छ.ग.) फोन नं.-0771-2436320
Email Id : eocghbzone04@gmail.com

**-: आम सूचना :-**

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है, कि सामान्य आवास योजनांतर्गत **डुमरतराई फेस-1 कॉलोनी,** रायपुर में स्थित **फ्लैट क्रमांक एल.आई.जी. - 113, ब्लॉक-05, पंचम तल, श्रीमती योगेश्वरी साहू पति श्री श्याम रतन साहू** के नाम पर स्ववित्तीय आधार पर आबंटित है। आबंटी द्वारा फ्लैट की लीजडीड दिनांक **13.03.2012** को पंजीकृत कराने उपरान्त उक्त फ्लैट का पूर्ण मूल्य जमा कर दिनांक **29.05.2014** आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया गया है, वर्तमान में आबंटी **श्रीमती योगेश्वरी साहू पति श्री श्याम रतन साहू,** निवासी - छत्तीसगढ़ पाठ्यपुस्तक नियम माध्यमिक शिक्षा मंडल परिसर टैगोर नगर, पेंशनबाड़ा रायपुर, के द्वारा उक्त फ्लैट को अपनी **बड़ी बहन हेमलता साहू पति श्री भूषणलाल साहू** निवासी-ग्राम रामखेड़ा तहसील महासमुंद जिला महासमुंद छ.ग के नाम पर (गिफ्ट) दान करने के लिये इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत कर दाना (गिफ्ट) अनापत्ति प्रमाण पत्र (NOC) की मांग की गई है।

अतः उक्त फ्लैट के दान (गिफ्ट) के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तिय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

मुहर
**सम्पदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-4, रायपुर**

**कार्यालय, नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.) जोन क्रमांक -1**
0771-2535780,90 फैक्स 0771227395,
ई-मेल dcrmc2@rediffmail.com
जोन कार्यालय, खमतराई पानी टंकी, परिसर, रायपुर (छ.ग.)

**-: इश्तिहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-**

नामांतरण प्र.क्र. 149/2019-20
वार्ड का नाम - ठक्कर बापा वार्ड-09

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि, **ठक्कर बापा वार्ड-09** वार्ड स्थित भवन **9/नया** जो कि निगम अभिलेख में **श्री वारी लाल सोनकर वल्द नेबूलाल सोनकर** के नाम से दर्ज है, जिसको 1. **श्री सुधारु राम धृतलहरे वल्द श्री स्व. मोहन लाल धृतलहरे** 2. **श्री मुकेश कुमार धृतलहरे वल्द श्री सुधारु राम धृतलहरे** ने रजिस्ट्री / लिखित द्वारा वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

मुहर
**जोन कमिश्नर**
**जोन क्रमांक - 1**
**नगर पालिक निगम, रायपुर**

**कार्यालय, नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.) जोन क्रमांक -1**
0771-2535780,90 फैक्स 0771227395,
ई-मेल dcrmc2@rediffmail.com
जोन कार्यालय, खमतराई पानी टंकी, परिसर, रायपुर (छ.ग.)

**-: इश्तिहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-**

नामांतरण प्र.क्र. 02/2019-20
वार्ड का नाम - यति यतन लाल वार्ड क्र. 04

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि, **यति यतन लाल वार्ड क्र. 04** वार्ड स्थित भवन **4/नया** जो कि निगम अभिलेख में **श्री शेख आरिफ वल्द मरहुम शेख मुस्तफा** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री महेश कुमार जाल S/o. श्री के.आर. जाल** ने रजिस्ट्री / लिखित द्वारा वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

मुहर
**जोन कमिश्नर**
**जोन क्रमांक - 1**
**नगर पालिक निगम, रायपुर**

**कार्यालय, नगर पालिक निगम बीरगांव जिला-रायपुर (छ.ग.)**

**-: ईश्तहार/आधिपत्य की सूचना :-**

नामांतरण प्र.क्रं. 200 2019-20
वार्ड का नाम - मौलाना अब्दुल रऊफ वार्ड क्र. 28

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि, **मौलाना अब्दुल रऊफ वार्ड क्र. 28** स्थित भवन/भूमि **01/नया** जो कि निगम अभिलेख में **श्री/श्रीमती नरगिस खातुन** पिता/पति **जलील खान** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री/श्रीमती मोहम्मद अफरोज** पिता/पति **मोहम्मद वकील** ने रजिस्ट्री / लिखित द्वारा वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1959 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

मुहर
**आयुक्त**
**नगर पालिक निगम**
**बीरगांव**

**कार्यालय, नगर पालिक निगम बीरगांव जिला-रायपुर (छ.ग.)**

**-: ईश्तहार/आधिपत्य की सूचना :-**

नामांतरण प्र.क्रं. 198 2019-20
वार्ड का नाम - भारत माता वार्ड क्र. 30

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि, **भारत माता वार्ड क्र. 30** स्थित भवन/भूमि **01/नया** जो कि निगम अभिलेख में **श्री/श्रीमती दुखूराम देवांगन** पिता/पति **बिसौहा राम देवांगन** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री/श्रीमती श्यामबाई देवांगन** पिता/पति **दुखूराम देवांगन** ने रजिस्ट्री / लिखित द्वारा वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1959 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

मुहर
**आयुक्त**
**नगर पालिक निगम**
**बीरगांव**

**कार्यालय नगर पालिक निगम जोन क्र. 5, रायपुर**
ईदगाह भाटा, पानी टंकी, रायपुर (छ.ग.)
0771-4045819, E-MAIL :- rmczone5@gmail.com

**-: इश्तिहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-**

नामांतरण प्र.क्र. 256/2019-2020
दिनांक 21.10.19
वार्ड का नाम-शहीद चुड़ामणी नायक वार्ड-16

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि **शहीद चूड़ामणी नायक वार्ड क्र. 16** वार्ड स्थित भवन/भूमि **16/E/80** जो कि निगम अभिलेख में **श्री श्रीचंद आहूजा पिता किशन चंद** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री/श्रीमती सरोज आहुजा पति स्व. श्रीचंद आहुजा 2. मनीषा आहुजा पति श्री गुलाब चंद पंजवानी** ने रजिस्ट्री / लिखित द्वारा वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त, स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

मुहर
**जोन कमिश्नर**
**जोन क्र. 5**
**नगर पालिक निगम, रायपुर**

संपादकीय

# अवैध आप्रवासियों की वापसी, नौकरी दिलाने वाले कार्टेलों की धोखाधड़ी

**अमेरिका** के पास अपने देश की सुरक्षा बढ़ाने तथा अवैध आप्रवासियों व शरणार्थियों के लिए कठोर मानक बनाने का अधिकार है। लेकिन ट्रंप प्रशासन की कठोरता का अनुभव भारत में हुआ जब मैक्सिको से अमेरिका में अवैध रूप से प्रवेश करने के इच्छुक एक महिला समेत 311 भारतीयों को वापस भेज दिया गया। सालों से कुछ कार्टेल इस तरह लोगों को अमेरिका में अवैध प्रवेश कराते थे। उम्मीद है कि आप्रवासी भी इस घटना से सतर्क होंगे तथा अपना जीवन और संपत्ति एजेंटों व मानव व्यापारियों को नहीं सौपेंगे। उम्मीद करनी चाहिए कि पंजाब और हरियाणा के हजारों ग्रामीणों का विदेश जाने का सपना कुछ यथार्थवादी बनेगा। अवैध प्रवेश का प्रयास विफल होने पर लौटने वाले हर व्यक्ति ने 15 से 18 लाख रुपये खर्च किए हैं। यदि वे समुचित तरीके से निवेश करते तो इतने पैसे से भारत में भी अच्छा जीवन बिता सकते थे, लेकिन अब भविष्य अंधकारमय है। मैक्सिको से भारतीयों की ऐसी वापसी पहली बार हुई है। मैक्सिको के राष्ट्रीय विस्थापन संस्थान के अनुसार वापस जाने वालों के लिए समुद्र पार हवाई किराया बहुत महंगा है और मैक्सिको द्वारा बड़ी संख्या में लोगों को वापस भेजे जाने के कारण इसमें कमी की उम्मीद नहीं है। मैक्सिकन निर्यात पर अमेरिकी टैरिफ घटाने के बदले में उसने अमेरिका में होने वाला आप्रवास घटाने का वादा किया है। मैक्सिको अधिकारियों ने जनवरी व फरवरी में 25,069 मध्य अमेरिकनों को वापस भेजा जो पिछले साल की तुलना में दूने हैं। इनमें 4,289 नाबालिग हैं। भारतीयों का सपना भले ही टूट गया हो, पर वे भयानक हिरासती केन्द्रों में जाने से बच गए।

अमेरिका के लिए आदर्श आप्रवासी के रूप में युवा शिक्षित व्यक्ति की छवि उभरती है जो या तो उच्च शिक्षा की इच्छा रखता हो या पहले से ही साफ्टवेयर पेशेवर हो तथा अमेरिका की प्रगति में बौद्धिक योगदान कर सकता हो। लेकिन अवैध आप्रवासी बिल्कुल अलग हैं। वापस लौटे लोगों की आयु 18 से 27 वर्ष के बीच है, वे स्नातक हैं तथा अमेरिका में टैक्सी ड्राइवर के रूप में आजीविका चाहते थे। यह समझना कठिन नहीं है कि इतने जोखिम के बावजूद उन्होंने यह यात्रा क्यों की। स्पष्ट रूप से उनकी समस्या रोजगार के घटते अवसरों तथा देश की निजी व सार्वजनिक कंपनियों में तुलनात्मक रूप से वेतन कम होना है। बेरोजगार लोगों के लिए मोटी कमाई और अपने घर बड़ी धनराशि का चेक भेजने का लालच बहुत बड़ा है और इसी कारण वे जीवन खतरे में डालने वाली विदेश यात्रा के लिए तैयार रहते हैं। घोटालेबाज इसी इच्छा का लाभ उठाते हैं। देश में नौकरियां दिलाने का फर्जी रैकेट एक उद्योग बन गया है। ऐसे रैकेट बहुत संगठित हैं। रैकेटों में कुछ बहुत रचनात्मक सोच तथा कानूनी समझ वाले लोग होते हैं जो आप्रवासियों को कानून तोड़ने का प्रशिक्षण देते हैं। हर सरकार को अवैध आप्रवासियों की समस्या से निपटना पड़ता है। वर्तमान घटना से सरकार को आकर्षक नौकरियों का लालच देने वाले दुष्ट तत्वों के खिलाफ कार्रवाई तेज करने की जरूरत स्पष्ट होती है। पंजाब व हरियाणा में यह बड़ी चुनौती है जहां अवैध मानव व्यापार के नेटवर्क में गुंडों, नशे के व्यापारियों तथा माफिया तत्वों की भी सहभागिता थी। इसी के साथ ही जनता को जागरूक करने के लिए अभियान चलाया जाना चाहिए ताकि वह फर्जी एजेंटों का शिकार होने के खतरे समझ सके। उसे दूतावासों व उच्चायोगों के माध्यम से रोजगार तलाशने के लाभ भी बताए जाने चाहिए।

# उभरते भारत की नई पहचान

## भारत का नया फैशन मंत्र स्वदेशी भावना या इथनोसेंट्रिक अथवा अति-प्रदर्शन या मस्कुलैरिटी से प्रभावित नहीं है। लेकिन इसके बावजूद यह सार्थक, जीवन्त व विश्वास से भरा है।



**रिकू घोष**
लेखिका दि पायनियर की सह संपादक हैं)



कुछ दिनों पहले पुरुषों के लिए वस्त्र तैयार करने वाले एक लेबिल ने असेंबली लाइन उत्पाद की तरह नेहरू जैकेट लांच की। इसे त्योहारों या खास अवसरों पर पपहने जाने वाले इथनिक फैंसी उत्पाद के बजाय नियमित या कारपोरेट वियर के रूप में पेश किया गया था। यह वेस्टर्न सूट के औपचारिक कोड से व्यापक परिवर्तन तथा इथनिक पहचान को समान रूप से महत्वपूर्ण सिद्ध करने का एक प्रयास है। अन्य कंपनियों के नवीनतम ब्रांडों के प्रचार में नौजवान इथनिक वियर बिना किसी शर्म के प्रदर्शित करते दिखते हैं। प्रचार का एक महत्वपूर्ण विज्ञापन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा का है जिन्होंने हिंदी फिल्मों के माध्यम से लोकप्रिय फैशन का नया व्याकरण गढ़ा है। उन्होंने विज्ञापन में एक युवती को सलाह दी कि परंपरागत सिल्क और साड़ियों पर ज़री को कैसे धुला जाए जो उसके वार्डरोब में भरी पड़ी थीं। इससे स्पष्ट हुआ ये वस्त्र किसी खास अवसर पर या एक-दो बार पहनने के बजाय रोज पहने और बार-बार घर पर धुले जा सकते हैं। रोज पहनने की भावना भारतीय फैशन को उन संकुचित सीमाओं से अलग किया है जो पहले इस पर हावी मानी जाती थीं।

बहुत लंबे समय से फैशन मानवशास्त्र अध्ययन का सर्वाधिक प्रकट मानक रहा है। इस दृष्टिकोण से भारत के नौजवान, खासकर मिलीनियल अपनी सोच के बजाय अपने द्वारा पहने कपड़ों से पहचाने जाते हैं। इस प्रकार हम उदारीकरण के बाद एक चक्र पूरा कर दुनिया के लिए खुल गए हैं। डब्लूटीओ के बाद पश्चिम की ब्रांड चेतना व व्याकरण अपने भीतर समाहित करने की दौड़ अंधाधुंध जारी है। चाहे जो असहज भावना या बाधा हो, पर वैश्वीकरण से संबंध बनाने व उसकी खुली स्वीकार्यता की भावना व्याप्त है। मैक्डोनाल्डीकरण की प्रक्रिया भी हमें अपनी कठोरता से अलग कर कैजुअल फ्राइडे ड्रेसिंग के रूप में सामने आई है यह व्यवहार परिवर्तन औपचारिक व अनौपचारिक क्षेत्रों में अपना असर दिखा रहा है। खुले लोकतंत्र तथा जेंडर समानता ने कैजुअल वियर बाजार के माध्यम से हमारी सामाजिक चेतना पर असर डाला है। इसमें रोज अच्छा दिखने तथा भीड़ में सहज अनुभव करने की सोच भी शामिल है। परिष्कृत वस्त्रों तथा बूटिक फैशन हाउसों की मिनिमलिज्म से हमारी अभिव्यक्ति को बेहतर बनाया है। इसका अर्थ है कि वैश्विक भारतीय पहचान किसी महिला या पुरुष द्वारा पहने वस्त्रों से निर्धारित होती है। वस्त्रों पर लगे ब्रांडों के छाप कहीं भी देखे जा सकते हैं। एक समय हमारे डिजाइनर अंतरराष्ट्रीय सहयोग पाने के लिए अपने कारीगरों की शानदार विरासत का प्रयोग करते हुए न्यूयार्क, मिलान व लंदन के रैंपों पर स्वीकार्यता तलाशने का प्रयास करते थे।

1990 दशक के बाद हम दुनिया के साथ छलांग लगाने का प्रयास कर रहे हैं। लगभग तीन दशक बाद हम फैशन की दुनिया में महत्वपूर्ण तत्व हैं और राजनीतिक-आर्थिक स्थिति हमारी सांस्कृतिक पहचान में विश्वास पैदा कर रही है। इसी कारण आज बनारस का संबंध केवल साड़ियों से न होकर एक अवधारणा के रूप में उभरा है जो हमारे पहचान के अनेक मानकों में शामिल है। हमने पश्चिमी अवधारणाओं को समाहित कर एक प्रकार की ब्लैंडिंग की है जिससे हम वैश्विक भारतीय के बजाय इंडियन-ग्लोबल बन गए हैं। आज फैशन अंततः स्प्रिंग-समर व फाल-विंटर की पश्चिमी अवधारणाओं से अलग हो गया है तथा उसने अपनी समयसीमा बना ली है। फ्रीफ्लोइंग ड्रेप्स के माध्यम से खादी विकास के केन्द्र में आ गई है। कुर्ता-चूड़ीदार व वेस्टकोट सर्वाधिक समन्वित व आधुनिक फैशन स्टेटमेंट बन गया है। हमारे डिजाइनर भी अब स्वदेशी बाजार में संभावनायें देखते हैं और अंतरराष्ट्रीय सहयोग के बजाय अपनी कारीगरी को दुनिया की फैशन राजधानियों में ले जाते हैं। वे इथनिक भारतीय लेबिल को पहचान के बजाय दर्शन के रूप में पेश करते हैं जहां हस्तकला कौशल के साथ ही मौलिकता भी है। इसके साथ इसमें टिकाऊपन, गतिशीलता, रंग और जनता भी है। इस नव-भारतीय उभार के कारण दुनिया आज हमारे कदमों में है और हम स्पष्ट रूप से इसका प्रदर्शन कर रहे हैं। ऐसा करने में हमारी परिष्कृत शैली ने हमें सिखाया है कि फ्यूजन का क्या अर्थ है। इसका अर्थ एक सांस्कृतिक स्मृति का फैशन के व्यावहारिक व्याकरण से सम्मिलन है जिसमें दोनों का गहरा ज्ञान हमारी शरीर भाषा को परिभाषित करता है। टेक्नोपैक के एक अध्ययन के अनुसार भारत का एथनिक वियर उद्योग इस वित्त वर्ष के अंत तक 1,26,210 करोड़ का हो जाएगा जिसमें महिलाओं के कपड़ों का हिस्सा 83 प्रतिशत होगा। कपड़ों के बीबा ब्रांड द्वारा कराए सर्वेक्षण के अनुसार 16 से 50 वर्ष आयुवर्ग वाली महिलाओं में एथनिक वियर पसंद किए जाते हैं। इनकी लोकप्रियता खासकर दूसरी व तीसरी श्रेणी के शहरों में है।

यह महत्वपूर्ण है क्योंकि इससे सामाजिक, आर्थिक व राजनीतिक स्पेस में महिलाओं का सशक्तीकरण स्पष्ट होता है जिसके चलते वे बाजार का बड़ा हिस्सा बन कर उभरी हैं। इससे यह भी स्पष्ट होता है कि कार्यबल में बढ़ती सहभागिता के कारण उनकी खरीद शक्ति भी बढ़ी है। खासकर कंपनियों के बोर्ड रूमों में महिलायें हर प्रकार से पुरुषों जैसी दिखती हैं, चाहे दृष्टिकोण हो या कपड़े पहनने की पसंद। इस प्रकार उन्होंने अपने बारे में सभी बाधायें तोड़ी हैं तथा नियम पूरी तरह बदल दिए हैं। महिलाओं ने अपनी परंपरागत पसंद बनाए रखी है तथा वे अपने शरीर के आकार प्रकार के अनुसार विभिन्न प्रकार के वस्त्र अपनाए हैं। सलवारों का स्थान पलाज़ू तथा लांग फ्लोइंग स्कर्ट ने ले लिया है, छोटी कुर्तियों के साथ ही अनारकली का प्रचलन बढ़ रहा है, कुर्ते फर्श तक पहुंच रहे हैं तथा साड़ियां काकटेल गाउनों में बदल गई हैं। वास्तव में आज फ्यूज़न वियर दिन में पहनने तथा इवनिंग वियर में बदल गया है। पश्चिम-समर्थक पीढ़ी नौजवानों के लिए एक अच्छे विकल्प के रूप में उभरी है जो विश्वविद्यालयों में जीन्स व टी-शर्ट के परंपरागत वस्त्र के बजाय कभी-कभी एथनिक वस्त्र पहनना चाहते हैं।

अपने मूल के बारे में बढ़ती चेतना के कारण साड़ी, फैब्रिकों व धातुओं में हमारी दिलचस्पी पैदा हुई है। आनलाइन साड़ी पहनने की चुनौतियों से फैब्रिक और डिजाइन की विविधता की तलाश तेज हुई तथा काटन पर पुनः ज्यादा जोर दिया गया। इससे डिजाइनरों व सहकारिताओं को बुनाई क्लस्टरों को पुनर्जीवित करने तथा स्थानीय बाजार संगठित करने में सहायता मिली। भारत की धातु एवं खनिज संपदा ने ट्राइबल ज्वेलरी को अवांत-गार्ड स्टेटमेंट के रूप में बदल दिया है। ड्रेप्स व फ्लोइंग लाइन्स के साथ सहजता ने 'अन्य' को ज्यादा निकट लाने का अवसर दिया है, फिर चाहे वह एलजीबीटीक्यू समुदाय हो या पुरुषों में ही जो उपनिवेशवाद द्वारा एक खांचे में बंद कर दिए गए थे। अब वे सभ्यतामूलक तर्क के साथ आर्गेनिक व हवादार फैब्रिक का प्रयोग कर रहे हैं जो ट्रापिकल क्षेत्र के लिए हल्के व सहज होते हैं।

इस प्रकार फैशन विभिन्न लक्ष्यों या राजनीति के अलावा सशक्तीकरण की सही अभिव्यक्ति बन गया है। वास्तव में यह हमारी नई-चेतना का प्रतीक बन गया है। इसमें व्यक्तिगत अनुभव व विमर्श, स्थानीय संदर्भ, कढ़ाई व फैब्रिक्स जैसे भागलपुर सिल्क व असम मूगा तथा विरासती स्थलों की इमारतों व अन्य संरचनाओं को स्थान मिलता है। निश्चित रूप से जलवायु परिवर्तन के समय में पर्यावरण राजनीति में भारत की पहल उल्लेखनीय है। ऐसे में भारतीय फैशन सर्वाधिक टिकाऊ पसंद के रूप में उभरा है जहां रचनाकार प्रयोग, पुनः प्रयोग तथा रिसाइकिल करते हैं। चाहे जीरो-वेस्ट उत्पादन प्रक्रियायें हों या स्थानीय संसाधन, बिने कपड़े या प्राकृतिक रंग, टिकाऊपन को अक्सर वार्डरोब में समुचित स्थान मिलता है। खासकर उचित-व्यापार व्यवहारों व बुनकरों तथा कारीगर क्लस्टरों को लाभ पहुंचाने का अर्थ सामाजिक जिम्मेदारी तथा जनता की पसंद को महत्व मिलना है। अब डिजाइनर स्वतंत्र रूप से कारीगरों के क्लस्टरों के साथ काम कर रहे हैं तथा नए लोगों को खोज कर उनके पुराने सामान में मूल्य संवर्धन कर रहे हैं। इसके साथ ही वे अन्य समाजों व समूहों से किसी खास कौशल के बारे में सीख रहे हैं। यह जमीनी स्तर पर गांधीवाद की मूल भावना की अभिव्यक्ति है जो राजनीतिक स्पेस में ग्रामीण भारत को प्राथमिकता देती है तथा फैशन उद्योग अपने उद्देश्य में सचमुच समावेशी हो गया है। भारत का नया फैशन मंत्र स्वदेशी भावना या इथनोसेंट्रिक अथवा अति-प्रदर्शन या मस्कुलैरिटी से प्रभावित नहीं है। लेकिन इसके बावजूद यह सार्थक, जीवन्त व विश्वास से भरा है।

# स्वास्थ्यरक्षा में तकनीकी का महत्व

**निखिलेश तिवारी**
(लेखक चिकित्सा उपकरण विपणन एवं वितरण कम्पनी के निदेशक हैं)



सफलतापूर्वक स्वास्थ्यरक्षा मुहैया कराना कर्मियों एवं तकनीकी की उपलब्धता पर निर्भर करता है। चिकित्सा उपकरण देखभाल व चिकित्सा मुहैया कराने में अहम भूमिका अदा करते हैं क्योंकि वे स्वास्थ्यरक्षा प्रदाताओं को उनका दायित्व प्रभावी ढंग से निभाने में आवश्यक उपकरणों से लैंस करते हैं। यद्यपि देश का स्वास्थ्यरक्षा उद्योग पिछले दशक के दौरान महत्वपूर्ण ढंग से आगे बढ़ा है, हमारा स्वास्थ्यरक्षा तंत्र गुणवत्तापूर्ण सेवाओं की उपलब्धता एवं वहनीयता के अभाव से ग्रसित है।

असलियत में, भारत इस मामले में ब्राजील, रूस, चीन व दक्षिण अफ्रीका तथा अन्य कुछ विकासशील देशों से पीछे है। जबकि स्वास्थ्यरक्षा सातत्य, के प्रत्येक चरण तक संभव बनाने के लिए तकनीकी उच्चीकरणों का विस्तार किया गया है, पहुंच एवं जनतांत्रिक उपलब्धता एक बाधा बनी हुई है। भारत के समक्ष दोहरी चुनौती है क्योंकि जीवन शैली का बढ़ता बोझ क्षय रोग जैसी संक्रामक व्याधियों के बढ़ने में योगदान करता है। वर्तमान समय में देश में 61 प्रतिशत मौतों के लिए गैर-संक्रामक बीमारियां जिम्मेदार हैं। जबकि दोनों सरकारें एवं निजी सहभागियों ने गुणवत्ता सेवाओं के अभाव को संबोधित करने के लिए कुछ उपाय किए हैं, ये प्रयास असमान रूप से क्रियान्वित हो पाते हैं।


इस परिदृश्य में, चिकित्सा उपकरण बेहतर स्क्रीनिंग, बीमारी की पहचान एवं उपचार के साथ-साथ रोकथाम को बल प्रदान करने में अहम भूमिका अदा करते हैं। यद्यपि उपकरण विनिर्माताओं ने अधिकतर देखभाल की गुणवत्ता एवं जीवन प्रत्याशा सुधारने पर ध्यान केंद्रित किया है, उन्हें व्यापक प्रभाव के लिए वहनीयता को भी बढ़ाने की जरूरत है। तकनीकी ने व्याधियों की सटीक पहचान एवं जटिलता से निबटने की क्षमता में सुधार किया है। पोर्टेबल उपकरणों ने प्राथमिक स्वास्थ्यरक्षा स्तर पर व्याधि पहचान व्यवस्था में सुधार संभव बनाया है तथा उनकी मदद से घर पर ही देखभाल मुहैया कराई जाती है और इससे स्वास्थ्य परिणामों एवं मरीजों में संतोष बेहतर हुआ है। इसने स्वास्थ्यरक्षा से वंचित तथा दूरस्थ क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण देखभल मुहैया कराने की क्षमता में सुधार किया है, साथ ही मरीजों के लिए परम्परागत स्वास्थ्यरक्षा सुविधाओं से बाहर उपचार करना संभव हुआ है। शल्य क्रिया उपकरणों में तकनीकी उच्चीकरण ने चिकित्सकों को अत्यधिक जटिल एवं नाजुक मामलों का उपचार करने की क्षमता बढ़ा दी है और लंबे समय तक अस्पताल में भर्ती की अवधि को कम किया है। इसकी मदद से अल्प अवधि के लिए रुकने योग्य शल्य क्रिया केंद्रों में चयनात्मक एवं जटिल आपरेशन किया जाना संभव हो गया है। उदाहरण के लिए, लैप्रोस्कोपिक शल्य क्रिया कार्य प्रणालियों से परिणामों में सुधार, अस्पताल में भर्ती की अवधि घटना साथ ही उपचार की लागत कम होना आदि। पुनर्वास केंद्र एवं अस्पतालों द्वारा अत्याधुनिक बहाली एवं सहायक उपकरणों की मदद से मरीजों के लिए सामान्य जीवन में वापस लौटना सरल हो गया है। क्यूरेटिव तकनीकों में उच्चीकरण के चलते विकलांगताओं के शिकार लोगों का उत्पादक जीवन जीना संभव हुआ है। स्क्रीनिंग उपकरणों के उच्चीकरण के कारण मरीजों के लिए अपने घर में अपनी स्थिति की निगरानी करना संभव होता है, और वे उपकरण सभी स्वास्थ्य संकेतकों पर निकट से निगाह रखते हैं। इसके अतिरिक्त, स्मार्ट उपकरणों का इस्तेमाल दूरस्थ मरीजों की निगरानी के लिए किया जा रहा है जिसके अंतर्गत जीवन के लिए घातक स्थितियों की पहचान जल्द हो जाती है और बार-बार अस्पताल आने की जरूरत नहीं पड़ती एवं पहले से ही अतिशय बोझ से लदे स्वास्थ्यरक्षा केंद्रों का बोझ कम हो जाता है। हालांकि, देशीय विनिर्माताओं के लिए अधिक अनुकूल माहौल बनाए जाने की आवश्यकता है क्योंकि चिकित्सा तकनीकी स्वास्थ्यरक्षा मुहैया कराने के खर्च में महत्वपूर्ण योगदान करती है।

> **यद्यपि उपकरण विनिर्माताओं ने अधिकतर देखभाल की गुणवत्ता एवं जीवन प्रत्याशा सुधारने पर ध्यान केंद्रित किया है, उन्हें व्यापक प्रभाव के लिए वहनीयता को भी बढ़ाने की जरूरत है।**

संकीर्ण आंकड़ों के मुताबिक, चिकित्सा उपकरण का किसी द्वैतीयिक अथवा तृतीयिक देखभाल केंद्र के गठन में लगने वाली पूंजी में कम से कम 30 प्रतिशत योगदान होता है। इसके अतिरिक्त, बीमारी की पहचान एवं चिकित्सा उपकरणों का चिकित्सा सेवाओं की लागत में कम से कम 20 प्रतिशत योगदान होता है। दुर्भाग्य से, पारिस्थितिकीय तंत्र वहनीयता एवं पहुंच को बढ़ाने के मामले में अनुकूल नहीं है। वर्तमान समय में उपकरणों पर वस्तु एवं सेवा कर 12 प्रतिशत है। दूसरी ओर, कस्टम शुल्क कम है। यह टैक्स नीति देशीय उत्पादन पर नकारात्मक असर डालती है और आयातों का समर्थन करती है, जो मेक इन इंडिया पहल के लिए प्रतिरोधक साबित होता है। क्योंकि शुल्क ढांचा कच्चे माल के बजाए बनी बनाई वस्तुओं को लाने का पक्षधर है, उद्योग की बिक्री में आयातों का योगदान 75 प्रतिशत है। परिणामस्वरूप, स्थानीय विनिर्माता मूल्य श्रंखला के निम्न छोर पर उत्पाद निर्मित करते हैं। सरकार को स्थानीय विनिर्माताओं का बाजार में हिस्सा बढ़ाने में मदद करने के लिए अपनी टैक्स नीति के पुनरीक्षण पर विचार करना होगा। इससे उन्हें अधिक वहनीय लागतों पर उत्पाद बनाने में मदद मिलेगी। बदलते हुए विनियामक तथा आर्थिक माहौल के साथ, चिकित्सा उपकरण क्षेत्र भविष्य में बढ़ना निश्चित है और बहुत से कारक उसे बढ़ावा दे रहे हैं। आंकलनों के मुताबिक, गैर संक्रामक व्याधियां 2025 तक देश में 75 प्रतिशत मौतों का कारण बनेंगी, क्योंकि मधुमेह, हृदयरोग एवं प्रगतिशील फेफड़ों की बीमारियों से ग्रसित लोगों की संख्या बढ़ेगी। वृद्धों की जनसंख्या बढ़ रही है और दुनिया में, घरों तथा स्वास्थ्यरक्षा केंद्रों में, गुणवत्तापूर्ण देखभाल की अधिक आवश्यकता है।

अधिक अनुकूल कर ढांचा निर्धारित करने के अलावा, देश को गुणवत्ता के उच्च मानक पूर्ण होना सुनिश्चित करने के लिए अपना विनियामक कार्यतंत्र तथा परीक्षण कार्यप्रणालियां मजबूत करने की आवश्यकता है। खबरों के मुताबिक, नीति आयोग ने ऐसे बेहतर विनियमन को सुनिश्चित करने के लिए रोडमैप तैयार किया है जिसके अंतर्गत आयातित एचं स्थानीय स्तर पर निर्मित, सभी उपकरणों का प्रमाणीकरण केंद्रीय दवा मानक नियंत्रण संगठन द्वारा किया जाना होगा। यद्यपि विनियमन में सुधार लाना स्वागतयोग्य है, अधिकारियों को सुनिश्चित करना होगा कि प्रक्रिया सुगम, अवरोधों से मुक्त एवं तेज गति वाली हो।

## फरमाया



**मोदी** जी केवल अनुच्छेद 370 याद करते हैं और भूल जाते हैं कि पाकिस्तान को दो टुकड़ों में किसने तोड़ा। यह काम कांग्रेस ने किया था।

**– कपिल सिब्बल**
कांग्रेस नेता



**विश्वास** है कि भारत और चीन अपने मतभेद समझेंगे तथा कभी इनका नकारात्मक प्रभाव द्विपक्षीय सहयोग पर नहीं पड़ने देंगे।

**– सुन वेलडांग**
चीनी राजदूत



**इतने** वर्ष तक सत्ता में रहने के बावजूद लोग कांग्रेस की विचारधारा से क्यों नहीं जुड़ते हैं? लोगों के लिए राष्ट्रहित महत्वपूर्ण है।

**– राधाकृष्ण विखे पाटिल**
भाजपा नेता

## आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल से
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।

www.dailypioneer.com

## पाक पर प्रचंड प्रहार

**हर** वक्त भारत में आतंकवाद को बढ़ावा देने की फिराक में रहने वाला आतंकियों का आका नापाक पाकिस्तान अपनी कायरता पूर्ण हरकतों से कभी बाज नहीं आने वाला है। जबकि आज उसके हालात यह हैं कि वो दाने-दाने के लिए मोहताज है और बर्बादी के कगार पर पहुंच चुका है।

लेकिन उसके बाद भी पाकिस्तान आये दिन कायरता की नई मिसालें बनाता जा रहा है। वैसे तो आतंकियों का आका पाक भारत की तरक्की से जल-भुन कर हमेशा बैठा रहता हैं, लेकिन सच्चाई यह भी है कि पाक का राजनैतिक नेतृत्व व सेना पाकिस्तान की अंदरूनी अपनी नाकामियों को छिपाने के लिए, आए दिन भारत में आतंकियों की घुसपैठ कराने के लिए सीजफायर का उल्लंघन करता है और फिर जब भारतीय सेना हमले का मुंहतोड़ जोरदार जवाब देती है, तो पाकिस्तान तुरंत हाथ खड़े कर विश्वसमुदाय के सामने जान बचाने के लिए गिड़गिड़ाना शुरू कर देता है।

कुछ ऐसा ही नजारा एक बार फिर रविवार को देखने को मिला है, जब भारतीय सेना के जाबांज जवानों के प्रचंड प्रहार के बाद पाकिस्तान फिर से गिड़गिड़ाने लगा।

– **दीपक कुमार त्यागी**, मेल से

## सोशल मीडिया के दुष्प्रभाव

**बांग्लादेश** में किसी दूसरे धर्म के व्यक्ति ने शरारतपूर्ण तरीके से किसी अन्य धर्म से संबंधित व्यक्ति का फेसबुक अकाउंट हैक कर आपत्तिजनक धार्मिक टिप्पणी की। इस कथित टिप्पणी के बाद प्रतिक्रिया में इनके धर्मानुयायियों ने हिंसक विरोध प्रदर्शन किया और सरकारी संपत्ति को जमकर नुकसान पहुंचाया। इसमें कई लोग मारे गए। सोशल मीडिया के विश्व में दुष्प्रभाव के मामले प्रतिदिन बढ़ते जा रहे हैं। न्यूजीलैंड, अमेरिका और इंग्लैंड जैसे विकसित देश भी सोशल नेटवर्किंग साइट्स के दुरुपयोग से बचे नहींहैं। विकसित देशों में सोशल मीडिया को लेकर विकासशील देशों से ज़्यादा कठोर कानून हैं और साइबर अपराध तो होते ही हैं, नेटवर्किंग साइटों का आपराधिक मंशा के लिए इस्तेमाल भी चिंताजनक स्तर तक पहुंच चुका है। सोशल नेटवर्किंग का संचालन करने वाली कंपनियां जब कोई आपराधिक मामला सामने आता है तभी सक्रियता दिखाती हैं बाकी समय इस नेटवर्किंग का इस्तेमाल बाजार से फायदा कैसे लिया जाए और ज्यादा से ज्यादा मुनाफा कूटा जा सके, ऐसी तकनीक ईजाद करने में लगीं रहती हैं। विश्व स्तर पर इन नेटवर्किंग साइट्स लिए एक जैसा कानून और नियमन आज अत्यंत आवश्यक है।

–**डॉ बिजेंद्र कुमार,** दिल्ली विविद्यालय

## आत्मचिंतन करे कांग्रेस

**लोकतंत्र** को बचाने के लिए कांग्रेस की वापसी जरूरी है। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में 133 साल पुरानी राष्ट्रीय पार्टी का सिकुड़ता राजनीतिक स्पेस न केवल पार्टी, बल्कि स्वयं लोकतंत्र के लिए चिन्ताजनक है। इसलिए कांग्रेस का पुनर्जीवन देश के लिए महत्वपूर्ण तथा पार्टी नेतृत्व के लिए चुनौती है।

यह काम इसलिए और कठिन हो जाता है क्योंकि कमजोर नेतृत्व के सामने पार्टी के पुनर्निर्माण तथा अपनी टूटी छवि व आकर्षण बहाल करने की चुनौती है। डेढ़ साल बाद कांग्रेस की स्थिति और खराब हो गई है, जबकि जनता इतनी बुरी स्थिति की उम्मीद नहीं करती थी। कटु यथार्थ यह है कि कांग्रेस ने बहुत लंबे समय से स्वेच्छाचारी की तरह व्यवहार किया है तथा अनेक उपयुक्त पार्टी कार्यकर्ताओं को संगठन में उचित स्थान नहीं दिया है। पार्टी के प्रति स्वामिभक्ति का अर्थ अनिवार्य रूप से व्यक्तियों के प्रति स्वामिभक्ति बन गया। कांग्रेस को इन तथ्यों पर गंभीरता से गौर करना चाहिए।

– **अनिल वैश्य**, रायबरेली

## क्विक न्यूज

### जनचौपाल में आए लोगों को मिट्टी के दीये फलदार पौधे वितरित

**बेमेतरा।** साप्ताहिक भेंट-मुलाकात जनचैपाल के दौरान कलेक्टोरेट परिसर में अपनी फरियाद लेकर पहुंचे लोगों को मिट्टी का दीया एवं फलदार पौधे वितरित किये। भारत में एक दूसरे का पर्व-त्यौहार मिल-जुलकर मनाने की परंपरा हैए और हम सब मिलजुलकर इसे मनाते आ रहे है। दीपावली पर्व पर कुम्हार समुदाय द्वारा परंपरागत रूप से मिट्टी से दीये बनाये जाते हैए उनकी आय में वृद्धि हो इस उद्देश्य से हमें मिट्टी से बने दीये के उपयोग हेतु प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। कलेक्टर द्वारा नगर पालिका बेमेतरा एवं सभी नगर पंचायत के सीएमओ को निर्देश दिए। है कि दिपावली पर्व के दौरान मिट्टी के दीये बेचने आए ग्रामीणों से किसी प्रकार का कोई टैक्स न वसूला जाए।

### त्रिस्तरीय पंचायती राज चुनाव 2019-20 अधिसूचना का प्रकाशन

**बेमेतरा।** छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम के साथ पठित छत्तीसगढ़ पंचायत निर्वाचन नियम, 1995 के नियम 5 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मैं शिखा राजपूत तिवारी, कलेक्टर जिला बेमेतरा छत्तीसगढ़ एतद द्वारा नीचे दी गई सारणी के स्तंभ दो में अंकित खण्ड को स्तंभ तीन में वर्णित निर्वाचन क्षेत्र क्रमांकों में, जिनकी सीमा उनके सामने अंकित स्तंभ चार में उल्लेखित अनुसार होगी, विभाजित करते हैं तथा अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों अन्य पिछड़ा वर्ग तथा महिलाओं के लिए आरक्षित किये जाने वाले स्थानों की संख्या स्तंभ पांच में अंकित अनुसार अवधारित कर सर्व संबंधितों की जानकारी हेतु प्रकाशित करती हूं।

### 13 व्यक्तियों के खिलाफ पुलिस ने की प्रतिबंधात्मक कार्यवाही

**बेमेतरा।** जिले में संज्ञये अपराध की रोकथाम के लिये धारा 151 के तहत 3 एवं धारा 107,116 (3) के तहत 10 व्यक्तियों के विरूद्ध पुलिस ने कार्यवाही की है। इसके अलावा प्रार्थी शिवनारायण यादव उम्र 52 वर्ष ग्राम गिधवा की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोप द्वारा ताला तोड़कर गृह प्रवेश कर 15 बकरी व 16 बकरा जुमला कीमत 90 हजार रू को चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी द्वारा मोसा क्र सीजी .25एजी,0474 कीमत 30 हजार रू को चोरी कर ले जाने पर प्रार्थी रामकुमार सतनामी साकिन चिल्फी थाना दाढ़ी की रिपोर्ट पर आरोपीगण रोशन, पोषण ग्राम मुरकुटा द्वारा गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट करने पर प्रार्थी कुबेर श्रीवास ग्राम बिरमपुर की रिपोर्ट पर आरोपी रामस्वरूप ध्रुव ग्राम बिरमपुर दाढ़ी बनाने की पैसा मांगने की बात पर आरोपी द्वारा गाली गलौच कर जान से मारने

# छठ पर्व के लिए तालाब परिसर की हो रही साफ-सफाई

पायनियर संवाददाता ◄ भिलाईनगर
www.dailypioneer.com

आगामी छठ पर्व को देखते हुए निगम क्षेत्र अंतर्गत आने वाले तालाब जहां पर छठ पर्व का आयोजन किया जाना है उन तालाब परिसर की सफ ई का कार्य किया जा रहा है!

स्वच्छ सर्वेक्षण 2020 मे भिलाई को नंबर वन बनाने के लिए समस्त जोन आयुक्त को आयुक्त रघुवंशी द्वारा निर्देश दिए जा चुके हैं जिसमें कचरा संग्रहण एवं परिवहन तथा 100 प्रतिशत घरों से प्रतिदिन कचरा संग्रहणए प्रत्येक घरोंध्वार्डो से सोर्स सेग्रीगेशन का कार्यए सफ ई कर्मचारियों की उपस्थिति हेतु सूचना संचार तकनीक का उपयोग, रैगपिकर्स को स्थायी आजीविका, सफ ई कर्मियो/सेनेटरी वर्कर को निजी सुरक्षा उपकरण, शासकीय योजनाओं का लाभार्थी एवं ट्रेनिंग प्रदाय, रेसिडेन्सियल, कामर्सियल क्षेत्रों की दो बार सफाई एवं इन क्षेत्रों को जीवीपी मुक्त,स्लम क्षेत्रों को मेंटेनेंस करना, नालों/नालियों/तालाबों की नियमित सफ ई एवं नालियों में जाली, शहर को प्रतिबंधित प्लास्टिक मुक्त शहर बनाना एवं सिंगल यूज प्लास्टिक पर बैन एवं उपयोगकर्ता विक्रयकर्ता पर दाण्डिक कार्यवाही, 3.आर प्रींसिपल रिड्यूज, रिसायकल को शहर में लागू करना शामिल है।



स्वच्छ सर्वेक्षण की प्रतियोगिता मे नगर निगम भिलाई प्रत्येक वर्ष सम्मिलित होकर स्वच्छता की दिशा में बेहतर कार्य करने की कोशिश करता रहा है, इस वर्ष भी स्वच्छ सर्वेक्षण मे ऊंचे पायदान पर पहुंचने के लिए निगम प्रयासरत है प्रतिदिन बजार क्षेत्रों में रात्रिकालीन सफ ई की जा रही है, डोर टू डोर कचरा कलेक्शन किया जा रहा है, नियमित रूप से साफ सफ ई की जा रही है, विभिन्न वार्डों में और एसएलआरएम सेंटर स्थापित किए जाने के लिए शासन को पत्र प्रेषित किया जा चुका है ताकि उस क्षेत्र का कचरा का निपटान उसी क्षेत्र के नजदीकी स्थलों में हो सके, तालाबों की सफ ई की जा रही हैए शौचालयों को व्यवस्थित रखने का कार्य किया जा रहा है, स्वच्छता की दिशा में अच्छा कार्य करने वालों को सम्मानित किया जा रहा है ,प्रतिबंधित प्लास्टिक के खिलाफ लगातार कार्रवाई भी की जा रही है, जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। निगम आयुक्त रघुवंशी ने स्वच्छ सर्वेक्षण में भिलाई निगम को सर्वोच्च स्थान पर लाने के लिए शासन द्वारा तय किए गए गाइडलाइन का पालन करने सभी जोन आयुक्तों को निर्देश जारी किए है।

गाइडलाइन के अनुसार सर्वेक्षण के तहत सफाई एवं कचरे के प्रबंधन का विभिन्न वर्गों में विभाजन किया गया है और इसी कार्य के तहत अंक प्रदान किए जाएंगे। स्वच्छ सर्वेक्षण 2020 के तहत कचरा संग्रहण एवं परिवहन . इसमें प्रतिदिन घरो से कचरा संग्रहण कार्य सौ फीसदी होने चाहिए। वाहनों में सफ ई, कर्मचारियों की उपस्थिति हेतु सूचना संचार तकनीक उपयोग। सफ ई कर्मी व सेनेटरी वर्कर को निजी सुरक्षा उपकरण प्रदाय करना तथा उत्कृष्ट कार्य करने उनको ट्रेनिंग दिया जाए। तालाबों की नियमित सफाई व नालों व नालियों में जाने वाले स्थानों पर जाली लगाई जाए। शहर को प्लास्टिक मुक्त शहर बनाने व विक्रय पर बैन लगाया जाए। कचरा प्रसंस्करण एवं निपटान . इसमें प्रसंस्करण केन्द्र की क्षमता 5 टन से अधिक न हो। गीले कचरे का निपटान केन्द्रित एसएलआरएम सेंटर में हो। घरेलू कचरे का प्रसंस्करण, रिसायकल किया जाए, प्लास्टिक कचरे का प्रसंस्करण, रिसायकल किया जाए। पुराने डम्प साइट का निपटान किया जाए। स्वच्छता ऐप, निदान 1100 शिकायतों का 24 घंटों के निराकरण किया जाए तथा घरों से प्रॉपर्टी टैक्स अनिवार्यता लेना है। सस्टेनेबल स्वच्छता . इसमें मल सैप्टीक मैनेजमेंट हेतु एक्शन प्लान। घर, दुकानों में सीटी.पीटी स्थापना का कनेक्शन सीवर नेटवर्क अथवा सेप्टिक टैंक से किया जाना है। खुले नालियों में मल न बहाया जाए। सीटी.पीटी की मैपिंग गूगल मैप पर की जावे। आईईसी एवं व्यवहार के तहत होटल, हॉस्पिटल, मोहल्लों, शासकीय भवन एवं मार्केट एसोसिएशन का स्वच्छता रैंकिंग किया जाना आदि शामिल है।

# शासन की कल्याणकारी योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाएं : भेंडिया

## एक करोड़ सैंतीस लाख से अधिक के निर्माण कार्यों का किया लोकार्पण-भूमिपूजन

पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com





प्रदेश की महिला एंव बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री अनिला भेंडिया ने डौण्डी विकासखण्ड के विभिन्न ग्रामों का 20 और 21 अक्टूबर 2019 को दो दिवसीय भ्रमण कर 01 करोड़ 37 लाख रूपए से अधिक के निर्माण कार्यो का लोकार्पण, भूमिपूजन किया। उन्होंने कल 20 अक्टूबर को ग्राम पटेली, परसोदा, मड़ियाकट्टा, बांधापारा, उरझे, कुर्रूटोला और कांड़े का भ्रमण कर 51 लाख 70 हजार रूपए के विभिन्न निर्माण कार्यो का लोकार्पण, भूमिपूजन किया। जिसमें प्रमुख रूप से ग्राम पटेली में मिनी स्टेडियम, मंच निर्माण, ग्राम बांधापारा में सामुदायिक भवन, ग्राम परसोदा में आंगनबाड़ी भवन का लोकार्पण तथा ग्राम परसोदा, मड़ियाकट्टा, उरझे, कुर्रूटोला में सी.सी. रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन शामिल है। मंत्री भेंडिया ने आज 21 अक्टूबर को ग्राम गिधाली, करियाटोला, कुसुमकसा, अड़जाल और खलारी आदि ग्रामों का भ्रमण कर 86 लाख रूपए से अधिक के विभिन्न निर्माण कार्यों का लोकार्पण, भूमिपूजन किया। जिसमें प्रमुख रूप से ग्राम कुसुमकसा तथा अड़जाल में सामुदायिक भवन का लोकार्पण तथा ग्राम गिधाली, करियाटोला, कुसुमकसा, खलारी में सी.सी.रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन शामिल है। मंत्री भेंडिया ने मुख्य अतिथि की आसंदी से कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार द्वारा सभी वर्गों की बेहतरी के लिए अनेक जनकल्याणकारी कार्य संचालित की जा रही है, इसका ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाएँ। उन्होंने कहा कि वन क्षेत्रों में आजीविका के लिए तेंदूपत्ता संग्रहण एक प्रमुख माध्यम है, इसलिए राज्य सरकार द्वारा तेंदूपत्ता पारिश्रमिक दर पच्चीस सौ रूपए प्रति मानक बोरा से बढ़ाकर चार हजार रूपए प्रति मानक बोरा किया गया है। इससे तेंदूपत्ता संग्राहकों की आमदनी बढ़ेगी। मंत्री भेंडिया ने कहा कि राज्य सरकार के किसान हितैषी निर्णयों से किसानों को काफी राहत मिली है। उन्होंने कहा कि अल्पकालीन कृषि ऋण माफी और पच्चीस सौ रूपए प्रति क्विंटल धान खरीदी से किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ है। उन्होंने शासन की महत्वाकांक्षी नरवा, गरूवा, घुरवा और बाड़ी योजना की महत्ता की जानकारी ग्रामीणों को दी और कहा कि इसके संरक्षण और संवर्द्धन से ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत होगी।

मंत्री भेंडिया ने ग्रामीणों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी दी और उसका लाभ उठाने प्रेरित किया। इस अवसर पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों सहित गणमान्य नागरिक पीयूष सोनी, पुनीत सेन, श्री अनिल सुथार, विवेक मसीह, अतीक कुरैशी तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## 7 वें आयोजन में किया किशोर दा को याद

# स्वर संवेदना ग्रुप ने संगीतमय सुरमयी शाम किया आयोजित

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com




जिले में कला संगीत को प्रोत्साहन के उद्देश्य से संचालित स्वर संवेदना ग्रुप कवर्धा द्वारा ये शाम मस्तानी कार्यक्रम का संगीतमय आयोजन किया गया, जिसमें जिसमें आमंत्रित कलाकार मंनोज बर्मन, ओमप्रकाश, राजेश तिवारी, दिनेश वर्मा, शिवानी बानी, सुकन्या शर्मा, एकता सहारे, किरण यादव का साथ देते हुए स्वर संवेदना ग्ररुप के संचालक एवम नगर के गायक राजीव केशरी ने देर रात तक किशोर कुमार के गीतों को अपनी आवाज देते रहे।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राजनांदगांव लोकसभा सांसद संतोष पांडेय, अध्यक्षता श्याम तम्बोली एवं विशिष्ट अतिथि कन्हैया अग्रवाल, आमंत्रित गायक कलाकारों ने किशोर कुमार के वादा करो नहीं छोड़ेंगे तुम मेरा साथ, बने चाहे दुश्मन माना, मुकद्दर का सिकंदर, मेरे दिल मे आज क्या है , मीत न मिला रे मन का,डम डम डिगा डिगा,ये शमाँ शमाँ है ये प्यार का, जैसे लोकप्रिय गीतों की समां देर रात तक श्रोताओं को बांधे रखा, उक्त कार्यक्रम में नगर के वरिष्ठजनों, युवाओं, जनप्रतिनिधिगण एवं संगीत प्रेमियों ने भरपूर लुत्त उठाया, इस कार्यक्रम के आयोजन के दौरान नवोदित कलाकारों के मंच देने के उद्देश्य से कार्य कर रही संस्था स्वर सप्तक के संस्थापक उदय दास एवम वरिष्ठ संगीतकार प्रदीप मुखर्जी का सम्मान देने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अवगत हो कि स्वर संवेदना ग्रुप विगत 6 वर्षो से संगीत कला साहित्य के क्षेत्र में कलाकारों को मंच प्रदान करने एवं प्रोत्साहन की दृष्टि से कार्य कर रही है ए और संस्था को कवर्धा जिले के जनमानस का भरपूर समर्थन भी मिल रहा है, जिसमे प्रदेश और देश स्तर से लेकर स्थानीय कलाकारों को मंच प्रदान किया । कार्यक्रम में संस्था के वरिष्ठ सदस्य विजय पाण्डे, प्रीतम चावला, दिनेश मिश्रा, दुर्गेश ठाकुर,कंन्नु सोनी, राहुल ठाकुर, पिंटू दोषी,देवेंद्र गुप्ता सहित नगर के गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधिगण, एवं पत्रकारगण की उपस्थिति कार्यक्रम की साक्षी बन, संचालन अनूप श्रीवास्तव एवं नितेश छाबड़ा ने किया। कार्यक्रम के अंत में संस्था के संयोजक राजीव केशरी ने सफल कार्यक्रम के लिए उपस्थित संगीत प्रेमियों का आभार प्रकट किया ।

# जुआ खेलते 19 लोगों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

जिले में समस्त थाना चैकी प्रभारियों के द्वारा अवैध शराब, जुआ, सट्टा,गांजा पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। जिसके तहत थाना बेरला पुलिस को मुखबिर की सूचना मिलने पर ग्राम सरदा धान मंडी के पास रूपया.पैसो का हार.जीत का दाव लगाकर तास पत्ती से जुआ खेल रहे है कि सूचना पर थाना बेरला स्टाफव गवाहों के साथ घटना स्थल पहुंचकर रूपये.पैसों का हार.जीत दांव लगाकर जुआ खेलते रंगे हाथों पकड़ा। जिसमें रणबीर यादव, हेमुत साहू ,नसीब बेग ग्राम सरदा जिला के पास एवं फण्ड से नगद रकम 4310 व थाना नवागढ़ के जगह में कुछ लोग रूपये-पैसों का हार-जीत का दाव लगाकर जुआ खेल रहे है कि सूचना पर थाना नवागढ़ द्वारा घटना स्थल पहुंचकर घेराबंदी कर मौके पर रेड कार्यवाही किया गया। जहां चैतराम कोसले ,सहदेव सतनामी, सत्यनारायण, नारायण पाल, शेष कुमार जगदीश सतनामी , व्यास डेहरे, जितेन्द्र साहू , सुरेन्द्र सतनामी सभी ग्राम जेवरा एन थाना नवागढ़ जिला को जुआ खेलते पकड़ा गया जिनके पास एवं फड़ से रकम 3500 रू एवं ताश जब्त कर धारा 13 जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की। इसी तरह ग्राम झिरिया चौकी चंदनु थाना नांदघाट के जगह में कुछ लोग रूपये.पैसों का हार-जीत का दांव लगाकर जुआ खेल रहे है कि सूचना पर चौकी चंदनु थाना नांदघाट द्वारा घटना स्थल पहुंचकर घेराबंदी कर मौके पर रेड मारा गया।

# जनचौपाल में अधिकारी ने सुनी लोगों की फरियाद

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

संयुक्त जिला कार्यालय परिसर कलेक्टोरेट में साप्ताहिक भेंट.मुलाकात जनचौपाल कार्यक्रम में पहुंचे जिले के आमजनों की मांगों एवं समस्याओं को एक.एक कर कलेक्टर शिखा राजपूत तिवारी ने सहानुभूति पूर्वक सुनी और नियमानुसार त्वरित निराकरण के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए। जनचैपाल में 80 आवेदन प्राप्त हुए। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रकाश कुमार सर्वे सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तर के अधिकारी उपस्थित थे।



जनचैपाल में ग्राम अमलीडीह पोस्ट कुरदा निवासी परदेशी, भागीरती एवं मोहन ध्रुव ने पुल निर्माण कार्य के लिए जमीन अधिग्रहण होने पर मुआवजा राशि दिला, जाने की मांग, ग्राम मक्खनपुर निवासी गोपालकृष्ण खरे ने जले हुए ट्रांसफार्मर के बदले नया ट्रांसफार्मर लगाने, ग्राम घोटवानी पोस्ट केशतरा के बेनी राम वर्मा ने एकल बत्ती कनेक्शन योजना के अंतर्गत दो बिल प्राप्त होने के संबंध में आवेदन दिया। ग्राम पर्थरा से आये गामीणों ने आवेदन सौंपकर बताया कि पुराना तालाब को लीज में चैतराम निषाद जेवरा निवासी द्वारा लिया गया है। गांव वालों को 80 रूपए प्रतिकिलो की दर के बजाए 100 रूपए में बेचने के संबंध में शिकायत की। ग्राम नवागांव पोस्ट नारायणपुर के मंशाराम वर्मा, गाम भोपसरा पोस्ट घुरसेना निवासी श्रीराम साहू पिता स्व रति राम साह, ग्राम मउ विकासखण्ड बेमेतरा के सालिक राम, बिसौहा राम, रामवतार, ग्राम पेण्ड्री तहसील नवागढ़ के कुशल प्रसाद नवरंगे, ग्राम टेमरी तहसील नवागढ़ निवासी मस्त राम साहू, ग्राम चक्रवाय पोस्ट मारो निवासी मोतीराम बघेल ने खरीफ 2018 के अंतर्गत प्रधानमंत्री फसल बीमा की राशि दिलाए जाने का अनुरोध किया। ग्राम कटई के कामता प्रसाद एवं राधेलाल वर्मा ने प्रधानमंत्री कृषक सम्मान निधी योजना की राशि दिलाए जाने के संबंध में आवेदन दिया। ग्राम टेमरी से आए ग्रामीण रामप्रताप, रामनाथ देवांगन, चोवाराम एवं मुचकुंद ने बिलासपुर.रायपुर राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 130 में रोड निर्माण में पुल से बाधित जलभराव होने के संबंध में शिकायत की।

# पेंशन योजना सहित आठ सूत्रीय मांग को लेकर किया धरना प्रदर्शन



पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

गवर्नमेंट वेलफेयर एसोसिएशन छत्तीसगढ़ के प्रांतीय आव्हान पर जिला मुख्यालय में एक दिवसीय धरना, प्रदर्शन किया । जिसमें इनकी 8 सूत्रीय मांगों को लेकर जिलाधीष को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। सौंपे गये ज्ञापन में बताया गया कि जो पदोन्नति में लगी हटाकर छग लोक सेवा पदोन्नति नियम 2003 के नियम 5 पदोन्नति में आरक्षण तथा आरक्षण रोस्टर के अनारक्षित बिन्दु पर पूरक निर्देष 8 मार्च 2006 के कंडिका 5 को पुनः स्थापित किया जाकर तत्काल पदोन्नति प्रक्रिया प्रारंभ किया जाय। सहायक शिक्षक एलबी संवर्ग की वेतन विसंगति को दूर कर नियुक्ति तिथि से वरिष्ठता प्रदान करते हुये दो उच्चतर पद का वेतन दिया जाय तथा पदोन्नति से वंचित शिक्षक एलबी संवर्ग को क्रमोन्नत वेतन दिया जाय।

## विकासखंड स्तरीय युवा उत्सव की तैयारी

# स्कूल, छात्रावासों में बनाएं पोषण वाटिका : रानू साहू

पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com

कलेक्टर ने कहा कि जिले के स्कूल, छात्रावासों में उपयुक्त स्थल का चयन कर पोषण वाटिका बनाएं। स्कूल, छात्रावासों में मुनगा का पौधा भी लगाएं। साहू आज संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित समय सीमा की बैठक में निर्देशित कर रही थी।



उन्होंने पोषण वाटिका में पौष्टिक सब्जियों के उत्पादन के लिए सब्जी बीज की उपलब्धता, सुरक्षा आदि के लिए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने विकासखण्ड स्तरीय और जिला स्तरीय आयोजित किए जाने वाले युवा महोत्सव की तैयारियों की जानकारी ली। कलेक्टर ने कहा कि जिले के युवाओं को मंच प्रदान कर उन्हें सांस्कृतिक गतिविधियों से जोड़ने एवं उनकी प्रतिभा को निखारने युवा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा।

युवा महोत्सव ''गढ़बो नवा छत्तीसगढ़'' की थीम पर आधारित होगा। जिसमें भारतीय संस्कृति व छत्तीसगढ़ संस्कृति विरासत के संदर्भ में भारतीय संस्कृति और छत्तीसगढ़ संस्कृति के आधारभूत मूल्यों का प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने गॉवों में मुनादी कराकर तथा फ्लैक्स आदि के माध्यम से युवा महोत्सव के आयोजन का प्रचार-प्रसार करने के निर्देश जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को दी। उन्होंने नेशनल ट्राइबल डांस फेस्टिवल अंतर्गत नृत्य प्रतियोगिता आयोजित किए जाने के संबंध में भी तैयारियों की जानकारी ली। कलेक्टर ने समर्थन मूल्य पर धान खरीदी हेतु की जा रही तैयारियों की जानकारी ली और उपार्जन केन्द्रों में जरूरी बुनियादी सुविधाओं के निर्देश दिए।

उन्होंने जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा छात्रावासों का किए गए निरीक्षण की जानकारी ली। उन्होंने छात्रावासों में पेयजल, शौचालय, विद्युत व्यवस्था, भोजन, भवन की स्थिति आदि की जानकारी ली। कलेक्टर ने मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लीनिक योजना तथा मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने गौठानों में वर्मी कम्पोस्ट निर्माण और विक्रय की जानकारी ली। कलेक्टर ने समय सीमा के प्रकरणों के निराकरण की विभागवार समीक्षा की और शेष प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिए।

बैठक में अपर कलेक्टर ए.के.वाजपेयी, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी लोकेश कुमार चन्द्राकर, एस.डी.एम. डौण्डीलोहारा आर.एस.ठाकुर, एस.डी.एम. गुण्डरदेही डॉ.प्रियंका वर्मा, डिप्टी कलेक्टर ऋषिकेश तिवारी, भूपेन्द्र अग्रवाल, प्रेमलता चंदेल और हितेश्वरी बाघे सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी, तहसीलदार, जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी और नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारी आदि मौजूद थे।

# जनचौपाल में सुनी 70 आमजनों की समस्याएं

पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com

कलेक्टर रानू साहू संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जनचैपाल भेंट-मुलाकात कार्यक्रम में पहुॅचे जिले के 70 आमजनों की मांगों एवं समस्याओं को एक-एक कर गंभीरतापूर्वक सुनी और नियमानुसार त्वरित निराकरण के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए। जनचैपाल भेंट-मुलाकात कार्यक्रम में ग्राम दर्रा की लक्ष्मीन बाई ने वृद्धापेंशन दिलाने, ग्राम जेवरतला की शांति बाई ने गरीबी रेखा श्रेणी का राशन कार्ड बनाने, ग्राम देवरी(क) की बिंदिया बाई ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, ग्राम बेलमाण्ड की गायत्री ठाकुर ने आवासीय भूमि का पट्टा दिलाने, ग्राम घोटिया के कुलचरण ने सहायता राशि दिलाने, ग्राम सांगली की जागेश्वरी ने विधवा पेंशन दिलाने, ग्राम घुमका की बिटान बाई ने वृद्धापेंशन दिलाने, ग्राम सम्बलपुर के हेमंत कुमार ने अतिक्रमण हटाने, ग्राम झलमला के सुखदास ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, ग्राम दर्रा के सीताराम ने वृद्धापेंशन दिलाने, ग्राम बासीन के डुमेश कुमार ने मजदूरी भुगतान कराने, ग्राम पेण्ड्री की नारायणी ने मुख्यमंत्री पेंशन योजना का लाभ दिलाने, ग्राम चारवाही की गीता बाई ने सहायता राशि दिलाने और ग्राम पंचायत खरथुली के सरपंच ने स्कूल में शिक्षक नियुक्त करने संबंधी आवेदन कलेक्टर को सौंपे। इसी प्रकार अन्य आवेदकों ने भी अपनी मॉगों और समस्याओं से संबंधित आवेदन कलेक्टर साहू को सौंपे।



इस अवसर पर अपर कलेक्टर ए.के.वाजपेयी, जिला पंचायत के सीईओ लोकेश कुमार चन्द्राकर, एसडीएम डौण्डीलोहारा आर.एस.ठाकुर, एस.डी.एम. गुण्डरदेही प्रियंका वर्मा, डिप्टी कलेक्टर ऋषिकेश तिवारी, भूपेन्द्र अग्रवाल, प्रेमलता चंदेल, हितेश्वरी बाघे सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

## क्विक न्यूज

### कोरबा स्टेशन में नुक्कड़ नाटक का आयोजन

**कोरबा।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों को सुखद एवं सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित कराने हेतु विभिन्न प्रयास किये जा रहे हैं। इसी संदर्भ में दिनांक 20 अक्तूबर को कोरबा स्टेशन एवं शहर में स्थित समपार फाटकों में स्काउट.गाइड के बच्चों एवं नागरिक सुरक्षा संगठन के सदस्यों द्वारा नुक्कड.नाटक के माध्यम से यात्रियों को जहरखुरानी से सावधान रहने एवं सुरक्षित समपार फाटक पार करने के नियमों की जानकारियां दी गई। कोरबा स्टेशन में संरक्षा विभाग के नागरिक सुरक्षा संगठन एवं भारत स्काउट गाइड के बच्चों द्वारा नुक्कड.नाटक के माध्यम से यात्रियों एवं नागरिकों के मध्य जन.जागरूकता अभियान चलाया गया।

### राष्ट्रीय तीरंदाजी में यश का चयन

**कोरबा।** एके गुरुकुल रानी लक्ष्मी बाई उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय ढेलवाडीह में कक्षा ग्यारहवीं के छात्र यश कुमार वर्मा का चयन राष्ट्रीय तीरंदाजी में हुआ है। विद्यालय में कक्षा 9वीं के छात्र सुमित लट्ठेवाल का चयन राज्य स्तरीय खेल कोंडागांव के लिए हुआ था। उन्होंने वहां छत्तीसगढ़ के अनेक जिलों से आए प्रतिभागियों का सामना करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया। 17 वर्ष वर्ग तीरंदाजी कंपाउंड राउंड में यश कुमार वर्मा ने अपना बेहतर प्रदर्शन किया और पूरे छत्तीसगढ़ में इस राज्य स्तरीय तीरंदाजी में प्रथम स्थान बनाया। यश का चयन राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में हुआ है।

### मिट्टी के दीये विक्रय स्थलों पर व्यवस्थाएं करें

**कोरबा।** नगर पालिक निगम कोरबा के आयुक्त राहुल देव ने जोन कमिश्नरों को निर्देश देते हुए कहा कि राज्य शासन की मंशा के अनुरूप दीपावली पर्व पर मिट्टी से बने दीये एवं मिट्टी के हस्तशिल्पों के विक्रय हेतु सुविधा पूर्ण व निःशुल्क स्थल उपलब्ध कराने हेतु निगम द्वारा क्षेत्र के व्यवसायिक स्थलों के समीप स्थल चिहांकित किए गए हैं, इन चिहांकित स्थलों में फ्लैक्स बैनर लगाकर उन्हें स्टाल का रूप दें तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं बनाएं ताकि मिट्टी के दीये विक्रय हेतु आने वाले कुंभकारों को अपनी सामग्री विक्रय के लिए सुविधा पूर्ण स्थान उपलब्ध हो सके।

### पंचायत चुनाव: निर्वाचक नामावली तैयार करने अधिकारियों की नियुक्ति

**कोरबा।** राज्य में होने वाले त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन के लिये 01 जनवरी 2019 की स्थिति में मतदाता सूची तैयार करने के लिये कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी किरण कौशल ने रजिस्ट्रीकरण और सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों की नियुक्ति कर दी है। जिले के तीनों राजस्व विभागों कोरबा- कटघोरा और पोड़ीउपरोड़ा के एसडीएम रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किये गये हैं।

# जिंदल ठेकेदार मर्डर मिस्ट्री का 60 घंटों में खुलासा

## होमो सेक्सुएलिटी बनी मौत की वजह

### पुलिस ने आरोपी की बिनाह पर मृतक का सिर भी किया बरामद

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com



जिंदल एअर स्ट्रीप के पास स्थित मानसरोवर तालाब में जिंदल के लेबर सप्लायर की निर्मम हत्या के मामले का खुलासा करते हुए पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है तथा उसके बयान के आधार पर घटना स्थल से कुछ दूरी से मृतक का सिर भी बरामद कर लिया है। पुलिस के अनुसार मृतक होमो सेक्सुअल था और अपने ही लेबर के साथ उसके संबंध थे। इसी अवैध संबंध से क्षुब्ध होकर लेबर ने अपने ही ठेकेदार की बेरहमी से हत्या कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतरारोड थाना को मानसरोवर तालाब के पास लेबर सप्लायर संदीप सिंह (45) निवासी खरसिया रोड भगवानपुर का अध कटा शव मिला था। घटना की सूचना पर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह, एडिशनल एसपी अभिषेक वर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक अविनाश सिंह ठाकुर, वैरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी आर.के. पैकरा, प्रभारी एफएसएल यूनिट रायगढ़, शहर के टी.आई. एवं उनका स्टाफ, सायबर सेल तथा डॉग स्क्वाड मौके पर पहुंचे थे। विवेचकगण द्वारा मौके पर उपलब्ध साक्ष्य एकत्रित किया जा रहा था जिन्हें कुछ महत्वपूर्ण दिशा निर्देश पुलिस अधीक्षक द्वारा मौके पर ही दिया गया तथा घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक द्वारा एडिशनल एसपी एवं सीएसपी रायगढ़ के सुपरविजन में पांच अलग-अलग टीमें निरीक्षक रूपक शर्मा, एस.एन. सिंह, युवराज तिवारी, अमित सिंह, अंजना केरकेट्टा के नेतृत्व में गठन किया गया था। सभी टीमों को अलग-अलग कार्य सौंपा गया था। यह टीमें मृतक के व्यापारिक प्रतिस्पर्धा, अवैध संबंध, पारिवारिक/पैतृक झगड़े, वर्तमान में मृतक के साथ आसपास के लोगों के साथ बात व्यवहार, शव के शेष भाग का पता लगाना आदि पर पूछताछ कर जांच में जुटी हुई थी वहीं एक ओर सायबर सेल की टीम उपलब्ध संसाधन के माध्यम से घटनास्थल का सीसीटीवी फुटेज, मृतक व उससे जुडे सभी व्यक्तियों के कॉल रिकार्ड का विश्लेषण किया जा रहा था।

घटना के संबंध में धारा 302, 201 भादवि की विवेचना में सबसे पहली बाधा थी शव के शेष भाग का पता लगाना पुलिस ने जिसे चुनौतीपूर्ण लेते हुए वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन एवं पुलिस पार्टी की सक्रियता से जांच की तो पता चला कि मृतक संदीप सिंह का पतरापाली किरोड़ीमलनगर में रहने वाले शंकर कुमार पासवान (28 साल) के साथ मिलना जुलना था । शंकर कुमार पासवान जो कि इसी के अंडर में लेबर का काम करता था। पुलिस टीम को यह भी जानकारी मिली की घटना की रात्रि पतरापाली में रात्रि शंकर कुमार पासवान को घूमते देखा गया था। संदेह के आधार पर पुलिस टीम द्वारा शंकर कुमार को हिरासत में लिया गया और उससे कड़ी पूछताछ की गई जिसमें आखिरकार उसने जघन्य हत्याकांड का खुलासा करते हुए बताया कि मृतक संदीप सिंह काफी दिनों से शंकर कुमार पासवान के साथ लैंगिक संबंध बनाता था। संदीप सिंह के अंदर काम करने के कारण शंकर दबाव में था वह उसकी इन नजायज जरूरतों को पूरी भी कर रहा था और इस कारण से वह काफी परेशान भी था। घटना दिनांक 18 अक्टूबर की रात्रि करीब 9.30 बजे मृतक संदीप सिंह, शंकर पासवान के घर पतरापाली आया। शंकर पूर्व सुनियोनियोजित तरीके से उसके घर पर संदीप सिंह के ऊपर चाकू से वार करने उसे घायल कर दिया और संदीप के मूर्छित होने पर उसका गला दबाकर हत्या कर दी और आरी से शव के धड़, पैर, सिर को काटकर तीन अलग-अलग हिस्सों में बांटकर अपनी साइकिल में शव के अवशेष को लादकर तीन बार धड़ हिस्से को मानसरोवर में, पैर को मानसरोवर के आगे तथा सिर भाग को मानसरोवर के आगे चिराईपाली रोड में एक पानी टंकी के अंदर डाल दिया था।

आरोपी के अपराध कबूलनामें के बाद उसके मेमोरेंडम के आधार पर हत्या में प्रयुक्त आरी, साइकल तथा शरीर के शेष भाग को जब्त कर आरोपी शंकर कुमार पिता मुनारिक पासवान उम्र 28 साल हाल मुकाम पतरापाली किरोड़ीमल मूल निवास निवासी झारखंड को गिरफ्तार किया गया है।

# उपभोक्ता फोरम ने सहारा इंडिया को जमा राशि लौटाने के दिए आदेश

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ति
www.dailypioneer.com




जांजगीर चांपा जिला उपभोक्ता फोरम ने सहारा इंडिया परिवार द्वारा संचालित क्यू शॉप योजना के तहत जमा किए गए 4 आवेदकों के रकम को समय पर भुगतान नहीं करने को सेवा में कमी मानते हुए संबंधितों को 5 लाख 35 हजार रुपए का भुगतान एक माह के भीतर ब्याज सहित करने का आदेश उपभोक्ता फोरम ने दिया है। साथ ही आवेदकों को मानसिक क्षतिपूर्ति व वाद व्यय की राशि अलग से देनी होगी।

आवेदकों के अनुसार सहारा इंडिया परिवार द्वारा संचालित क्यू शॉप योजना में स्थानीय कार्यालय में एजेंट के माध्यम से उनके द्वारा निश्चित अवधि के लिए रकम निवेश किया गया था। उक्त रकम की अदायगी के समय सहारा इंडिया द्वारा आनाकानी किया गया। जिस पर आवेदकों ने जांजगीर.चांपा जिला उपभोक्ता फोरम में वाद प्रस्तुत किया। आवेदक ग्राम हरदी निवासी श्रीमती मुनेश्वरी पांडेय पति स्व शत्रुहन पांडेय ने मई. जून 2012 में 5 किश्तों में कुल 1 लाख 20 हजार 700 रुपए का निवेश 6 वर्षों के लिए किया था, जिसकी परिपक्वता राशि 2 लाख 58 हजार 740 रुपए है।

इसी तरह ग्राम हरदी के ही आशुतोष पिता स्व शत्रुहन पांडेय द्वारा अक्टूबर 2012 में 4 किश्तों में 96 हजार 100 रुपए के निवेश की परिपक्वता राशि 1 लाख 61 हजार 490 रुपए, ग्राम बनारी की कामायनी पति मनोज पांडेय द्वारा सितंबर 2012 में 3 किश्तों में कुल 44 हजार 200 रुपए के निवेश की परिपक्वता राशि 90 हजार 223 रुपए तथा ग्राम बेलगहना जिला बिलासपुर निवासी निशा तिवारी पति निर्मल तिवारी द्वारा जून 2012 में 12100 रुपए का निवेश किया गया था जिसकी परिपक्वता राशि 25 हजार 596 रुपए का भुगतान निश्चित समयावधि में नहीं हुआ। इस पर उपभोक्ता फोरम के अध्यक्ष तजेश्वरी देवी देवांगन, सदस्य मनरमण सिंह, मंजू राठौर ने सुनवाई करते हुए मामले में सहारा इंडिया परिवार को सेवा में कमी करना पाया।

मामले में फैसला सुनाते हुए सभी आवेदकों के परिपक्व कुल रकम 5 लाख 35 हजार 309 रुपए एक माह के भीतर ब्याज सहित भुगतान करने का आदेश दिया। साथ ही सभी को 5.5 हजार रुपए मानसिक क्षतिपूर्ति तथा 2.2 हजार रुपए वाद व्यय स्वरूप भुगतान करने का आदेश पारित किया।

# पार्षद अरुण को मिली जमानत

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री आवास योजना को लेकर सरिया नगर पंचायत के पार्षद अरुण सराफ व सीएमओ महेंद्र राजपूत के बीच जमकर विवाद हुआ था। सीएमओ की शिकायत पर पार्षद कों जेल भेज दिया गया था, सिविल व शेसन कोर्ट ने इनकी जमानत याचिका खारिज कर दी थी तब हाई कोर्ट अधिवक्ता संजय ने पार्षद कों जमानत दिलवाई। आज पार्षद सारंगढ उप जेल से जमानत पर रिहा कर दिए गए है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सरिया नगर पंचायत के पार्षद अरुण सराफ सारंगढ़ उप जेल से जमानत पर रिहा हो गए है। 18 सितंबर कों सरिया नगर पंचायत में ही यहां के सीएमओ महेंद्र राज गुप्ता और पार्षद अरुण सराफ के बीच प्रधानमंत्री आवास योजना कों लेकर जबरदस्त विवाद हुआ था। इसकी शिकायत सीएमओ ने सरिया पुलिस से की पुलिस ने महेंद्र राज गुप्ता की शिकायत पर अपराध पंजीबद्ध कर 19 सितंबर कों अरुण कर न्यायालय में पेश किया यहा पे न्यायलय ने अरुण कों जेल भेज दिया। अरुण के परिजनों ने सिविल व शेषन कोर्ट में जमानत अर्जी दी वो खारिज कर दी गई। इसके बाद माननीय हाई कोर्ट में अधिवक्ता संजय अग्रवाल ने जमानत अर्जी .लगाई और इस युवा पार्षद जमानत दिलवाया। आज़ सारंगढ़ उपजेल से पार्षद अरुण जमानत पर रिहा कर दिए गए।

# चंद्रपुर की फर्म के नाम पर सरिया में बिक रहा था सीमेंट

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com

■ **जीएसटी की चोरी पर इंकम टैक्स डिपार्टमेंट की कार्रवाई**

जीएसटी से बचने के लिए चन्द्रपुर की फर्म के बिल पर सरिया में सीमेंट बिक रहा था। जीएसटी में इनपुट क्रेडिट लेने के लालच में हो रही इस बोगस बिक्री का राज्य कर विभाग ने भांडा फोड़ दिया और बिना बिल इनवाइस व ईवे बिल के सप्लाई किए जाने पर व्यवसायी से टैक्स समेत पेनाल्टी भी वसूली है।

जिले में जीएसटी में चोरी के हर दिन नए-नए मामले सामने आ रहे हैं। इस दफा बोगस बिल के जरिए माल सप्लाई का केस सामने आया है। दरअसल बलौदाबाजार से 600 सीमेंट लेकर निकले ट्रक को जांजगीर जिले के चन्द्रपुर जाना था। बिल इनवाइस के अनुसार ट्रक की सीमेंट को चन्द्रपुर जय बालाजी ट्रेडर्स के यहां अनलोड होना था लेकिन आदर्श रोड लाइन की यह ट्रक क्रमांक सीजी 15 डीडी 9489 चन्द्रपुर की जगह रायगढ़ जिले के सरिया में एक गोदाम के पास संदिग्ध अवस्था में मिली।

असिस्टेंट कमिश्नर शंकर सिंह जानसन ने ड्रायवर से पूछताछ की तो पता चला कि बिल व बिल्टी गोदाम के मालिक को दी गई है लेकिन गोदाम मालिक ने इससे इंकार कर दिया। बिला बिल इनवाइस के सीमेंट सप्लाई और एक जिले से दूसरे जिले में सप्लाई के लिए ईवे बिल नहीं मिलने पर विभाग ने गाड़ी जप्त कर ली। जीएसटी में कर अपवंचन के इस मामले के बाद राज्य कर विभाग ने रायपुर से सीमेंट भेजने वाली कंपनी की भी खबर ली और जीएसटी चोरी का मामला सामने आने के बाद संबंधित फर्म से 65 हजार की पेनाल्टी भरवाई है।

**ऐसे चलता है इनपुट क्रेडिट का खेल**

सीमेंट पर स्टेट एवं सेंट्रल जीएसटी को मिलाकर कुल 28 प्रतिशत टैक्स लगता है। इसलिए जीएसटी में इनपुट क्रेडिट लेने के चक्क र में व्यवसायी यह तरीका अपना रहे हैं। ज्यादातर व्यवसायी जीएसटी में बिल के साथ एक नंबर में खरीदी कर बिक्री के वक्त इधर-उधर के रास्ते तलाशते हैं। जिससे रिकार्ड में उनका स्टाक अनसोल्ड दिखता है और इस दौरान वो बिना जीएसटी के दो नंबर में अपना माल खपा देते हैं और आगे जाकर कुछ पक्के बिल में बिक्री दिखाकर उसकी इनपुट क्रेडिट भी ले लेते हैं।

# सीसी रोड के ऊपर बन रहा सीसी रोड, शासन की राशि का दुरूपयोग

## न तो गुणवत्ता है और न ही उस कार्य का कोई औचित्य



**शिवरीनारायण।** नगर पंचायत व्दारा सी सी रोड के ऊपर सी सी रोड बनवाये जाने से जहां एक ओर लोगों के घर के दरवाजे के चौखट सड़क से नीचे हो रहे हैं वहीं दूसरी ओर शासन की राशि का भी दुरूपयोग हो रहा है । यह वर्ष चुनावी वर्ष होने के कारण शिवरीनारायण नगर पंचायत परिषद व्दारा नगर में करोड़ों रूपये का कार्य आनन फ ानन में कराया जा रहा जिसमें न तो गुणवत्ता है और न ही उस कार्य का कोई औचित्य है ऐसे कार्यो मे मुख्य रूप से सी सी रोड के ऊपर सी सी रोड बनवाया जाना है । वार्ड क्रमांक 9 जहां पर पूर्व से ही सभी गलियों में सी सी रोड बना हुआ है और सभी सी सी रोड अच्छे स्थिति में है उसके बाद भी नगर पंचायत व्दारा वार्ड क्रमांक 9 में बाबूलाल अग्रवाल के दुकान से कृषि उपार्जन केन्द्र के गेट तक तथा उससे लगा हुआ एक अन्य गली में सी सी रोड के ऊपर सी सी रोड बनवाया है । इस संबंध में वार्ड 9 के एक नागरिक शंकर लाल ने बताया की उसके गली में पूर्व परिषद ने सी सी रोड व नाली का निर्माण कराया था जो अच्छे स्थिति में इसके बाद भी नगर पंचायत ने इस सी सी रोड के ऊपर और सी सी रोड बनवा दिया जिससे मेरे स्वयं के घर के दरवाजे के चौखट सहित और अन्य कई लोगों के घर के दरवाजे का चौखट सड़क से नीचे हो गये हैं जिससे अब सडक का पानी घर के अंदर घुसेगा । इसी तरह इस वार्ड के एक अन्य नागरिक रमेश कटकवार ने कहा कि इस सी सी रोड के ऊपर और सी सी रोड बनवाये जाने की कोई आवश्कता नहीं थी उन्होंने इसे शासन की राशि का दुरूपयोग बताया और कहा की इस सी सी रोड निर्माण से गली में पूर्व से बने नाली भी दब गया है अब इस गली के लोगों को घर के निस्तारी एवं बारिश के पानी निकासी के लिए परेशानी होगी। उल्लेखनीय है कि इस परिषद व्दारा न केवल वार्ड क्रमांक 9 में सी सी रोड के ऊपर सी सी रोड बनवाये हैं बल्कि नगर के हर वार्ड में सी सी रोड के ऊपर सी सी रोड बनवाये जा रहे हैं कुछ वार्डो में तो सी सी रोड के ऊपर चेकर टाइल्स भी लगवाये जा रहे हैं कुछ नागरिकों ने सी सी रोड के ऊपर सी सी रोड बनवाये जाने पर लिखित में आपत्ति किया है इसके बाद भी नगर पंचायत व्दारा सी सी रोड के ऊपर सी सी रोड बनवाये जाने का सिलसिला जारी है।

परिषद की पारित प्रस्ताव अनुसार बनवाया जा रहा है ।
**-प्रकाश शुक्ला,** मुख्य नगरपालिका अधिकारी, नगर पंचायत शिवरीनारायण

# विधानसभा अध्यक्ष आज बोरदा में करेंगे निर्माण कार्यों का लोकार्पण

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ति
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष चरणदास महंत 22 एवं 23 अक्टूबर को अपने दो दिवसीय प्रवास पर जांजगीर-चांपा जिले के विभिन्न स्थानों पर विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे, विधानसभा अध्यक्ष 22 अक्टूबर को शाम 4:00 बजे स्पीकर हाउस रायपुर से प्रस्थान कर रेलवे स्टेशन रायपुर आएंगे, तथा ट्रेन से रायपुर से रात्रि 7:00 बजे चाम्पा पहुंचेंगे एवं चांपा में रात्रि विश्राम कर 23 अक्टूबर की सुबह अपने गृह ग्राम-सारागांव पहुंचेंगे तथा सारागांव के विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे,उक्ताशय की जानकारी नगर पालिका सक्ति के अध्यक्ष श्यामसुंदर अग्रवाल एवम प्रदेश कांग्रेस किसान मोर्चा के महामंत्री साधेश्वर गबेल ने देते हुए बताया कि विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत सारागांव के पश्चात ग्राम डुमरपारा(जैजैपुर) सुबह 11:00 बजे पहुंचेंगे एवम दोपहर 12:00 बजे डुमरपारा में लोक निर्माण विभाग द्वारा आयोजित सीमेंट कंक्रीटईकरण सड़क का भूमि पूजन करेंगे।

# अंशु लेडीज ब्यूटी सैलून का शुभारंभ

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ति
www.dailypioneer.com

शहर में महिलाओं के लिए आधुनिक तकनीक के सर्व सुविधायुक्त अंशु ब्यूटी सैलून का शुभारंभ 21 अक्टूबर को शहर के संतोषी मंदिर रोड में हुआ, इस अवसर पर अंशु ब्यूटी सैलून की संचालिका श्रीमती अंशु लहरें सहित श्रीमती कमलेश जांगड़े एवं बसंत जांगड़े भी प्रमुख रूप से उपस्थित थे, शुभारंभ अवसर पर शक्ति विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक डॉ. खिलावन साहू, शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. राजेश अग्रवाल, सुरेश अग्रवाल लाला, रामअवतार अग्रवाल, विजया जायसवाल, सत्येन्द्रनाथ सोनी,सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे, एवं इस दौरान अंशु ब्यूटी सैलून की संचालिका अंशु लहरे ने बताया कि उन्होंने ब्यूटीशियन के क्षेत्र में लगभग 3 वर्षो से रायपुर के प्रतिष्ठित मीनाक्षी सैलून से डिप्लोमा करते हुए यह हुनर अर्जित किया है।

**कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला-गरियाबंद (छ.ग.)**

क्रमांक/616/खनि/रेत नीलामी-02/2019 गरियाबंद, दिनांक 18.10.2019

**रेत खदानों के आबंटन हेतु नीलामी सूचना**
**( निविदा क्र. GARIABAND-02-18-10-2019)**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जिला गरियाबंद अंतर्गत रेत खदान समूहों का आबंटन हेतु बंद लिफाफा में बोली आमंत्रित की जा रही है। जिसकी विस्तृत जानकारी www.chhattisgarhmines.gov.in एवं www.gariaband.gov.in ओर जिला कार्यालय (खनिज शाखा) गरियाबंद/संबंधित ग्राम पंचायत/संबंधित जनपद पंचायत/जिला पंचायत के सूचना पटल पर प्रदर्शित किया गया है। नीलामी (रिवर्स ऑक्शन) हेतु बोली प्रस्तुत नीलमी (रिवर्स ऑक्शन) हेतु जिला कार्यालय (खनिज शाखा) में बोली प्रस्तुत कर सकता है।

**कलेक्टर**
**जिला गरियाबंद (छ.ग.)**

जी-74314/3

## प्रथम पेज का शेष...

### रो पड़ा ग्रामीण कहा- सरकार अगर ...

नदी के सेनमूड़ा घाट पर पुल के लिए 10 करोड़ की मंजूरी दी गई, दो साल के अंदर काम पूरा हो जाएगा। इसके साथ ही राज्यपाल ने ग्रामीणों से कहा कि अब कोई भी समस्या हो तो मुझे भी बताएं, मेरी भी जिम्मेदारी बन गई है. मैं व्यक्ति गत तौर पर भी जितनी मदद कर सकती हूं वो मैं करूंगी। किडनी की बीमारी की वजह से शिक्षाकर्मी प्रदीप छेत्रपाल की मौत हो गई थी। उनकी पत्नी वैदेही छेत्रपाल ने राज्यपाल से कहा कि अनुकंपा नियुक्ति देरी हो रही है। इसपर राज्यपाल ने नियुक्ति की प्रि या पूरी होने तक उसे दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी के रुप में 8 हजार रुपये प्रति महीने के वेतन पर नौकरी देने का ऐलान किया। मंत्री सिंहदेव ने लोगों से कहा कि किडनी पीड़ितों को अपने उपचार के लिए एक पैसे भी खर्च नहीं करना पड़ेगा, अगर कहीं पैसा लगा तो उसका भुगतान मैं करुंगा।

### मतदान का अंतिम प्रतिशत ...

आयोग की मंशा के अनुरूप छत्तीसगढ़ राज्य के चित्रकोट विधानसभा क्षेत्र में उप निर्वाचन के अंतर्गत मतदान का कार्य सफलतापूर्वक ,शांतिपूर्वक और निष्पक्षतापूर्वक ढंग से संपादित करा लिया गया है ।इस दौरान कहीं पर कोई भी अप्रिय घटना की स्थिति भी निर्मित नहीं हुई। सफलतापूर्वक ढंग से संपादित हुए मतदान के पश्चात ईवीएम मशीनों को जगदलपुर के धरमपुरा स्थित शासकीय महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज के स्ट्रांग रूम में सील कर दिया गया है ।मतगणना का कार्य आगामी 24 अक्टूबर को होगा। मतगणना करने के लिए आवश्यक तैयारियां और प्रबंध सुनिश्चित किए गए हैं।

### राज्य में 25 तक ...

झुकाव दक्षिण-पश्चिम दिशा की ओर बना हुआ है और आने वाले 24 घंटों में इसके उत्तर-पश्चिम दिशा में आगे बढ़कर आंध्रप्रदेश के तटीय इलाके तक जाने की संभावना है। इसके अलावा कल कम दबाव क्षेत्र, पूर्वी-मध्य अरब सागर से लेकर दक्षिणी छत्तीसगढ़ के ऊपर बना गर्त अब कमजोर होकर समाप्त हो गया है। इसके अलावा एक द्रोणिका जो कि चक्रवाती सिस्टम से लेकर दक्षिणी तमिलनाडू इसके आसपास के इलाकों, उत्तरी श्रीलंका से लेकर उत्तरी तटीय आंध्रप्रदेश तक बना हुआ था, कमजोर होकर समापत हो गया है। इधर कम दबाव क्षेत्र, शक्ति शाली चक्रवाती सिस्टम के असर से प्रदेश में दो दिनों तक झमाझम बारिश हुई है। मौसम विभाग की माने तो राजधानी रायपुर के अलावा प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में इस सिस्टम का असर रिकार्ड किया गया है और अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश रिकार्ड की गई है।

### एनआईए ने झीरम कांड में शामिल नक्सलियों ...

अपील कर रही है। वह भी इनाम के साथ। मई 2013 में कांग्रेस की परिवर्तन यात्रा के दौरान दरभा के करीब झीरम घाटी में नक्सलियों ने हमला किया था। इसमें तत्कालीन कांग्रेस के प्रदेश के नंदकुमार पटेल सहित उसके पुत्र, महेंद्र कर्मा, विद्या चरण शुक्ल और अन्य नेता व आम नाम नागरिक, सुरक्षा में लगे नेताओं के अंगरक्षक आदि 32 लोग मारे गए थे। जिसकी जांच के लिए स्थानीय स्तर से लेकर एसआईटी अैर एनआईए जैसी एजेंसी को नियुक्त किया गया। अब यह जांच एजेंसी वारदात में शामिल वांटेड नक्सलियों की तस्वीर लगे पोस्टर गांव- गांव में चस्पा कर रही है। पोस्टर में ग्रामीणों से अपील की जा रही है कि संबंधितों की सूचना देने पर इनाम मिलेगा और नाम भी गोपनीय रखा जाएगा। पोस्टर के मुताबिक अलग- अलग नक्सली के लिए अलग अलग नक्सलियों के नाम इनाम की राशि 50 हजार से लेके सात हजार रूपए तक रखा गया है।

### चिदंबरम को सीबीआई मामले में जमानत ...

चिदंबरम के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की। जस्टिस आर. भानुमति की अगुआई वाली बेंच ने चिदंबरम को देश न छोड़ने की शर्त पर जमानत दी है। उन्हें एक लाख रुपए के निजी मुचलके पर जमानत दी गई। हालांकि, शीर्ष अदालत ने यह भी कहा कि अगर चिदंबरम की किसी और मामले में जरूरत न हों तो उन्हें रिहा किया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली हाईकोर्ट के 30 सितंबर के फैसले को रद्द किया है।

**कार्यालय नगर पंचायत पाण्डातराई, जिला - कबीरधाम (छ.ग.)**

क्रमांक/981/लो.नि.वि./न.पं./2019-20 पाण्डातराई, दिनांक 21.10.2019

**-: निविदा आमंत्रण सूचना :-**

नगर पंचायत पाण्डातराई द्वारा छत्तीसगढ़ शासन में एकीकृत पंजीयन प्रणाली के तहत् पंजीकृत ठेकेदार/फर्म से अधोसंरचना मद के अंतर्गत विभिन्न निर्माण कार्य हेतु तीन लिफाफा पद्धति में मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक ठेकेदार/फर्म अपनी निविदा दरें PWD BUILDING & ROAD S.O.R. 01.01.2015 RATE में पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट से अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं, निविदा तिथि एवं कार्य का विवरण निम्नानुसार है:-

1- आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि - 04.11.2019 समय 5:00 बजे तक
2- निविदा प्रपत्र बिक्री दिनांक - 06.11.2019 समय 5.00 बजे तक
3- निविदा जमा करने का दिनांक - 11.11.2019 समय 3.00 बजे तक
4- निविदा खोलने की दिनांक - 11.11.2019 समय 4.00 बजे

**टीप:-**नियम एवं शर्तें की जानकारी कार्यालयीन समय पर संबंधित शाखा से एवं विभाग की वेबसाईट https://www.uad.cg.gov.in पर देखा जा सकता है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पंचायत पाण्डातराई**

## क्विक न्यूज

### गुणवत्ताविहीन कीटनाशक दवा का जिले में विक्रय भण्डारण पर प्रतिबंध



**धमतरी।** अनुज्ञापन अधिकारी एवं उप संचालक कृषि ने गुणवत्ताविहीन एवं अमानक कीटनाशक दवा करटैप हाइड्रोक्लोराइड 50 प्रतिशत एसपी 50 के जिले में विक्रय एवं भण्डारण पर प्रतिबंधित किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त दवा का नमूना कुरूद के एक बीज भण्डार से लेकर गुण नियंत्रण प्रयोगशाला में भेजा गया था जिसके परीक्षण उपरांत इसे गुणवत्ताविहीन एवं अमानक पाया गया। मोती पेस्टिसाइड्स प्रा लि कंपनी द्वारा निर्मित उक्त दवा के बैच नंबर एसपी 1907001 जिसकी निर्माण तिथि जुलाई 2019 तथा अवसान तिथि जून 2021 है के तत्काल प्रभाव से विक्रय एवं भण्डारण पर प्रतिबंध लगाया गया है।

### बिना काम फर्जी मस्टररोल से राशि आहरण करने की शिकायत

**धमतरी।** जिले के कुरूद विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत सुपेला में 3 साल तक 16 ग्रामीणों ने महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना के तहत बिना मजदूरी किए फर्जी मस्टररोल के माध्यम से राशि का आहरण कर लिया है। इस आशय की शिकायत ग्राम पंचायत सुपेला के ग्रामीणों ने जिला पंचायत अध्यक्ष से करते हुए जांच कार्यवाही की मांग की है। गांव के दिग्विजय सिंहए परमानंद साहू, पूरन साहू, भीखम यादव, चंदन साहू, गणेशराम, यदुनंदन साहू, तुलाराम साहू, मोहन एलक्ष्मण साहू समेत अनेक ग्रामवासियों ने हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन जिला पंचायत अध्यक्ष रघुनंदन साहू को दिया है। शिकायत में कहा गया है कि ग्राम पंचायत सुपेला में वित्तीय वर्ष 2016 से 17 एवं 2018.19 तक कुल 3 वर्षों के बीच गांव के कुछ लोगों द्वारा रोजगार गारंटी योजना के तहत बगैर मजदूरी किए फर्जी मस्टररोल के माध्यम से बड़ी राशि आहरण कर ली है।

# पुष्य नक्षत्र में सराफा बाजार सज कर तैयार, अच्छे व्यापार की उम्मीद

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



पुष्य नक्षत्र पर शनि का संयोग बनने के कारण कल और परसों खरीदारी का शुभ योग बन रहा है। दो दिन तक रहने वाले इस पुष्य नक्षत्र का असर बाजार में दिख सकता है। पुष्य शनि के इस संयोग को लेकर जिले में भी व्यवसायियों को धनतेरस और दीपावली से पहले बाजार में रौनक की उम्मीद है।

दीपावली से पहले ही इस बार पुष्य नक्षत्र पड़ रहा है। त्यौहारों पर खरीदारी व लक्ष्मी पूजन की सामग्री लाने के लिए धनतेरस और दीपावली की तरह 21 व 22 अक्टूबर को पुष्य नक्षत्र पर शुभ संयोग हैं। ज्योतिष के अनुसार पुष्य नक्षत्र में शनि का संयोग होने से इस दिन खरीदी गई वस्तुएं लंबे समय तक साथ देंगी। पंडित तीरथ नाथ शर्मा ने बताया कि यह वृद्धि करने और लंबे समय तक दिखने वाला ग्रह है। इसलिए इस संयोग पर खरीदारी श्रेयस्कर होगी। उन्होंने बताया कि इस दौरान दोनों दिन सर्वार्थ सिद्धि योग भी रहेगा। पुष्य नक्षत्र का स्वामी शनि है। शनि वृद्धि करने वाला एवं लंबे समय तक रहने वाला ग्रह है, इसलिए इस नक्षत्र में खरीदी वस्तु लंबे समय तक साथ और लाभ देती है। पुष्य सोमवार को दोपहर 2 बजकर 22 मिनट से मंगलवार को दोपहर 1 बजकर 15 मिनट तक रहेगा। दुकानों में रंग रोगन तथा फूलों से सज कर तैयार हो चुकी है अच्छी वैरायटी ओके माल नए रेंज के माल व्यापारियों ने खरीद के रख लिया है अब बस इंतजार है ग्राहकी का इसलिए व्यवसायियों में भी पुष्य शनि संयोग को लेकर बाजार में रौनक लौटने की आशा है सराफ ा व्यापारी के अध्यक्ष कैलाश सोनी ने बताया इस बार पुष्प नक्षत्र में ग्राहकी अच्छे होने की उम्मीद है भले ही फसल अभी किसान कांटा नहीं है परंतु पिछले साल बोनस मिलने से अच्छी खासी बाजार में रौनक हो सकती है। नितिन ज्वेलर्स के प्रोप्राइटर सुनील सोनी ने बताया सोने के दाम बढ़ने के बावजूद कम वजन के आभूषण हमारी दुकान में उपलब्ध है जिस से कम बजट पर अपनी ज़रूरत पूर्ति सामान खरीद सकते हैं।

दीपावली ज्वेलर्स के प्रोपाइटर संजय सोनी ने बताया फ सल दीपावली के बाद कटेगी किसान के पास पैसा फसल कटने के बाद ही आएगा परंतु किसान इधर उधर से पैसा लेकर खरीदी करने जरूर आएगा।

# कमार परिवारों को आजीविका कार्यक्रमों से जोड़ने की कवायद

- मगरलोड के मोहेरा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में हो रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण

पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com



कलेक्टर रजत बंसल ने मगरलोड विकासखण्ड के मोहेरा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों एवं कमार बस्तियों का दौरा किया। साथ ही सड़क निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने कमार बस्ती देवगुड़िया में जाकर उनसे कमार परिवारों से रूण्बरू हुए साथ ही उन्हें बाड़ी कार्यक्रम के तहत अधिक से अधिक सब्जियों का उत्पादन कर आसपास के स्कूल आश्रमण्छात्रावासों में आपूर्ति कर आजीविका कार्यक्रम से जोड़ने की बात कही। साथ ही वृक्षारोपण की सलाह भी कमार परिवारों को दी। इसके अलावा उन्होंने नरवा कार्यक्रम के तहत क्षेत्र में वॉटरशेड के किए जा रहे कार्यों का मौका मुआयना भी किया। शनिवार को दोपहर कलेक्टर ने ग्राम मोहेरा में प्राथमिक शाला कमारपारा का भी अवलोकन कियाए जहां पर बच्चों एवं शिक्षकों से सहज ढंग से बातचीत की। उन्होंने शिक्षकों को अध्यापन कार्य के अलावा गैर शिक्षकीय गतिविधियों पर भी फ ोकस कर बच्चों को नवाचारी शिक्षा प्रदान करने के निर्देश दिए। मेगा वाटर रिसोर्स प्रोजेक्ट के तहत भूजल स्तर में वृद्धि करने के लिए किए जा निर्माण कार्यों का भी उन्होंने अवलोकन किया। वाटरशेड कार्यक्रम के तहत मगरलोड ब्लॉक के ग्राम मोहेराए सिंगपुर पठार बिरझुली आदि ग्रामों में बीएलआरएफ , भारत रूरल लाइवलीहुड फ ाउण्डेशन के तहत स्थानीय क्षेत्रों में जल स्तर बढ़ाने के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी स्थल निरीक्षण कर ली। साथ ही इस पर और क्या बेहतर किया जा सकता है इस पर प्रस्ताव तैयार करने के भी निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारी को दिए। तत्पश्चात् उन्होंने मोहेरा मार्ग पर निरईनाला का अवलोकन तथा इसके तहत 7.8 स्थलों पर जाकर डीपीआर के अनुसार तैयार किए जा स्ट्रक्चर का निरीक्षण किया। इसके बाद वे प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनाए जा रहे सिंगपुर-मोहेरा मार्ग का निरीक्षण किया। इस दौरान बताया गया कि कहीं-कहीं पर सड़क की चौड़ाई निर्धारित चौड़ाई की जगह साढ़े 17 फीट का निर्माण किया गया है।

## बड़ेराजपुर भारतीय संस्कृति ज्ञान प्रतियोगिता परीक्षा हुआ आयोजित



पायनियर संवाददाता < विश्रामपुरी
www.dailypioneer.com

बड़ेराजपुर के शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला लिहागांव में भारतीय संस्कृति ज्ञान प्रतियोगिता परीक्षा 19 अक्टुबर हुआ यह परीक्षा का आयोजन शांतिकुंज हरिद्वार का उद्देश्य है कि बच्चे-बच्चे भारतीय संस्कृति का ज्ञान अनुभव समाहित हो क्योंकि आज हिन्दु समाज की परिवेश बदलता जा रहा है। और भारतीय संस्कृति लुप्त की ओर बढ़ रहा है। इस परीक्षा का आयोजन प्रभारी गुलेश्वर शांडिल्य व्याख्याता, पर्वेक्षक मिथलश कुमार जैन, थानुराम एल्मा, जे.एल.जैन, मेश्राम, सुधमन पटेल, बुधमन, कुलदीप, देवचंद एवं अन्य सदस्यगण की प्रयास से परीक्षा आयोजन हुई।

# पति को दूध में जहर देकर हत्या के मामले में फरार आरोपी और महिला के प्रेमी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता < बैकुण्ठपुर
www.dailypioneer.com



जिले के मनेंद्रगढ़ में पत्नी द्वारा पति को दूध में जहर देकर हत्या के मामले में फरार आरोपी और महिला के प्रेमी को पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को गिरफ्तार करने में पुलिस ने 9 साल बाद सफलता हासिल की है। बता दें कि नौ साल पहले 6 फरवरी 2010 को मनेंद्रगढ़ के काली मंदिर रोड में रहने वाले अरविंद चौहान की संदेहास्पद परिस्थितियों में मौत हो गई थी। इस मामले में जब पुलिस की जांच में तो पता चला कि मृतक की पत्नी सुधा चौहान ने अपने पति को जो दूध पीने के लिए दिया था उसमें जहर मिला हुआ था। मृतक की पत्नी का प्रेमी इस घटना के बाद से फरार हो गया था। आरोपी रामकृष्ण मिश्रा निवासी सेवरा लंबे समय से फरार चल रहा था। पुलिस लगातार आरोपी की पतासाजी कर रही थी लेकिन पुलिस को सफलता नहीं मिल रही थी। इस मामले में उच्चाधिकारियों के निर्देश पर थाना प्रभारी तेजनाथ सिंह ने सक्रियता दिखाते हुए एक पुलिस टीम का गठन किया।

## फिनो के माध्यम से मजदूरी भुगतान में भारी अनियमितता



जिले के विकासखंड सोनहत में फिनो के माध्यम से मजदूरी भुगतान में भारी अनियमितता एवं लम्बे समय से मजदूरी लंबित होने की शिकायत लेकर ब्लाक कांग्रेस के नेता पुष्पेन्द्र राजवाड़े के पास पहुंची और मजदूरी भुगतान के अलावा कई अन्य प्रकार की समस्याओं के बारे में बताया। कांग्रेस के नेता पुष्पेंद्र राजवाड़े का कहना है कि सरकार मजदूरों के हित में लगातार कार्य कर रही है गौठान के अलावा क्षेत्र में मनरेगा के तहत लोगों को रोजगार मिल रहा है। लेकिन कुछ लोगों के द्वारा फिनो से होने वाले भुगतान में गड़बड़ी कर मजदूरों को परेशान किया जा रहा है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसे लोगों के खिलाफ शिकायत कर उचित कार्यवाही का अनुरोध किया जावेगा ताकि मजदूरों को परेशानी न हो। जानकारी के अनुसार भारी संख्या में महिलाओं को परेशान देख पुष्पेन्द्र राजवाड़े ने सांसद प्रतिनिधि सोनहत राजन पाण्डेय एवं लवप्रताप सिंह व अन्य कार्यकर्ताओं के साथ जनपद पंचायत कार्यालय पहुंच मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सोनहत को संबंधित महिलाओं की समस्याओं से अवगत कराया।

## शिक्षक पर अभद्र व्यवहार का आरोप, कलेक्टर से की शिकायत



पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com

कुरूद ब्लाक के अंतर्गत जी जामगांव हायर सेकेंडरी स्कूल में पदस्थ एक शिक्षक के खिलाफ शिकायत लेकर विद्यार्थी और शाला विकास समिति के अध्यक्ष कलेक्ट्रेट पहुंचे ।बताया कि उस शिक्षक के द्वारा बच्चों से अभद्र व्यवहार किया जाता है । जिसकी शिकायत पहले भी कर चुके हैं । विद्यार्थी चैतन्या चंचल पटेल वेद प्रकाश छत्रपाल ने बताया कि रोजाना बाहर से अप डाउन करती है और समय पर भी नहीं आती है । हिंदी सही ढंग से नहीं पढ़ाती है यहां तक कि आज दसवीं के छात्रों को ग्रामर की भी जानकारी नहीं है । इसकी शिकायत पहले भी कर चुके हैं वह दूसरे शिक्षक के पद स्थापना की मांग करने लगे । शाला विकास समिति के अध्यक्ष ढेलू राम साहू ने बताया कि पूर्व में भी शिकायत की गई थी लेकिन अब तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है ।

# दीपावली के पहले वेतन नहीं मिला, तो कर्मचारी आंदोलन की तैयारी में

पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com




निकाय चुनाव के ठीक पहले धमतरी निगम कंगाली की कगार पर है। कर्मचारियों को वेतन नही मिला है क्योंकि टैक्स वसूली नही हुई है। एन दीवाली के पहले यहां के कर्मचारी आंदोलन की तैयारी में हैं। धमतरी नगरनिगम के 340 नियमित कर्मचारी इस बार शायद दीवाली के दिये कि जगह आंदोलन की आग जला रहे होंगे। इन कर्मचारियों को सितम्बर माह का वेतन अभी तक नही दिया गया है जबकि आधा अक्टूबर बीत चुका है। सभी कर्मचारी ये ठान चुके है कि अगर दीवाली के पहले वेतन नहीं मिला तो सड़क पर आंदोलन होगा। दरअसल इसके पीछे कारण है निगम की कंगाली और कंगाली का कारण भी यहाँ के कर्मचारियों की अक्षमता ही है। निगम के खजाने में कायदे से हर साल करीब साढ़े 10 करोड़ रुपये बतौर राजस्व वसूला जाना चाहिए। लेकिन मौजूदा वित्तीय वर्ष में महज 167 करोड़ रुपये का ही राजस्व वसूली हुई है। मतलब लक्ष्य का साढ़े 10 प्रतिशत और ये वसूली इन्ही कर्मचारियों को करनी होती है। जिन्हें वेतन नही मिला है। निगम में हर माह 80 लाख रुपये वेतन का खर्च है। आज निगम का खजाना पूरी तरह खाली है। प्रशासन दबाव में है और आश्वासन देकर स्थिति को काबू करने की कोशिश चल रही है। कर्मचारी अपना काम कर नही सके अधिकारी उनसे काम ले नही सकेए हो सकता है आंदोलन के दबाव में वेतन की व्यवस्था कर भी ली जाए लेकिन ये निगम ऐसे ही लापरवाह रहा तो ये स्थिति बार बार आएगी।

## ग्रीन आर्मी की जोन स्तरीय बैठक आयोजित

### पॉलीथिन के उपयोग से होने दुष्परिणाम की दी



पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

ग्रीन आर्मी ऑफ रायपुर के तत्वाधान में नो पॉलीथिन विंग जिसमें सिंगल यूज़ पॉलिथीन के उपयोग ना करने एवं दुष्परिणाम के विषय में बैठक में बताया कि गोबर के तथा मिट्टी के बने हुए दिए का ही उपयोग करें जिससे पर्यावरण प्रदूषण कम होगा। तत्पश्चात जल संरक्षण और वृक्षारोपण के बारे में जानकारी दी गई। भविष्य में जहां वृक्षारोपण किए हैं उसकी देखभाल करने के लिए सभी से आग्रह किया। संस्था के संयोजक अमिताभ दुबे के नेतृत्व में लक्ष्य चौरे, जे. अरुणा, जोन अध्यक्ष सनत देवांगन, पुरूषोत्तम, राजू रूपचंदानी नवीन, आकाश, नरेंद्र वैष्णव, एसपी साहू, कृष्णा कुमार वर्मा, नरेंद्र गोस्वामी, बृजेश पटेल एवं प्रगतिशील सेन महासभा के प्रांत अध्यक्ष मनोज ठाकुर, संरक्षक प्रदीप गोविंद शितूत, एनआर नायडु, अल्पना देशपांडे, बीएल शर्मा, इंद्रानी ठाकुर, मिथिला अग्रवाल, दिलीप सेन, रमेश श्रीवास, सुमन दीवान आदि सभी शामिल हुए कार्यक्रम का मंच संचालन मनोज ठाकुर ने किया।

सी के बने दीपंकर दुत्ता बांदे मंडल अध्यक्ष बने रतन हालदार

# श्यामल मंडल बने भाजपा के पखांजूर मंडल अध्यक्ष

पायनियर संवाददाता < कांकेर
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों और सदस्यों द्वारा आज मंडल अध्यक्ष का चयन किया गया। पखांजूर भाजपा मंडल अध्यक्ष के लिए कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने सर्वसम्मति से श्यामल मंडल के नाम का चयन किया । श्यामल मंडल वर्तमान में कोयलीबेड़ा जनपद के उपाध्यक्ष हैं और लंबे समय से भाजपा के सक्रिय और कर्मठ सदस्य भी हैं । श्यामल मंडल पखांजुर भाजपा के मंडल अध्यक्ष बनने के बाद उपस्थित भाजपा के कार्यकर्ताओं को धन्यवाद देते हुए कहा कि पार्टी के सदस्यों और पदाधिकारियों ने मुझे इस क़ाबिल समझा इसके लिए मैं उनका तहदिल से आभारी हूँ । पार्टी ने जिस विश्वास के साथ मुझे यह जिम्मेदारी सौंपी हैं मैं हमेशा उसे पूरी निष्ठा के साथ निभाने की कोशिश करूंगा साथ ही पार्टी के आदर्शों पर चलकर आम लोगों की सेवा करूंगा और पार्टी के सदस्यों की भावनाओं का सम्मान करते हुए सदैव पार्टी की एकता को बनाएं रखने हेतु प्रयासरत रहूंगा ।

## शासकीय वीर गेंदसिंह महाविद्यालय के सीनियर छात्रों ने किया अपने जूनियर्स का शानदार स्वागत

पखांजूर शासकीय वीर गेंदसिंह महाविद्यालय में सीनियर छात्रों द्वारा अपने जूनियर्स के स्वागत के लिए वेकलम पार्टी कार्यक्रम का आयोजन किया गया । जिसमें छात्रों द्वारा विविध कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए । इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पखांजुर एसडीएम निशा नेताम रही । छात्रों को सम्बोधित करते हुए कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष इंद्रजीत विश्वास ने कहा कि इतिहास गवाह है देश में जब-जब युवा शक्ति जागी है तब-तब देश में बदलाव आया हैं , युवा शक्ति ही बेहतर समाज के निर्माता होते हैं इसलिए सभी युवा साथियों को गांधी जी के बताएं मार्गों पर चलकर देश और समाज को एक बेहतर दिशा की ओर ले जाना चाहिए साथ ही भ्रष्टाचार , अत्याचार और शोषण के खिलाफ़ युवाओं को एक साथ हुंकार भरना चाहिए तभी समाज में बदलाव हो पायेगा और एक बेहतर समाज का सूर्योदय होगा।

## पुलिस विभाग में वाहन शाखा में 20 लाख का घोटाला

पायनियर संवाददाता < बैकुण्ठपुर
www.dailypioneer.com

कोरिया जिले के पुलिस विभाग में वाहन शाखा में लगभग 20 लाख के घोटाले का मामला सामने आया है। वाहन शाखा में पदस्थ आरक्षक चालक रमेश साहू के नाम से वरिष्ठ कार्यालय पुलिस मुख्यालय रायपुर डीजीपी के यहां से जांच करने का आदेश आया है जिसकी जांच अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोरिया पंकज शुक्ला कर रहे हैं। वी ओ- आपको बता दे कोरिया जिले के वाहन शाखा में पुलिस विभाग में लगभग 20 लाख की गड़बड़ी की शिकायत मिलने पर जांच सुरु कर दी गयी है। वाहन शाखा में पुलिस विभाग की सभी छोटी बड़ी गाड़ियों को फ्यूल देने का रिकार्ड वाहन शाखा में मेंटेन किया जाता है।जिसमे कई वर्षों से छुटपुट शिकायत होते रहती थी लेकीन अब जो नया मामला आया सुनकर आप चौक जायेंगे वाहन शाखा में पदस्थ आरक्षक चालक रमेश साहू के नाम 20 लाख के गड़बड़ी की जांच चक रही है । बताया जा रहा है सरकारी वाहन में खड़ी गाड़ियों के नाम से भी डीजल पर्ची काटकर उपयोग किया गया है सरकारी वाहन के मरम्मत में भी ग़लत बिल लगाया गया। विधानसभा 2018 व लोकसभा 2019 में सरकारी व अधिग्रहित वाहन में भी गड़बड़ी की गयी है। सबसे बड़ा तब हो गया पुलिस विभाग में पानी सप्लाय टेंकर में लाइन में पानी पिलाने के बजाय रमेश साहू खुद डीजल पी गये जबकि उस टैंकर में पानी सप्लाय किसी अन्य चालक ने किया है ड्रायवर डायरी डीजल डलवाने का काम रमेश साहू ने अपने नाम रिकार्ड मेंटेन किया है साथ मे ये जो पुलिस लाइन में खड़ी शासकीय गाड़िया हैं वह भी रिकार्ड में डीजल पी रही हैं।गाडी मिस्त्री से अधिक बिल बनवाने, फर्जी बिल की बात कही जा रही है।एडिश्नल एसपी कार्यालय में दिसंबर 2018 से सितंबर 2019 तक डीजल पर्ची सहित पीओएल बिल रजिस्टर लोकसभा विधानसभा में लगने वाले गाड़ी पीएलओ इससु रजिस्टर टैंकर लाग् बुक मासिक गोस्वारा व अन्य दस्तावेज़ मंगाया गया है जांच जारी है।

# हड़ताल के चलते सरकारी बैंकों में लटके ताले, विलय का विरोध

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com

केन्द्र सरकार द्वारा 10 राष्ट्रीयकृत बैंकों यथा पीएनबी, कैनरा बैंक, यूनियन बैंक ऑफइंडिया, इंडियन बैंक, ओबीसी, यूनाइटेड बैंक ऑफइंडिया, सिंडिकेट बैंक, कॉर्पोरेशन बैंक, आंध्रा बैंक एवं इलाहाबाद बैंक का आपसी विलय कर चार बैंक बनाने की घोषणा की है।

विलय के पश्चात शुरू के चार बैंकों को छोड़कर शेष 6 बैंकों का अस्तित्व समाप्त हो जाएगा। आज राष्ट्रीय व्यापी बैंक हड़ताल का आव्हान के कारण बिलासपुर के अधिकांश बैंको में या तो ताले लटकते नजर आए या फिर कर्मचारियों के बैंक नहीं जाने से अधिकारी लाचार नजर आये है। बिलासपुर में मुख्य आयोजन ओरियंटल बैंक ऑफकॉमर्स इन्दू चौक में सुबह 10 बजे से जंगी विरोध प्रदर्शन एवं नारेबाजी के साथ हड़ताल हुई।

जिसमे वरिष्ठ ट्रेडयूनियन लीडर बल्लू दुबे ने बताया कि बैंकों के विलय से ना केवल शाखाएं




बंद होगी अपितु भविष्य में रोजगार के अवसर भी बंद हो जाएंगे। एन वी राव ने बताया कि जब बैंकों में एनपीए बढ़ रहे है तो सरकार विलफुल डिफाल्टरों के खिलाफ कार्यवाही करने के बजाय बैंकों का मर्जर कर क्या साबित करना चाहती हैं। अशोक ठाकुर ने बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह द्वारा उद्घाटित ग्लोबल ट्रस्ट बैंक को मर्ज कर न्यूनतम एनपीए वाले ओबीसी को पीएनबी में शामिल करना समझ से परे हैं। मनोज मिरी ने बताया कि इतने पुराने इलाहाबाद बैंक को इंडियन बैंक में मर्ज करने का निर्णय तुगलकी

फरमान के अलावा और क्या है। प्रलहाद अग्रवाल ने बताया कि आज बड़ी संख्या में कर्मचारी हड़ताल में शामिल हुए हैं। ऑल इंडिया बैंक ऑफिसर्स कन्फेडरेशन द्वारा आज की हड़ताल को नैतिक समर्थन देने के कारण उनके अधिकारियों के उपस्थित रहने पर भी अधिकांश बैंको में विभीन्न सेवाएं प्रभावित रही।

## रतनपुर में मानसिक स्वास्थ्य, जांच शिविर आयोजित

**बिलासपुर।** राज्य मानसिक चिकित्सालय सेंदरी बिलासपुर में संचालित जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम स्पर्श क्लीनिक द्वारा विकासखंड कोटा अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रतनपुर में गत दिवस मानसिक स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। डॉ. मल्लिखार्जुन राव मनोरोग विशेषज्ञ के द्वारा कोटा विकासखंड एवं नगर पंचायत रतनपुर क्षेत्र के संदिग्ध मानसिक रूप से अस्वस्थ व्यक्ति यों एवं मानसिक रूप से दुर्बल बच्चों की जांच उपरांत परामर्श दिया गया एवं आवश्यकतानुसार इलाज हेतु राज्य मानसिक चिकित्सालय सेंदरी बिलासपुर में भेजा गया। जहां मनोरोग विशेषज्ञों के द्वारा उनका निःशुल्क इलाज किया जायेगा एवं उनके पुनर्वास हेतु शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं से जोड़ने का प्रयास किया जायेगा।

## क्विक न्यूज

### पूरी-दुर्ग-पूरी एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त स्थायी कोच की सुविधा

**बिलासपुर।** रेलवे प्रशासन द्वारा पूरी-दुर्ग के मध्य यात्रा करने वाले यात्रियों को अतिरिक्त आरक्षित बर्थ की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु गाड़ी संख्या 18425/18426 पूरी-दुर्ग-पूरी एक्सप्रेस में 01 अतिरिक्त ( 01 स्लीपर कोच) की सुविधा स्थायी रूप से प्रदान की जा रही है। यह सुविधा पूरी से दिनांक 21 अक्टूबर, 2019 से छुटने वाली गाडी संख्या 18425 पूरी-दुर्ग एक्सप्रेस एवं पूरी से दिनांक 22 अक्टूबर, 2019 को छुटने वाली गाड़ी संख्या 18426 दुर्ग-पूरी एक्सप्रेस से दी जा रही है। इन स्थायी अतिरिक्त कोचों की उपलब्धता से इन गाड़ियों में यात्रा करने वाले यात्रियों को अतिरिक्त कंफर्म सीट की सुविधा प्राप्त होगी।

### तालाब में डूबने से वृद्ध की मौत

**कोरबा।** घर वालों ने कल सुबह एक वृद्ध को गांव के तालाब में स्नान करने जाने से रोका, इसके बावजूद भी वह चला गया। नहाते वक्त गहरे पानी में चले जाने से उसकी डूबकर मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार करतला थानांतर्गत ग्राम बेहरचुआं निवासी दूजराम कंवर उम्र 60 पिता मट्ठूराम कंवर कल सुबह 6 बजे अपने घर से गांव के तालाब में स्नान करने की बात कहकर तालाब जाने के लिए बताया तो उसके परिवार के लोगों ने अलसुबह तालाब में जाने से उसे रोका। इसके बावजूद भी वृद्ध दूजराम कंवर तालाब में नहाने के लिए चला गया।

### प्लेसमेंट कैम्प 23 को

**बिलासपुर।** मॉडल करियर सेंटरए जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्रए बिलासपुर द्वारा प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जा रहा है। जिसमे फ्यूजन माइक्रो फ इनेंस एवं छप्प्ज् आईसीआईसीआई बैंक द्वारा 93 पदों के लिये भर्ती कार्यवाही की जाएगी। ऐसे रोजगार के इच्छुक आवेदक जो 12वी स्नातक उत्तीर्ण है वो दो पासपोर्ट साइज फोटो एवं समस्त शैक्षणिक योग्यता सम्बन्धी अंकसूची, प्रमाण पत्र की मूलप्रति, छायाप्रति के साथ उपस्थित होकर प्लेसमेंट का लाभ उठा सकते हैं।

### आत्महत्या के लिए प्रेरित, छह आरोपी जेल दाखिल

**कोरबा।** प्रेमनगर कुसमुंडा निवासी एक व्यक्ति द्वारा आत्महत्या किए जाने के मामले में पुलिस ने 6 लोगों को जेल दाखिल किया है। 4 वर्ष बाद घटना की जांच पूरी हो सकी। मामले में इनकी भूमिका का पता चला। संबंधितों के नाम उस पत्र में मिले थे, जो घटना स्थल से मिला था। कुसमुंडा टीआई राकेश मिश्रा ने बताया कि प्रेमनगर में रहने वाले 45 वर्षीय हीरालाल कश्यप पिता लक्ष्मण कश्यप की मौत 18 दिसंबर 2015 को संदिग्ध रूप से हुई थी। सुबह 4 से 5 बजे के बीच उसने आत्महत्या की थी। मौके से एक सुसाइड नोट भी प्राप्त हुआ था। इस मामले की सूचना गजेन्द्र कश्यप ने पुलिस को दी थी। पुलिस ने इस पर धारा 174सीआरपीसी के तहत मर्ग 113,15 कायम किया था।

# टीएल की बैठक में निर्णय

# गोवर्धन पूजा के दिन मनाया जायेगा गौठान दिवस

## नये गौठानों का होगा भूमिपूजन

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com





गोवर्धन पूजा के दिन जिले में गौठान दिवस मनाया जायेगा और नये गौठानों का भूमिपूजन किया जायेगा। नये गौठानों एवं चारागाहों के लिये भूमि का चिन्हांकन करने हेतु आज टीएल की बैठक में निर्देश दिया गया। मंथन सभाकक्ष में आयोजित टीएल की बैठक में कलेक्टर डॉ. संजय अलंग ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार कम से कम 50 प्रतिशत गांवों में गौठान निर्माण किया जाना है। जिले में प्रथम चरण में 97 गौठान बनाये गये हैं, 225 गौठानों के लिये भूमि का चयन किया जायेगा। सभी गौठानों में गौठान समिति की गठन शीघ्र करने और उन्हें सतत् प्रशिक्षण देने का निर्देश दिया। समिति का बैंक खाता भी खोला जायेगा। गौठानों के चारागाह में कम से कम 1 एकड़ क्षेत्र में बाड़ी विकास किया जायेगा। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि सभी गौठानों में मेंहदी के पौधे से बाढ़ बनाये।

### 15 नवंबर से होगी धान खरीदी

कलेक्टर ने बताया कि 15 नवंबर से धान खरीदी शुरू होगी। इसके लिये बारदाने की तैयारी पूर्ण करने का निर्देश दिया। गोदामों में बारदानों की जांच करने और मानक बारदाने से ही धान खरीदी सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। डीएमओ ने बताया कि जिले में 57 लाख बारदाने की आवश्यकता है। जिसके विरूद्ध 37 लाख बारदाने जमा कर लिये गये हैं। कलेक्टर ने पीडीएस के बारदाने शीघ्र जमा कराने हेतु खाद्य विभाग को निर्देश दिया।

### खाद्य पदार्थों में मिलावट की जांच होगी कड़ाई से

कलेक्टर ने खाद्य एवं औषधि प्रशासन को निर्देशित किया कि त्यौहार को देखते हुए दुकानों में वि य किये जा रहे मिठाई एवं अन्य खाद्य पदार्थों की सघन जांच करें और सेम्पल जांच अमानक पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होंने दाल की गुणवत्ता की भी जांच करने का निर्देश दिया। विभाग के अधिकारी ने बताया कि 50 मिठाई दुकानों के जांच किये गये हैं और 14 सेम्पल लैब टेस्ट हेतु भेजे गये हैं। रेल्वे स्टेशन में भी खोवा सेम्पल लेकर जांच हेतु भेजा गया है।

### सभी कार्यालयों में तम्बाखू निषेध का बोर्ड लगायें

सभी शासकीय कार्यालयों में तम्बाखू एवं इसके उत्पाद का उपयोग निषिद्ध है, इस आशय का बोर्ड इसी हफ्ते लगाने का निर्देश दिया। कलेक्टर व एसपी कार्यालय में भी यह बोर्ड लगाया जायेगा। साथ ही नगर निगम को निर्देशित किया गया कि सभी सार्वजनिक स्थानों में भी तंबाखू निषेध का बोर्ड लगाया जाये। नगर निगम आयुक्त को स्कूलों के 100 गज के भीतर तंबाखू बिक्री करने वाले दुकानों का गुमास्ता लायसेंस निरस्त करने का निर्देश दिया।

### पैरा जलाने पर प्रतिबंध लगाने का निर्देश

कलेक्टर ने सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि अपने.अपने क्षेत्र में पैरा जलाने पर दो माह के लिये प्रतिबंध लगायें। आदेश का उल्लंघन करने वालों पर अपराधिक प्रकरण दर्ज की जाये। गौठानों में पैरे की आवश्यकता और पैरा जलाने से पर्यावरण को होने वाले नुकसान की दृष्टि से यह कदम उठाया जाएगा।

### सुधारे गये राशनकार्डों पर इसी माह खाद्यान्न मिलेगा

नवीनीकृत राशनकार्ड जिनमें त्रुटियां थी और हितग्राहियों के नाम छूट गये थे। ऐसे राशनकार्डों को सुधार लिया गया है और उनका पीडीएफ तैयार किया जा रहा है। खाद्य नियंत्रक ने बताया कि सुधारे गये राशनकार्डों पर इसी माह खाद्यान्न मिलेगा। जिसके लिये खाद्यान्न का आबंटन प्राप्त हो गया है।

# अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक महोत्सव में कला विकास केंद्र के बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com

अंतराष्ट्रीय सांस्कृतिक महोत्सव में कला विकास केंद्र के बच्चों की प्रतिभा की गूंज सर्वत्र रही। हर वर्ग में इनके प्रस्तुति कों सराहा व पुरस्कृत किया गया। विगत कई वर्षो से बिलासपुर कथक की कला को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सुशोभित करने हेतु निरंतर प्रयासरत अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त नृत्य संस्था के छात्रों ने अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कथक नर्तक एवं गुरु बासन्ती वैष्णव के निर्देशन में पुनः अपनी धमक राष्ट्रीय स्तर पर प्रस्तुत की है। नृत्य धाम कला समिति दुर्ग छत्तीसगढ़ शासन के बैनर तले आयोजित अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक कार्यक्रम में 12 अक्टूबर को राधिका गुप्ता, अन्विता झा, सान्वी जायसवाल, मीमांशा साहू, तोशिता,अनन्या जगत, प्राख्या खंडेलवाल का सब जूनियर कथक नृत्य ग्रुप प्रथम अवार्ड से सम्मानित होकर बिलासपुर का नाम रोशन किया है। वहीं सब जूनियर ड्यूएट डांस में अरुणिमा तिवारी, अन्वया, अन्वेषा तिवारी ने प्रथम व जूनियर में आयुषी बेबी चतुर्वेदी, सृष्टि गर्ग को प्रथम स्थान व इंटरनेशनल एक्सीलेंसी अवार्ड से सम्मानित किया गया । वहीं जूनियर डांस में भूमि पंजवानी, गौरी तिवारी ने द्वितीय एवं आद्या प्रसाद, ऐश्वर्या मेहता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं सीनियर कथक में अनुष्का रंगारी ने प्रथम एओपन कथक सोलो में जया हरंनगवनकर, डूएट में शिल्पा सिंह व रश्मि मेहता ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। वहीं फोक में विधि तिवारी ने द्वितीय स्थानए सेमी क्लासिकल में सृष्टि गर्ग ने प्रथम व गौरी तिवारी ने सैकेंड स्थान प्राप्त किया। साथ ही फ्यूज़न में भूमि पंजवानी ने सैकेंड और वेस्टर्न डांस में मनीष कुमार धीवर ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया।







# पट्टा के लिए परसाभाठा के लोग आज देंगे धरना

पायनियर संवाददाता < कोरबा
www.dailypioneer.com

नगर निगम क्षेत्र में आबादी जमीन का पट्टा देने सर्वे किया जा रहा है, लेकिन बालको जोन के वार्ड नंबर 41 परसाभांठा समेत नेहरु नगर, लालघाट, आजाद नगर, शांति नगर समेत कई क्षेत्रों में सर्वे बंद है। इससे परसाभांठा के लोगों में गुस्सा हैं। सोमवार को कलेक्टोरेट पहुंचकर उन्होंने अपर कलेक्टर प्रियंका महोबिया को ज्ञापन सौंपा।

मांग पूरी नहीं होने पर 23 अक्टूबर से धरना-प्रदर्शन की चेतावनी दी है। पार्षद संतोष कुर्रे के साथ बड़ी संख्या में पहुंची महिलाओं ने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने गरीबों को जहां रह रहे हैं, उस जमीन का पट्टा देने का निर्णय लिया है, लेकिन परसाभांठा में सर्वे रोका जा रहा है। बालको के अधिकारी हस्तक्षेप कर रहे हैं। इससे यहां के लोगों में गुस्सा है।

अगर यही हाल रहा तो आजाद चौक में बुधवार से अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन शुरू करेंगे। इसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। बस्ती की महिला लक्ष्मीन बाई महंत ने बताया कि 40.50 साल से यहां मकान बनाकर रह रहे हैं। बालको पहले सरकारी कंपनी थी। अब प्रबंधन बदलने से अधिकारी मनमानी कर रहे हैं। लंबे समय से यहां के लोग पानी, बिजली का बिल पटाने के साथ ही घर का टैक्स भी जमा कर रहे हैं। फिर किस आधार पर बालको दावा कर रहा है। इसलिए सर्वे शुरू कराया जाए।

# बिलासपुर नगर निगम में वार्डवार मतदाताओं की स्थिति



वार्डवार मतदाताओं का विवरण
निकाय - नगर पालिक निगम बिलासपुर
कुल मतदाता - 441584

| क्र. | वार्ड का नाम | पुरुष | महिला | अन्य | कुल मतदाता |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बजरंग नगर | 1998 | 1952 | 0 | 3950 |
| 2 | अब्दुल कलाम नगर | 4087 | 3820 | 0 | 7907 |
| 3 | साईं नगर | 4812 | 4636 | 0 | 9448 |
| 4 | गोकुल नगर | 2846 | 2778 | 0 | 5624 |
| 5 | डॉ. खूबचंद बघेल नगर | 3145 | 3019 | 0 | 6164 |
| 6 | यदुनंदन नगर | 2194 | 2074 | 0 | 4268 |
| 7 | कालिका नगर | 3847 | 3509 | 0 | 7356 |
| 8 | चित्रकांत जायसवाल नगर | 2918 | 2762 | 0 | 5680 |
| 9 | [illegible] नगर | 2764 | 2608 | 1 | 5373 |
| 10 | गुरु गोविंद सिंह नगर | 3461 | 3295 | 0 | 6756 |
| 11 | संत कबीर दास नगर | 3162 | 3112 | 0 | 6274 |
| 12 | बुढ़ादेव नगर | 2913 | 2857 | 0 | 5770 |
| 13 | पं. दीनदयाल [illegible] नगर | 3129 | 2992 | 0 | 6121 |
| 14 | मिनीमाता नगर | 3584 | 3294 | 1 | 6879 |
| 15 | विकास नगर | 2767 | 2714 | 1 | 5482 |
| 16 | विष्णु नगर | 3683 | 3815 | 1 | 7499 |
| 17 | नेहरू नगर | 3624 | 3558 | 0 | 7182 |
| 18 | तिलक नगर | 2461 | 2442 | 1 | 4904 |
| 19 | कस्तूरबा नगर | 3294 | 3252 | 0 | 6546 |
| 20 | भक्त कंवर राम नगर | 2092 | 2061 | 0 | 4153 |
| 21 | गुरुघासीदास नगर | 4517 | 4480 | 1 | 8998 |
| 22 | डॉ. भीमराव अम्बेडकर नगर | 1874 | 2053 | 0 | 3927 |
| 23 | मदर टेरेसा नगर | 2720 | 2699 | 0 | 5419 |
| 24 | राजेन्द्र नगर | 3422 | 3357 | 0 | 6779 |
| 25 | कांतिकुमार भारतीय नगर | 2574 | 2694 | 3 | 5271 |
| 26 | शहीद अशफाक उल्ला नगर | 3512 | 3526 | 0 | 7038 |
| 27 | विनोबा नगर | 3251 | 3248 | 0 | 6499 |
| 28 | प्रियदर्शनी नगर | 2514 | 2621 | 0 | 5135 |
| 29 | संजय गांधी नगर | 3264 | 3283 | 2 | 6549 |
| 30 | पं. [illegible] शुक्ल नगर | 3149 | 3149 | 0 | 6298 |
| 31 | लाला लाजपतराय नगर | 2905 | 2857 | 0 | 5762 |
| 32 | शहीद विनोद चौबे नगर | 2907 | 3003 | 1 | 5911 |
| 33 | गांधी नगर | 1878 | 1861 | 1 | 3740 |
| 34 | संत रविदास नगर | 5615 | 5611 | 0 | 11226 |
| 35 | नागोराव शेष नगर | 3021 | 3150 | 0 | 6171 |
| 36 | वसंत भाई पटेल नगर | 3013 | 2951 | 0 | 5964 |

**बिलासपुर।** नगर निगम सीमावृद्धि के बाद वार्डों की संख्या 70 हो गई है। नगर पालिका तिफ रा, नगर पंचायतों सिरगट्टी व सकरी समेत 18 ग्रामों को बिलासपुर नगर निगम में समायोजित कर नए सिरे से वार्डो का गठन और परिसीमन के बाद वार्डवार मतदाताओं की संख्या इस प्रकार है।

# सिम्स के 2 वार्डों में एक नर्स की तैनाती, कैसे संभाले मरीजों को

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com

■ सेटअप 350 बिस्तरों का चल रहे 750 मरीज भर्ती

सिम्स में 2 वार्डों में एक नर्स की ड्यूटी लगाई जा रही है दोनों वार्डो को संभालना अब नर्सों के बस में भी नहीं है, अपनी समस्या लेकर शनिवार को नर्सिंग स्टाफ सिम्स प्रबंधन से मिला वहीं 350 बिस्तरों के सेटअप में 650 भर्ती मरीजों को देखने में हो रही परेशानियों से अवगत कराया छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान की स्थापना 350 स्तरों के लिए हुई थी इसके अनुसार ही डॉक्टरों से लेकर नर्सों और कर्मियों की नियुक्ति हुई थी 350 बिस्तरों के अनुसार 256 नर्सों की भर्ती की गई थी जिसमें तबादले में और नौकरी छोड़ कर चली गई है वर्तमान में कार्य कर रही है 8 घंटे में नर्सों की ड्यूटी लगाई जाती है वहीं मरीजों की संख्या भी बढ़ती जा रही है इसमें अलग.अलग वार्डो में फिलहाल भर्ती 750 मरीजों का 24 घंटे चलता रहता है नर्सो की कमी में स्टाफकी ड्यूटी लगाई लगानी पड़ रही है वहीं कई वार्डों में तो 40 से 50 मरीजों को संभाल रही है इसके चलते जहां मरीजों का उपचार प्रभावित हो रहा है वही नर्सों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है शनिवार को नर्सिंग स्टाफ अपनी समस्या लेकर सिम्स प्रबंधन के पास पहुंची उन्होंने अपनी समस्याओं से प्रबंधन को अवगत कराया और इस पर जल्द कदम उठाने के लिए कहा सिम्स प्रबंधन इसे संज्ञान में लिया है। डॉक्टरों नर्सों और कर्मियों की कमी के संबंध में सिम्स प्रबंधन द्वारा कई बार शासन को प्रस्ताव भेजा जा चुका है यहां तक कहा गया है कि फ्लिहाल संविदा में उनकी भर्ती कर व्यवस्थाओं को दुरुस्त करें लेकिन अब तक शासन में भर्ती के लिए कोई आदेश नहीं दिया है।

## ट्रांसलेटर पद के लिए साक्षात्कार 6 नवंबर को

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर की रजिस्ट्री एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर में ट्रांसलेटर के पद हेतु व्यापम रायपुर द्वारा कौशल परीक्षा परिणाम पश्चात साक्षात्कार हेतु पात्र उम्मीदवारों की सूची का प्रकाशन कर दिया गया है। उम्मीदवारों का साक्षात्कार संयुक्त रूप से 6 नवंबर 2019 को प्रातः 10 बजे से छत्तीसगढ़ राज्य विधिक न्यायिक अकादमी उच्च न्यायालय परिसर बोदरी छतौना रोड बिलासपुर में होगा। पात्र अभ्यर्थियों का प्रवेश पत्र साक्षात्कार तिथि के एक सप्ताह पूर्व वेबसाइट में अपलोड कर दिया जायेगा। आवेदक अपना प्रवेश पत्र उच्च न्यायालय की वेबसाईट से डाउनलोड कर सकते हैंए जो साक्षात्कार के लिये अधिकृत प्रवेश पत्र होगा।

आरोपियों से शराब गांजा एविल इंजेक्शन नाइट्रोसन टेबलेट बरामद किया गया

# आबकारी एक्ट के तहत दर्जन भर आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

■ मौके पर पकड़ाए 18

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com





बिलासपुर पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया था कि अपने थाना क्षेत्र के अंतर्गत अवैध शराब, गांजा, विस्फोटक सामग्री एवं अन्य नशीली पदार्थों को अवैध रूप से बेचने वालों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाए।

जिसके नेतृत्व में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर ओम प्रकाश शर्मा के निर्देश पर सभी सीएसपी एवं थाना प्रभारी एवं हमारा स्टाफ के साथ शहर के सभी थानों में पेट्रोलिंग कर संदिग्ध स्थान एवं व्यक्ति कि जांच.पड़ताल की गई जिसके दौरान थाना तोरवा से 2 किलो 100 ग्राम गांजा कीमत 12000, 367 नग नशीली नाइट्रोसिन टेबलेट कीमत 1910 रुपए जप्त। सरकंडा से 25 पावर देसी शराब, 7 पाव अंग्रेजी शराब कुल कीमती 2060 रुपए एवं 1500 ग्राम गांजा कीमती 2500 रुपएए कोतवाली से 870 ग्राम गांजा कीमती 4500 रुपए,250 नग नाइट्रोसन टेबलेट कीमती 7000, 150 नग एविल इंजेक्शन कीमती 900। सिरगिट्टी से 4 किलो गांजा कीमती 20000। कोटा से 2 लीटर महुआ शराब कीमती 200।

सिविल लाइन से पटाखा कीमती 50000। पेंड्रा से 1.30 लीटर महुआ शराब कीमती 150। मस्तूरी से 4 लीटर महुआ शराब कीमती 400। रतनपुर से 6.5 लीटर महुआ शराब कीमती 650। तारबहार से 1 किलो 200 ग्राम गांजा कीमती 4000, के साथ कुल 18 आरोपियों राजकुमार, शुभम, विनोद, रामसागर, शत्रुघन, नकुल, जगदीश, अंजुम, विजय, सुनील, परदेसी, रमेश, कैलाश, विजय, नरेश, अकील अहमद, रंभा, बंटी, संतोष जिनके खिलाफ कार्यवाही कर न्यायालय पेश किया जा रहा है दीपावली त्यौहार को मद्देनजर रखते हुए इस प्रकार की कार्यवाही पुलिस द्वारा निरंतर जारी रखी जाएगी।

# समयबद्धता, संरक्षा के लिए महाप्रबंधक ने ली बैठक

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मुख्यालय में समय समयबद्धता एवं संरक्षा से संबंधित एक बैठक का आयोजन किया गया। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे महाप्रबंधक, गौतम बनर्जी ने इस बैठक में ट्रेनों की समय समयबद्धता एवं संरक्षा के बारे में जानकारी ली एवं इन विषय पर बैठक में वीडियो कान्फ्रें सिंग के माध्यम से तीनो रेल मंडलों बिलासपुर, रायपुर तथा नागपुर के मंडल रेल प्रबंधको सहित मुख्यालय के विभागध्याक्षों सम्मिलित हुए। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के तीनो मंडलों बिलासपुर, रायपुर तथा नागपुर में यात्री गाड़ियों की समयबद्धता का मूल्यांकन किया गया तथा इसके साथ ही साथ वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से तीनो मंडलों बिलासपुर, रायपुर तथा नागपुर में संरक्षा को ज्यादा से ज्यादा सुनिश्चित करनें तथा यात्री गाड़ियों की समयबद्धता में उतरोत्तर सुधार हेतु आवश्यक निर्देश दिये। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के तीनों रेल मंडलों की गाडियों एवं यहां से गुजरने वाली गाड़ियों की समयबद्धता के सुधार के विषय में मंडलों द्वारा सतत प्रयास की जा रही है जिसके फ्लस्वरूप समयबद्धता में वर्तमान में आज 21 अक्टूबर, 2019 को समयबद्धता का प्रतिशत मेल एक्सप्रेस गाडियों का 91.89 प्रतिशत, सवारी गाड़ियों का 93.51 प्रतिशत तथा इस प्रकार आज दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे का प्रतिशत 92.98 प्रतिशत रहा है। समयबद्धता के इस प्रतिशत को कायम रखने एवं और अधिक विकास के प्रयास किये जा रहे है। झारसुगुडा-नागपुर के मध्य यात्री गाडियों की औसत वृद्धि को और भी अधिक बढाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। आज की इस संरक्षा बैठक में सर्वप्रथम विडियो कांफ्रेन्सिंग के माध्यम से तीनो मंडलो के अंतर्गत किये जा रहे सुरक्षा व संरक्षा से संबंधित कार्यो की जानकारी लेते हुये दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में संरक्षा के सभी मापदंडों को पूरा करते हुए संरक्षित एवं सुरक्षित रुप से गाड़ियों के निर्बाध परिचालन के मुद्दों पर भी व्यापक चर्चा की गई। गाड़ियों के परिचालन के साथ ही साथ रेल लाइनों, ओएचई तथा अन्य मरम्मत एवं रखरखाव कार्य हेतु लिये जाने वाले ब्लाक के दौरान समय का भरपूर उपयोग करने एवं अधिक से अधिक आउटपुट प्राप्त करने हेतु भी महाप्रबंधकके द्वारा दिशा निर्देश दिये गए। साथ ही साथ रेल परिचालन के लिए जुडे तकनीकि कार्यो को निष्पादित करते समय नियमपूर्वक ही कार्य किये जाने की हिदायत दी। रेल परिचालन में मुख्य भूमिका निभाने वाले एवं रेल संरक्षा में महत्वपूर्ण स्थान रखने वाले क्रू कर्मचारियों को ड्यूटी के दौरान उपलब्ध कराये जानेवाली जरुरी सुविधाओं पर भी समीक्षा की गई।

# लकड़ी व्यापारियों पर दबाव बना रहा वन विभाग का उड़नदस्ता

## उनदस्ता प्रभारी भोंडेकर की वसूली से व्यापारी परेशान

■ पूर्व वनमंडलाधिकारी की समझाइश बेअसर

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

जिले में सबसे ज्यादा विवादित यदि कोई विभाग है तो वो है वन विभाग राजनांदगांव जब्त की गई गाड़ियों को छोड़ने का मामला हो, चाहे बिना टीपी की गाड़ियों से अवैध वसूली का मामला हो या फिर टेंडर में लाखों की गड़बड़ी का मामला, इन सब विवादों से वन विभाग का गहरा नाता रहा है। पिछले समय भाजपा के कार्यकाल में वन विभाग ने उड़नदस्ते पर रोक लगा रखा था लेकिन अब सत्ता परिवर्तन के बाद शुरू किये गए उड़नदस्ते की टीम ने लकड़ी व्यापारियों में हड़कंप मचा रखा है।

उड़नदस्ते की टीम से हर समय परेशान रहने वाले व्यापरी अब दिवाली के समय कुछ ज्यादा ही परेशान हैं। ज्ञात हो कि पायनियर ने अपने पिछले अंकों में उड़नदस्ते के कारगुजारियों का खुलासा किया था। शहर के कुछ लकड़ी व्यापारियों ने पायनियर को नाम ना छापने की शर्त पर यही भी बताया था की किस तरह से उड़नदस्ता प्रभारी डिप्टी रेंजर भोंडेकर उन पर दबाव बना कर अवैध वसूली को अंजाम दे रहे हैं। अब जब त्यौहार सामने है तो इन्होंने लकड़ी व्यापरियों का जीना हराम कर दिया है। बिना किसी सूचना के सिर्फ चेकिंग के नाम पर इन्हें परेशान करने का तरीका निकाल लिया है। कैलाश नगर, कंचन बाग, जी ई रोड सहित शहर के कई व्यापारियों ने पायनियर को बताया कि बड़े अधिकारियों तक पैसा पहुंचाने की बात कहकर किस तरह से उनसे दबाव बनाकर जमकर अवैध वसूली की जा रही है।


डीएफओ की समझाइश के बाद भी उड़नदस्ते की टीम के जरिए ताबड़तोड़ वसूली जारी


उड़नदस्ता टीम अब लकड़ी ठेकेदारों को धमकाने में भिड़ी
दबाव बनाकर व्यवसाईयों को विभाग के कर्मचारी कर रहे परेशान

### डीएफओ ने कहा लिखित शिकायत पर करेंगे कार्यवाही

इस मामले में पूर्व वन मंडल अधिकारी पंकज राजपूत ने पायनियर से चर्चा के दौरान वसूली की बात को स्वीकार भी किया था और यह भी कहा था कि कुछ लोगों ने मौखिक शिकायत की है जिसकी वजह से उड़नदस्ते की टीम को समझाइस भी दिया गया है लेकिन अब पंकज राजपूत के जाने के बाद उड़नदस्ते की टीम शायद उनकी समझाइश को भूल चुकी है। इस मामले में नए डीएफओ सिंह का कहना है कि जब तक कोई लिखित शिकायत नहीं करेगा, तब तक कोई कार्यवाही नहीं की जायेगी। अब इस वसूली के मामले में सबसे बड़ी दिक्कत यह है कि लकड़ी व्यतापारियों को हमेशा वन विभाग वालों के साथ ही मिलकर काम करना है अब ऐसे में यदि व्यापारी व ग्रामीण लिखित में शिकायत करते हैं तो वो प्रत्यक्ष रूप से उनके दुश्मन हो जाएंगे जो वह नहीं चाहते। कुल मिलाकर इस मामले में यह साफ नजर आता है कि एक के बाद नए आने वाले सभी वन मंडल अधिकारी में उड़नदस्ते कि वसूली को शह देने का काम कर रहे हैं जबकि उन्हें इस मामले में तत्काल लगाम लगाना चाहिए ।

## स्वास्थ्य केन्द्रों की सुविधाओं पर दौड़ाई नजर



# नई दिल्ली से पहुंची सीआरएम की टीम

पायनियर संवाददाता < डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

नगर सहित अंचल में स्वास्थ्य सुविधाओं का नब्ज टटोलने नई दिल्ली से सीआरएम की टीम डोंगरगांव विकासखंड पहुंची। टीम ने अंचल के प्राथमिक एवं उपस्वास्थ्य केन्द्रों में जाकर स्वास्थ्य सुविधाओं का निरीक्षण किया। टीम ने मौके पर मरीजों सहित आमजनों से भी जायजा लिया।

केन्द्रीय टीम ने केन्द्रों में सेवा कार्यो की प्रशंसा कर बेहतर करने प्रोत्साहित किया। टीम ने मुख्यालय नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवा दे रहे स्वास्थ्य अमले की प्रशंसा भी की।

भारत सरकार नई दिल्ली से पहुंची सीआरएम की टीम ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र टप्पा, उपसवास्थ्य केन्द्र खम्हेरा सहित सामुदायिक स्वज्ञस्थ्य केन्द्र डोंगरगांव नगर में स्वास्थ्य सुविधाओं पर नजर दौड़ाई। टीम के सदस्यों ने मरीजों से भी फीडबैक लिया। केन्द्र से आई टीम ने मरीजों के परिजनों से भी मुखातिब हुए। ब्लाक के ग्रामीण स्वास्थ्य केन्द्रों में मातृत्व एवं शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम के साथ संचालित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के कार्यो से अवगत हुई।

सीआरएम नई दिल्ली की टीम द्वारा मौके पर सामुदायिक स्वस्थ्य केन्द्र की ओर से प्रदान किए जाने वाले वॉकर स्टीक का भी वितरण कर बुजुर्गो से बात की।

इस अवसर पर विकासखंड चिकित्सा अधिकारी श्रीमति रागिनी चंद्रेए बीपीएम राकेश कुर्रे सहित अस्पताल प्रबंधन के डॉक्टर, सर्जन,नर्स सहित समस्त स्टॉफ मौजूद थे।

# निः शुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर आयोजित

पायनियर संवाददाता < छुरिया
www.dailypioneer.com







आयुष स्वास्थ्य मेला का आयोजन संचालनालय आयुर्वेद, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी,सिध्द एवं होम्योपैथी आयुष छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार जिला आयुर्वेद अधिकारी राजनांदगांव के मार्गदर्शन में विकासखण्ड छुरिया में निः शुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर का शुभारंभ विधायक छन्नी साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष राजकुमारी सिन्हा, डॉ आरके पासी बीएमओ चुम्मन साहू अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, सिद्धिक मेमन पीसीसी मेम्बर, तरुण सिन्हा महामंत्री, रितेश जैन महामन्त्री, राहुल तिवारी की के द्वारा भगवान धनवंतरी की पूजा अर्चना कर शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर प्रभारी डॉ अनिरुद्ध पटेल, डॉ तपेश्वर सिंह,डॉ अन्नपूर्णा मिश्रा, डॉ योगेश्वरी ठाकुर, डॉ नरोत्तम नेताम, डॉ आलोक कल्चुरी व फ र्मासिस्ट देवदास साहू, जगदीश साहू, हीरालाल सोनबोइर, छगनलाल मलेकर, सरोज लता देवांगन औषधालय सेवक दीपक, तोमन लाल ठाकुर, दुजलाल कुंजाम, भोगराम चन्द्रवंशीए गौतम घरडे, दिलीप, तेजपाल यादव ने अपनी सेवाएं दी। शिविर में कुल 784 मरीजों का स्वास्थय परीक्षण कर निः शुल्क औषधि वितरण किया गया। शिविर का समापन रजिंदर पाल भाटिया पूर्व मंत्री की उपस्थिति में किया गया।

# डूब चुकी फसल और भीगे सोयाबीन ने चिंता बढ़ाई

■ फसल क्षति का प्रशासन ने किया अवलोकन
■ विगत दिनों हुई असामयिक वर्षा से किसान परेशान

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

असमय बारिश ने किसानों को पशोपेश में डाल दिया है। वनांचल क्षेत्र में फसल के ऊपर से पानी बह चुका है। खड़ी फसल गिली हो चुकी है। सोयाबीन की फसल को भी असमय बारिश से नुकसान पहुंचा है। जो फसल कट चुकी थी उसके भीग जाने से किसानों को बड़ा नुकसान पहुंचा है। इस नुकसान को लेकर राज्य सरकार ने राहत देने की तैयारियों के मद्देनजर प्रशासन को आंकलन की जिम्मेदारी सौंपी है।

**विगत दिनों जिले में क्रमशः** 10.2 मिमी एवं 11.1 मिमी वर्षा दर्ज की गई। जिले में कृषकों के द्वारा कुल 370808 हेक्टेयर रकबे में खरीफ की विभिन्न फसले ली गई है। जिसमें मुख्य रूप से धान एवं सोयाबीन फसलें है। असामयिक वर्षा से मुख्य रूप से धान एवं सोयाबीन फसल को क्षति होने की जानकारी प्राप्त हुई है। धान की फसल गिरने एवं कटाई उपरांत खेतों में रखे हुए धान करपा पानी में डूबने के कारण क्षति होना संभावित है। उप संचालक कृषि अश्वनी बंजारा, एआईसी बीमा कंपनी क्षेत्रीय प्रबंधक कीर्ति बेहरा एवं डॉ शत्रुहन प्रसाद के साथ 21 अक्टूबर को ग्राम घुमका के कृषक केशव प्रसाद जंघेल, आलोक वर्मा, चमरू वर्मा के सोयाबीन फसल का अवलोकन किया गया। जिसमें सोयाबीन की खड़ी फसलों में वर्षा के कारण दाने बदरंग हो गये है। इसी प्रकार फसल कटाई उपरांत सुखाने के लिये रखे फसल में अंकुरण होने से क्षति हुई है।प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनांतर्गत के कंडिका क्रमांक.13 (ग) स्थानीय आपदा की स्थिति में एवं (घ) फसल कटाई उपरांत खेत में सुखाने के लिये रखी हुई, फसल में नुकसान होने की स्थिति में योजनान्तर्गत निहित प्रावधानों के तहत् प्रभावित कृषकों को क्षतिपूर्ति राशि प्रदान करने का प्रावधान हैं।

### रखी हुई फसल में नुकसान होने की स्थिति में क्या होगा

फसल कटाई उपरांत खेत में सुखाने के लिये रखी हुई अथवा बंडलों में रखे हुए अधिसूचित फसल को प्राकृतिक आपदा यथा ओले, चक्रवात, चक्रवाती वर्षा एवं बेमौसम वर्षा से अधिसूचित इकाई में



25 प्रतिशत से अधिक क्षेत्रफल में फसलों की क्षति होती है, तो ऐसी स्थिति में सेंपल जांच कर सभी बीमित कृषकों को क्षति का भुगतान किया जाएगा। यदि अधिसूचित इकाई में 25 प्रतिशत से कम हानि होती है, तो उस सभी प्रभावित बीमित कृषकों को नुकसान की जांच कर नियमानुसार क्षतिपूर्ति हेतु पात्र घोषित की जाएगी। कृषक इसकी सूचना क्रियान्वित बीमा कंपनी को सीधे टोल फ्री नम्बर पर या लिखित रूप से राजस्व कृषि संबंधित बैंक को लिखित रूप से निर्धारित समय.सीमा 72 घंटे की भीतर बीमित फसल के ब्योरे, क्षति की मात्रा तथा क्षति के कारण सहित सूचित कर सकते है।

### 72 घंटे के भीतर सूचित करना होगा

स्थानीय जोखिमों यथा ओलावृष्टि, भूस्खलन, जलप्लावन, बादल फटना और प्राकृतिक आकाशीय बिजली से अधिसूचित फसल में नुकसान होने की स्थिति में व्यक्ति गत बीमित कृषकों को क्षतिपूर्ति दिये जाने का प्रावधान है। यदि किसी प्रभावित क्षेत्र में 25 प्रतिशत से अधिक हानि होती हैए तो संयुक्त समिति द्वारा सेंपल जांच कर उस इकाई में सभी बीमित कृषकों को क्षतिपूर्ति देय होगी। कृषक इसकी सूचना ि यान्वित बीमा कंपनी को सीधे टोल फ्री नम्बर पर या लिखित रूप से राजस्व/कृषि/संबंधित बैंक को लिखित रूप से निर्धारित समय.सीमा 72 घंटे के भीतर बीमित फसल के ब्योरे, क्षति की मात्रा तथा क्षति के कारण सहित सूचित कर सकते हैं। धान सिंचित एवं धान असिंचित फसलों पर जल प्लावन से होने वाली क्षति इस घटक में शामिल नहीं होगी। इस घटक के अंतर्गत अधिकतम देय सहायता, बीमित राशि के अध्याधीन प्रभावित क्षेत्र में आपदा घटित होने तक फसल की कास्त लागत के अनुपात में होगी।

# विधानसभा के 4 गांवों में बनेंगे गौरवपथ

■ विधायक की अनुशंसा से बनेंगे गौरवपथ



**डोंगरगांव नगर।** विधानसभा क्षेत्र के 4 गांवों में ग्राम गौरवपथ निर्माण होगा। विधायक दलेश्वर साहू की अनुशंसा से मुखयमंत्री ग्राम गौरव पथ योजना अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र के 4 गांवों के लिए 15 लाख प्रत्येक गांव यानी कुल 62 लाख रू की स्वीकृति मिली है। इस स्वीकृति से डोंगरगांव विकासखंड के आलीखुँटा, जंतर एवं विचारपुर नवागांव तथा डोंगरगढ़ विकासखंड के रामपुर में ग्राम गौरव पथ निर्माण होगा। विधायक दलेश्वर साहू ने विज्ञप्ति में बताया कि इन गांवों में लंबे अरसे से गौरवपथ की मांग की जा रही थी। उक्त स्वीकृति पर जिला पंचायत सभापति महेन्द्र यादवए जिला पंचायत सदस्य सोनूराम साहू, भावेश सिंह, जनपद उपाध्यक्ष मदन साहू, जनपद सदस्य मीना साहू, रमेश साहू, खेमचंद साहू सहित कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने सीएम भूपेश बघेल, पंचायत मंत्री टीएस सिंहदेव, प्रभारी मंत्री मोहम्मद अकबर व विधायक दलेश्वर साहू के प्रति आभार व्यक्त किया है।

# निगम आयुक्त से मिले आसिफ, राशन कार्ड में त्रुटि सुधारने की मांग की

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

उत्तर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आसिफ अली ने कहा कि राशन कार्ड में हो रही त्रुटि के चलते आम जनता को परेशानी हो रही हैं। वही वार्ड नंबर 11 राजेन्द्र प्रसाद वार्ड स्टेशन पारा में राशन कार्ड हितग्राहियों के वार्ड को बदलकर राशन कार्ड में गजानंद माधव मुक्तिबोध वार्ड लिख दिया गया हैं।

जिसकी वजह से आम जनता को राशन के लिए भटकना पड़ रहा हैं। उन्होंने बताया कि



कुछ कार्डधारी पात्र हितग्राहियों को भी त्रुटिवश अपात्र घोषित कर दिया गया हैं, उन्हें भी पात्र करने एवं दीपावली त्यौहार के पहले राशन दिलवाये जाने की जानकारी नगर निगम के आयुक्त को दी।

आयुक्त ने विभाग से संबधित अधिकारी को तत्काल कार्ड में सुधार करवाने एवं राशन दिलवाने कहा। आसिफअली के साथ उत्तर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष अमित जंघेल, महामंत्री हितेश गोन्ताडे, प्रवक्ता गुड्डा खान, शिवम गढ़पायले, छोटू यादव उपस्थित थे।

# मेरी कविता - मेरा ट्रेंड में छाईं कवियत्री

**डोंगरगांव नगर।** अंचल की उभरती कवियत्री शशिकला कठोलिया को साहित्यिक वेब पेज पर सराहना मिल रही है। कठोलिया द्वारा भ्रूण हत्या पर रचित कविता को बेहद पसंद किया जा रहा है। मेरी कविता मेरा ट्रेंड साहित्यिक वेब पेज पर कवियत्री कठोलिया को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ है।



साहित्य क्षेत्र में कवियत्री को बधाइयां प्रेषित की जा रही हैं। उल्लेखनीय है कि बेटी बचाओ अंतर्गत भ्रूण हत्या को वेब पेज के माध्यम से हजारों लोगों ने पढ़ा और खूब पसंद किया है। कवियत्री ने भ्रूण हत्या पर कटाक्ष करते हुए संदेश दिया गया है। भ्रूण हत्या को अपराध निरूपित करते हुए बताया है कि भ्रूण हत्या ना रोका गया तो एक दिन यह संसार सिमट सी जाएगी। साहित्यिक वेब पेज में साप्ताहिक कविताओं को ज्यादा पढने व पसंद करने पर प्रमाण पत्र प्रदान दिया जाता है। शशिकला कठोलिया डोंगरगांव के अमलीडीह निवासी हैं। वे दीवानभेड़ी में बतौर शिक्षिका पदस्थ हैं। विद्यालय परिवार सहित ईष्टजनों ने शुभकामनाएं दी है।

## लालबाग स्थित दफ्तर में करेंगे प्रदर्शन, कलेक्टर को ज्ञापन सौपेंगे

# आज मजदूर खोलेंगे मोर्चा, राजा राम मेड प्रोडक्ट के खिलाफ होगा प्रदर्शन

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

मेसर्स राजाराम मेड प्रोडक्ट में मजदूरों की खिलाफत थमने का नाम नहीं ले रही है। मजदूरों और प्रबंधन के बीच बोनस को लेकर रार चल रही है। इस बार कारखाना प्रबंधन ने उन्हें 8.33 प्रतिशत बोनस ही देने का निर्णय लिया है। यह बोनस बीते सालों की तुलना में कही कम है। प्रबंधन का कहना है कि मंदी के हालात के चलते कारखाने की आय पर फर्क पड़ा है जिसके चलते उन्होंने यह निर्णय लिया है। दूसरी ओर मजदूर इसे बहाना बता रहे हैं। अब इस मुद्दे को लेकर बुधवार को सैकड़ों मजदूर प्रदर्शन करने वाले हैं। राजाराम मेज प्रोडक्टस मोहड.भोथीपार पिछले 34 वर्षो से संचालित है। कंपनी में 5 सौ से अधिक श्रमिक कार्यरत है। मजदूरो को पिछले 30 वर्षो से 20 प्रतिशत की दर से बोनस भुगतान किया जा रहा था। इस वर्ष अचानक 8.33 प्रतिशत का नोटिस कंपनी द्वारा चस्पा करने से श्रमिकगण पिछले 4 दिनों से आंदोलित है। श्रमिक तीनों पालियों मे नारे बाजी कर डयूटी कर रहे हैं।




### प्रबंधन पर उल्लंघन का आरोप

मजदूर धनाजीत गोड़, हरी राम साहू ने बताया कि कारखाना मालिक मजदूरों का शोषण कर रहे है। यहां काम के बदले हमारा खून चूसा जा रहा है। उन्होंने बताया कि बंद के दिन भी हमसे काम लिया जाता है जिसका भुगतान एक हाजिरी का वेतन दिया जाता है। 8 घंटे ड्यूटी के उपरांत ओवरटाइम का पैसा भी नहीं मिलता। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ श्रम अधिनियम के अंतर्गत न्यूनतम वेतनमान के कारखाना के मालिक द्वारा खुला उलंघन किया जा रहा है। मजदूरों ने एक स्वर में कहा कि उनकी शिकायतों पर अब तक कोई सुनवाई नहीं हुई है। ऐसे में वे कारखाना बंद कर अनिश्चितकालीन हड़ताल कर उग्र आंदोलन पर उतर आए हैं।मजदूरों ने यहां कार्यरत व्यक्ति मूलचंद साहू पर भी आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि छुट्टी और कैजुअल छुट्टी टाइम कीपर द्वारा भरा जाता है जो अपनी मनमानी करता है।

**श्रमविभाग को अवगत कराया**

मजदूरों का कहना है कि उन्होंने इस मामले को लेकर श्रम विभाग सहित जिला प्रशासन को अवगत कराया है लेकिन अभी तक बैठक आयोजित नहीं की गयी। इसे लेकर श्रमिक अब 23 अक्टूबर को छतीसगढ़ मुक्ति मोर्चा के अध्यक्ष भीमराव बागड़े के नेतृत्व में रैली प्रदर्शन व सभा करेगें। उसके लिए श्रमिकगण नंदई चौक में सुबह 10 बजे एकत्रित होंगे। वहां से रैली शुरु कर राजनांदगांव शहर भ्रमण करके कंपनी का कार्यालय, निवास लालबाग में प्रदर्शन के पश्चात जिला कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन जिला कलेक्टर को सौंपेंगे।

# सभी को मिलना चाहिए झुग्गी झोपड़ी का पट्टा : शिव वर्मा

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

नगर निगम सभापति एवं भाजपा नेता शिव वर्मा ने कहा कि आधे से ज्यादा शहरवासियों को प्रदेश शासन की योजनाओं का कोई लाभ नहीं मिल रहा है। सरकार का काम सिर्फ हवाहवाई ही नज़र आ रहा है।

उन्होंने कहा कि जिले के प्रभारी मंत्री ने कह दिया कि सभी हितग्राहियों को राशन मिलेगा लेकिन 2 हजार से ज्यादा राशनकार्डधारी को अपात्र घोषित कर उन्हें राशन से वंचित किया गया है। अब प्रदेश की भूपेश बघेल सरकार गरीबो को उनके झुग्गी-झोपड़ी का पट्टा देने की बात कह रही है लेकिन इस दावे मे भी कोई दम नहीं दिख रहा। उक्त वादे के सामने वोटों का लालच है जो नगरीय निकाय चुनाव को देखकर किया गया है।

वर्मा ने कहा कि गरीबों को झुग्गी.झोपड़ी के पट्टे देने के नाम पर किया गया सर्वे वंचित परिवार तक नही पहुंच पाया है। केवल दिखावे के नाम पर सर्वे किया गया है। पिछले बार भी जो पट्टा वितरण किया गया था उसमें जमकर भाई.भतीजा वाद हुआ था। उस बार भी वास्तविक गरीब पट्टे से वंचित रह गये।

वर्मा ने कहा कि इस पट्टा वितरण कार्य मे कोई भी गरीब पट्टे से वंचित न रह पाए। परिवार का मुखिया यदि खत्म हो गया है तो उनके परिवार के सदस्य के नाम पर पट्टा जारी किया जाए। पूर्व मे यदि किसी कारण से कई पट्टेधारी अपना मकान बेच चुके है तो खरीदार के नाम से पट्टे जारी किये जाए।

किसी भी क्षेत्र के सड़क चौडीकरण की चपेट मे आने वाले घर वालों को भी पट्टा दिया जाए। तभी कांग्रेस की कथनी और करनी एक दिखेगी।

# मंत्री लखमा के बयान ने मचाई खलबली, कहा एक बार किया अब नहीं होगा किसानों का कर्जा माफ

## नगरीय निकाय चुनाव के ठीक पहले दिये इस बयान से गरमा सकती है राजनीति



पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

प्रदेश के आबकारी एवं उद्योग मंत्री कवासी लखमा के बड़े बयान ने राजनीतिक गलियारे में खलबली मचा दी है. धमतरी प्रवास के दौरान मीडिया से चर्चा करते हुए लखमा ने कहा है कि एक बार किसानों का कर्जा माफ कर दिया है, अब आने वाले वर्षो में सरकार किसानों का कर्ज माफ नहीं करेगी. मंत्री लखमा ने कहा कि कर्जमाफी के बाद किसानों ने और अधिक मात्रा में बैंकों से कर्ज लिया है. उन्होंने कहा कि भूपेश सरकार ने किसानों का धान 2500 रुपये में लेने का ऐलान किया था और जब तक यह सरकार है किसानों का धान इस कीमत पर खरीदेंगे.आपको बता दें कि मंत्री कवासी लखमा अपने बयानों को लेकर लगातार मीडिया की सुर्खियों में बने हुए हैं, कुछ दिनों पहले उन्होंने अपने गृहग्राम में बलि प्रथा फिर से प्रारंभ करने की बात कही थी. इस बयान को लेकर भी सियासी गलियारों में बवाल मचा हुआ है, हालांकि सीएम भूपेश बघेल ने मामले को शांत करते हुए कहा था कि उन्हें समझाया जाएगा. लेकिन यह मामला शांत होता उससे पहले ही फिर से बड़ा बयान सामने आ चुका है. कर्जमाफी की जिस घोषणा की बदौलत छत्तीसगढ़ में कांग्रेस पार्टी की बड़ी जीत हुई थी।

### हर बार किसानों की कर्जमाफी नहीं होगी: भूपेश



छत्तीसगढ़ में किसानों की कर्जमाफी को लेकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बड़ा बयान दिया है. सीएम ने कहा कि, 'प्रदेश में हर बार किसानों की कर्जमाफी नहीं होगी'.मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि, 'एक बार किसानों का कर्ज माफ किया जा चुका है. हमनें एक बार कर्जमाफी का वादा किया था और एक बार कर्जमाफी हो चुकी है. बार-बार कर्ज माफ नहीं किया जाएगा'.सीएम ने कहा कि, 'धान खरीदी हर साल की जाएगी, लेकिन कर्जमाफी का एलान एक बार के लिए ही किया गया था'.बतादें की बड़ी संख्या में प्रदेश के किसानों ने कांग्रेस की सरकार बनने के बाद भी बैंकों से कर्जा लिया है, जिसे माफ़ करने की उठती मांग को देखते हुए पहले तो आबकारी मंत्री कवासी लखमा और अब स्वयं मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भी साफ-साफ कर्ज माफी करने से इंकार कर दिया है।

# राज्यपाल से ओपी चौधरी के खिलाफ जमीन हड़पने की आदिवासियों ने की शिकायत

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



पूर्व कलेक्टर और भाजपा नेता ओपी चौधरी ने दंतेवाड़ा की जिस जावंगा एजुकेशन सिटी के नाम पर शोहरत कमाई, उसी में उनके खिलाफ आदिवासियों की जमीन धोखे से छीनने के आरोप लग रहे हैं। दंतेवाड़ा के बड़े पनेड़ा गांव के दर्जनों ग्रामीणों ने सोमवार को राज्यपाल अनुसूईया उइके से मिलकर ओपी चौधरी की शिकायत की। ग्रामीणों ने राज्यपाल को एक ज्ञापन सौंपकर बताया, दंतेवाड़ा की तत्कालीन कलेक्टर रीना बाबा साहेब कंगाले ने 17 लोगों को उस जमीन पर वन भूमि का पटटा दिया था। 2010-11 में वहां कलेक्टर रहते हुए ओपी चौधरी ने जवांगा एजुकेशन सिटी के लिए उन लोगों से जमीन खाली करने को कहा। उन लोगों ने जमीन नहीं दी तो थानेदार को बोलकर दिनभर थाने में बिठाए रखा। माओवादी सहयोगी बताकर फंसाने की धमकी दी। इसकी वजह से वे लोग चुप हो गए। कलेक्टर ने चुपके-चुपके गांव के पटवारी से प्रतिवेदन दिलवाकर उनका वन अधिकार पत्र निरस्त करा दिया। उनकी जमीन ले ली गई। उस समय दूसरी जगह पटटा देने, बच्चों को निःशुल्क पढ़ाने और परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने का भी वादा किया था, लेकिन उसे पूरा नहीं किया गया। दूसरी जमीन का वन अधिकार पत्र दिया गया है, लेकिन कब्जा आज तक नहीं मिला।

## नगरीय निकाय चुनाव

# कांग्रेस की हार पक्की, भाजपा 50 वार्डों में लहराएगा झंडा - रमन



■ भाजपा की दोहरी तैयारी, चुनाव भी लड़ेंगे और प्रक्रिया के खिलाफ कोर्ट भी जाएंगे .

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ में उपचुनाव संपन्न हो चुके हैं अब कांग्रेस और भाजपा दोनों ही पार्टी नगरीय निकाय चुनाव के लिए जमीनी स्तर पर कार्य करना शुरू कर चुके हैं। प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के द्वारा चुनाव प्रक्रिया में बदले नियम पर पूर्व सीएम रमन सिंह भी तमाम बातें कह रहे हैं उसी बीच छत्तीसगढ़ भाजपा के दोहरी रणनीति भी देखने को मिली है। जब पूर्व सीएम ने कहा, हम चाहते हैं कि जनता का अधिकार बना रहे और जनता के माध्यम से ही महापौर का निर्वाचन हो, लेकिन भूपेश सरकार ने पहले ही हार मान ली है और अप्रत्यक्ष प्रणाली से चुनाव करा रही है। बैठक को संबोधित करते हुए डॉ. रमन ने कहा, इस चुनाव में सभी कार्यकर्ता अपनी दावेदारी कर सकते हैं। पार्षद से ही राजनीति की शुरुआत होती है। इसके माध्यम से ही राजनीति के चरम पर पहुंचा जा सकता है। इस दो बड़ा उदाहरण में मैं और रमेश बैस है। उन्होंने आगे कहा कि दावेदारी के बाद पार्टी जिसे टिकट देगी, उसके लिए काम करना होगा।

उन्होंने रायपुर निगम में 50 पार्षदों के जीतने का दावा किया है। रमन ने कहा, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भयभीत है। सरकार ने एक सर्वे करवाया था। इसमें 90 फीसदी निकायों में हार की रिपोर्ट आई थी। इसके बाद ही प्रक्रिया में बदलाव किया गया है। उन्होंने कहा, कांग्रेस को उसके कर्म ही ले डूबेंगे। बैठक को रायपुर के चुनाव प्रभारी खूबचंद पारख ने भी संबोधित किया।

**जीतने से ही बदलेंगे हालात**

संगठन और निकाय चुनाव की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री व विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने कहा, पहले की तुलना में अभी परिस्थिति अनुकूल नहीं है। इसके हिसाब से ही हमें संघर्ष करना होगा। जीत मिलने के बाद ही रास्ते आसान हो सकते हैं। सभी कार्यकर्ता पूरी ताकत के साथ चुनाव में अपनी सहभागिता निभाएं।

**30 और 31 को होगा मंडल अध्यक्षों का चुनाव**

बैठक में बूथ समितियों के गठन की जानकारी ली गई। इसके साथ ही मंडल अध्यक्षों के चुनाव के लिए 30 और 31 अक्टूबर की तिथि तय कर दी गई है। रायपुर शहर में भाजपा के 16 मंडल है। बैठक में यहां चुनाव कराने के लिए पर्यवेक्षकों के नामों की भी घोषणा कर दी गई। पर्यवेक्षक जाकर एक नाम पर सहमति बनाएंगे।

# प्रदेश महिला कांग्रेस की कार्यकारणी बैठक में नगरी निकाय चुनाव के लिए बजाया जीत का बिगुल



पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

### जिस वार्ड में महिला आरक्षित या महिला सामान्य है उस वार्ड में सक्रिय महिला को ही टिकट दिया जाएगा

प्रदेश महिला कांग्रेस कार्यकारिणी की बैठक प्रदेश मुख्यालय राजीव भवन शंकर नगर रायपुर में हुई। प्रदेश महिला कांग्रेस कार्यकारिणी की बैठक में महिला कांग्रेस की छत्तीसगढ़ प्रभारी सुनीता सेहरावत नगरी निकाय चुनाव के बारे में चर्चा करते हुए कहा कि जिस वार्ड में महिला आरक्षण है उस वार्ड से सक्रिय महिला कांग्रेस के पदाधिकारी को टिकट दिया जाएगा। जो महिलाएं जमीनी स्तर पर काम किए हैं उस महिला को टिकट दिया जाएगा। ना किसी की बीवी को और ना किसी के बहन को और ना किसी के मां को दिया जायेगा। राष्ट्रीय सचिव शतिका ने कहा है कि यहां संगठन बहुत ही मजबूत है। इसलिये विधानसभा में बम्फर जीत मिला जिसमें महिला का कार्य सराहनीय है। इस ऐतिहासिक जीत के लिये महिला कांग्रेस को श्रेय जाता है। नगरीय निकाय चुनाव में भी भाजपा का सूपड़ा साफ करना है। प्रदेश कांग्रेस महामंत्री एवं महिला कांग्रेस के प्रभारी शैलेश नितिन त्रिवेदी ने कहा है कि कांग्रेस पार्टी ऐसी पार्टी है जिसमें महिलाएं नेतृत्व करती आ रही है और अभी भी महिलाएं ही नेतृत्व कर रही है। कांग्रेस पार्टी में महिलाओं को बड़ा ही मान सम्मान दिया जाता है।

PRP तकनीक द्वारा गंजेपन का ईलाज
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स माल के पास, रायपुर
9827143060/8871003060
Ajay Advt.

# पहले 4601 करोड़ के ई-टेण्डर घोटाले का हिसाब दे रमन

■ फिर ई-टेण्डर की प्रक्रिया में सुधार पर आपत्ति करें
■ घोटाला रोकने वाले हर कदम से रमन सिंह को क्यों तकलीफ होती है?

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

ई-टेण्डर मामलें में प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री और संचार विभाग के अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी ने कहा है कि कांग्रेस की सरकार पारदर्शिता के साथ काम कर रही है। रमन सिंह जी के कार्यकाल में 4601 करोड़ का टेण्डर घोटाला हुआ था। अच्छा काम करने वाली कांग्रेस सरकार पर रमन सिंह जी झूठा आरोप लगा रहे है। ई-टेंडर को लेकर भाजपा और पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह की बयानों पर कांग्रेस कड़ी निंदा करती है। यह भुलाया नहीं जा सकता है कि रमन सिंह के शासनकाल में ई-टेण्डर में ही चिप्स में बड़ा घोटाला हुआ था। नंवबर 2015 से लेकर मार्च 2017 तक 1459 टेंडर डालने के लिये एक ही ईमेल आईडी का इस्तेमाल किया गया था। 17 विभागो के अधिकारियों ने 4601 करोड़ के टेण्डर में 74 एकसेस कम्प्यूटरों का इस्तेमाल निविदा अपलोड करने में किया गया और उन्हीं कम्प्यूटरों का इस्तेमाल निविदा भरने के लिये भी किया गया, यह स्पष्ट रूप से बड़ा घोटाला था। आज कांग्रेस की सरकार, भूपेश बघेल जी की सरकार पारदर्शिता से काम कर रही है तो रमन सिंह झूठे आरोपों का सहारा ले रहे है। प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री और संचार विभाग के अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी ने कहा है कि रमन सिंह सरकार ने ई-टेण्डर से बाहर की फर्मो और ठेकेदारों को पिछले दरवाजे से फायदा पहुंचाया गया। ई-टेण्डर का नाम तो लिया गया भ्रष्टाचार कम करने के लिये और पारदर्शिता बढ़ाने के लिये, लेकिन रमन राज में ई-टेण्डर की पूरी प्रक्रिया दूषित और पक्षपातपूर्ण रही। इसका इस्तेमाल सिर्फ अपने



चहेते ठेकेदारों को बढ़ावा देने के लिये और उनके आर्थिक हितलाभ के लिये किया गया। बड़े-बड़े टेण्डर जानबूझकर ई-टेण्डर प्रक्रिया से ही किये गये। ई-टेण्डर प्रक्रिया का दुरूपयोग अपने चहेतों ठेकेदारों को काम देने भ्रष्टाचार और कमीशनखोरी को बढ़ावा देने के लिये किया गया। ई-टेण्डर से प्रदेश के बाहर के भाजपा समर्पित ठेकेदारों को काम दिया गया। आरएसएस और भाजपा से जुड़े लोगों को ठेकेदारी में लाभ पहुंचाने के लिये ई-टेण्डर प्रक्रिया का दुरूपयोग करने के लिये जिम्मेदार रमन सिंह जी और भाजपा नेता आज इस प्रक्रिया की वकालत कर रहे।

**कर्जमाफी का मसला कांग्रेस और भाजपा के बीच के अंतर को स्पष्ट करता है:** कर्जमाफी के मुद्दे पर प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री और संचार विभाग के अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा चुनाव में भी और विधानसभा चुनाव में भी वादा किया था कि हम स्वामीनाथन कमेटी के सिफारिश लागू करेंगे। लागत मूल्य पर किसानों को 50 प्रतिशत लाभ दिया जायेगा। वादा तो किया भाजपा ने लेकिन भाजपा की सरकारो ने इस वादे को पूरा नहीं किया। इसके कारण किसान लगातार कर्ज के बोझ में दबते चले गये। किसान कर्ज के बोझ के चलते आत्महत्या करने को मजबूर हो गये। रमन सिंह सरकार में तो रोज किसी न किसी किसान की आत्महत्या की घटना सामने आती जिसके मूल कारण किसानो के बोझ में दबा होना और फसल का सही दाम नहीं मिलना था। भूपेश बघेल जी की सरकार ने, छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार ने सत्ता सम्हालते ही सबसे पहले किसानों का कर्ज माफ किया और इसके बाद किसानों को 2500 रू. धान का दाम देना चालू किया। भूपेश बघेल सरकार द्वारा धान का मूल्य 2500 रू. प्रतिक्विंटल धान के लाभप्रद मिलने के कारण अब खेती घाटे का सौदा नहीं रह गयी है।

# राजधानी से सटे इलाके में पहुंचा 13 हाथियों का दल किसानों की फसल बर्बाद

**रायपुर।** हाथियों की दल से वन विभाग त्रस्त हो चुका है, लेकिन उन्हें काबू नहीं पा रहा है. यही वजह है कि महासमुंद जिले में दहशत फैलाने के बाद 13 हाथियों का दल अब रायपुर जिले में प्रवेश कर चुका है. आरंग विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सेजा और ग्राम डुमहा में हाथियों का पहुंच चुका है. उसमें 2 दंतैल हाथी भी शामिल है. हाथियों का दल रायपुर जिले में प्रवेश करते ही किसानों की फसलों की बर्बाद करना शुरु कर दिया है. गांव इलाके से गुजरते हुए हाथियों ने खेत में खड़े फसलों को चौपट कर आगे बढ़ गए.

श्री बालाजी हॉस्पिटल मोवा, रायपुर
मध्यभारत के अनुभवी एवं सुप्रसिद्ध कार्डियक सर्जन
बीटिंग हार्ट बाईपास सर्जरी
2,00,000/-
अब मात्र 1,60,000/-*
कार्डियक चेकअप मात्र 5,55*/-
एंजियोग्राफी मात्र 8,999*/-
*नियम व शर्तें लागू
आयुष्मान से इलाज एवं ऑपरेशन की सुविधा भी उपलब्ध
दुबे कॉलोनी, मोवा, रायपुर
9926191294,9340098466

23 October PIONEER BAZAAR 2019

मात्र 1 घंटे में गंजेपन से आजादी
More Then 10,000 Satisfied Customers
DIWALI OFFER 40%* OFF
OFFER 5 DAYS 22 TO 26 OCT.
दिवाली (26 Oct.) तक समय सुबह 9:30 से 7:30 बजे तक
लेटेस्ट सिलिकान बॉडिंग मनचाहा हेयर स्टाईल पायें
Man & Woman
15 वर्षों से हेयर एण्ड केयर®
www.hairandcareindia.com विविंग प्वांइट
रायपुर शॉप नं.-19, प्रथमतल समवेत शिखर परिसर, एकात्म परिसर के सामने रजबंधा मैदान, रायपुर, मो.: 98271-03630 फोन: 0771-4223630
बिलासपुर ए-214, श्रीनारायण प्लाजा, दूसरी मंजिल, श्रीकांत वर्मा मार्ग के सामने, लिंक रोड, बिलासपुर, मो.: 93006-60864, 98271-03630

दोना पत्तल मशीन
सेमी आटोमेटिक मशीन में दोना पत्तल बनाओ और बना हुआ माल हमे वापस देकर एक निश्चित आय का साधन बनावें। पिछले 11 वर्षों का विश्वनीय संस्थान
नोटः- कोर्ट एग्रीमेन्ट वालो से सावधान रहे। कादम्बरी ट्रेडर्स हिरापुर रोड, महोबा बाजार अंडर ब्रिज के पास रायपुर
मो:8982606073, 9424215173

ITR TDS GST
इनकम टैक्स रिटर्न फाईल मात्र 500/-
GST नम्बर / रिटर्न फाईल- TDS रिफंड
संपर्क करें शेखर गुप्ता 9300755544 9425165464
हमारे Tax Expert आपकी मदद करनें हेतु तैयार हैं।
देवेन्द्र नगर, रायपुर
WWW.ONLYTDS.COM

क्या आपके यहां बार-बार चोरी हो रही है?
क्या आप सस्ते कैमरे लगवाकर नाखुश है ?
तो ब्रांडेड कैमरे ही लगवायें
शहर से बाहर गोडाउन, घर एवं शॉप को मोबाईल पर लाईव देखें
हम सामान ही नही, सर्विस भी अच्छी देते है
सेल्स एण्ड सर्विस के लिए संपर्क करे -
लक्ष्मी सिक्यूरिटी सिस्टम
रावतपुरा कालोनी, बल्ला प्लॉट भाठागांव, रायपुर
91652-22223, 93292-94567

जय श्री कृष्णा
अंकित बाउण्ड्रीवॉल
अब आपके बेशकीमती प्लाट को सुरक्षित रखना हुआ आसान .....
प्रिकास्ट, ब्रिक्स बाउण्ड्रीवाल, डी.पी.सी. पोल फेसिंग करवाने हेतु संपर्क करें
V.I.P. रोड रायपुर
98279-59655

विज्ञापन हेतु जगह उपलब्ध
9827146567, 7723917757, 9329846567, 9303903469

होमलोन व माईगेजलोन
10 लाख से 10 करोड़ तक
राष्ट्रियकृत एवं प्रतिष्ठित बैंक द्वारा
होमलोन ब्याज दर मात्र 8.85 %*
माईगेज लोन ब्याज दर मात्र 10 %*
• कोई छुपा खर्च नही • कोई कमीशन नहीं
• फास्ट प्रोसेसिंग • घर बैठे सुविधा
वर्तमान होम लोन, माईगेज लोन एवं सी सी लिमिट को ट्रांसफर कराएँ कम ब्याज दर पर कोई प्रोसेसिंग शुल्क नही लिया जायेगा।
Shri Siddhi Vinayak Finance
Near Samudayik Bhawan, Jorapara, RAIPUR (C.G.)
Mo.9329002356

Contact for Advertisement- 7723917757, 9827146567, 9329846567, 9303903469

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा दबंग दुनिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि. पानी टंकी के पास मोवा रोड, दलदल सिवनी, दुबे कॉलोनी, रायपुर, छत्तीसगढ़ पिन-492001 से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-मोहन राव* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, प्रबंध संपादक-ए.एन. द्विवेदी, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2018-20, दूरभाष नंबर 0771, 2972403